www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
SUNDAY
नई दिल्ली, रविवार, 13 अगस्त, 2023
वर्ष – 16 | अंक –128 | पृष्ठ – 10
मूल्य –3.00 रु.
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

विरोधियों को शांत करने के लिए पुलिस को ज्यादा... पृष्ठ 02
■ स्वतंत्रता दिवस के चलते राजधानी दिल्ली में सुरक्षा ...
■ स्कूलों में हो बड़े खेलों का आयोजन : बोस 03
■ अनवर उल हक काकर बने पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री
■ फ्रांसीसी सैनिकों के हमले में 5 नाइजर सैनिकों की मौत 07
साहित्य
पुल पर बैठा बूढ़ा पृष्ठ 06
शरीर के रंग के लिए जिम्मेदार 135 नए मेलेनिन जीन की पहचान की पृष्ठ 10

## सार संक्षेप

### सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 25 तक बढ़ी



**चेन्नई।** चेन्नई की एक अदालत ने जेल में बंद तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 25 अगस्त तक बढ़ा दी है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 14 जून को मंत्री को गिरफ्तार किया था। ईडी अधिकारियों द्वारा पांच दिनों की हिरासत में पूछताछ के बाद अब वे चेन्नई की पुझल सेंट्रल जेल में वापस आ जाएंगे।

### 140 पुलिसकर्मियों को मिले केंद्रीय गृह मंत्री पदक




**नई दिल्ली।** जांच में उत्कृष्टता के लिए 22 महिला पुलिस अधिकारियों सहित 140 पुलिस कर्मियों को केंद्रीय गृह मंत्री पदक प्रदान किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री पदक की शुरुआत 2018 में की गई थी। इसका उद्देश्य अपराध की जांच के उच्च पेशेवर मानकों और उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष 12 अगस्त को की जाती है।

### प्रियंका गांधी ने शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के एक मंदिर में पूजा-अर्चना की। प्रियंका गांधी ने परमा एकादशी के अवसर पर दक्षिणी दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी मंदिर में भगवान शिव के मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की। प्रियंका गांधी वाड्रा ने ट्वीट किया, शनिवार को परमा एकादशी के शुभ अवसर पर दिल्ली के शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। भगवान महादेव सभी देशवासियों पर कृपा ब नाए रखें।

### पाठ्य पुस्तकें तैयार करने वाली समिति में सुधा मूर्ति शामिल



**नई दिल्ली।** स्कूली पाठ्य पुस्तकें तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति बनाई गई है। इस राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और शिक्षण सामग्री समिति में कई शिक्षाविद्, अर्थशास्त्री व विशेषज्ञ शामिल हैं। इनमें इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल, प्रसिद्ध संगीतकार व गायक शंकर महादेवन समेत अन्य सदस्य हैं।

### बावला-बगोदरा हादसे में मरने वालों की संख्या 12 हुई



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में बावला-बगोदरा राजमार्ग हादसे में दो और घायल लोगों की सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है।

# मणिपुर में जो रहा वो पहले नहीं देखा : राहुल

■ कांग्रेस नेता ने जनसभा में मणिपुर पर सरकार को घेरा
■ मणिपुर जल रहा है और मोदी मंत्रिमंडल हंस रहा है
■ सांसदी बहाली के बाद पहली बार वायनाड पहुंचे राहुल

**वायनाड,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा की सदस्यता बहाल होने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दौरे पर पहुंचे हैं। वायनाड में शनिवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर में हजारों लोग हैं जिन्होंने हिंसा को झेला है। किसी का घर जला दिया गया है, किसी की बहन के साथ दुष्कर्म किया गया है, और किसी के भाई और माता-पिता की हत्या कर दी गई है। यह ऐसा है जैसे किसी ने पूरे मणिपुर में मिट्टी का तेल फेंककर आग लगा दी।

राहुल गांधी ने कहा कि मैं कुछ समय पहले मणिपुर गया था। मैं 19 साल से राजनीति में हूं और मैंने कभी भी मणिपुर में जो अनुभव किया, ऐसा कभी अनुभव नहीं किया। आगे पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मणिपुर में हर जगह खून है, हर जगह हत्या हो रही है, मणिपुर में यही स्थिति है और प्रधानमंत्री ने संसद में 2 घंटे, 13 मिनट तक बात की लेकिन वह मणिपुर पर दो मिनट तक बोले, वे हंसे उन्होंने मजाक किया। उनका मंत्रिमंडल हँस रहा था, जोक कर रहा था। उन्होंने मोदी पर आरोप लगाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आप 'भारत माता' (



यह ऐसा है जैसे किसी ने पूरे मणिपुर में मिट्टी का तेल फेंककर आग लगा दी हो : **राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

मणिपुर) की हत्या के बारे में दो मिनट बोलते हैं। आप भारत के विचार का अनादर कैसे कर सकते हैं? आप वहां क्यों नहीं गए? आपने हिंसा रोकने की कोशिश क्यों नहीं की? क्योंकि आप राष्ट्रवादी नहीं हैं। जो कोई भी भारत के विचार की हत्या करता है वह राष्ट्रवादी नहीं हो सकता।

**ये नहीं समझते कि परिवार क्या होता है**

जोरदार हमला करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस नहीं समझते कि परिवार क्या होता है? वे यह नहीं समझते कि जितना वे तुम्हें और मुझे अलग करने की कोशिश करेंगे, हम उतने ही करीब आ जायेंगे। उन्हें लगता है कि अगर हम राहुल गांधी को अयोग्य घोषित कर देंगे तो वायनाड से उनका रिश्ता टूट जाएगा। अगर आप राहुल गांधी को अयोग्य करार देंगे तो वायनाड से उनका रिश्ता और भी मजबूत हो जाएगा।

**आदिवासी समुदाय के सदस्यों से भी मिले**

इससे पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ऊटी के पास मुथुनाडु गांव में टोडा आदिवासी समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की। राहुल गांधी से टोडा की महिलाओं ने उनसे कहा कि वह प्रधानमंत्री के रूप में इस स्थान पर लौटें।

**सांसदी जाने के 16 दिन बाद वायनाड गए थे राहुल**

इससे पहले राहुल गांधी सांसदी जाने के 16 दिन बाद 10 अप्रैल 2023 को वायनाड गए थे। तब उन्होंने यहां जनसभा में कहा था कि मेरी संसद की सदस्यता छीन ली गई। मेरा घर छीन लिया, मेरे पीछे पुलिस लगा दी, लेकिन इन सबसे मुझे फर्क नहीं पड़ता है।

## प्रधानमंत्री को हिंसा पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए पंचायत चुनावों में हुए खून-खराबे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर किए गए तीखे हमले के जवाब में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि उन्हें हिंसा और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री के भाजपा के पूर्वी क्षेत्र पंचायती राज कार्यशाला को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करने के बाद जारी वीडियो में मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव हिंसा के बारे में बात की है। यह वास्तव में भाजपा की राज्य इकाई द्वारा योजनाबद्ध और प्रचारित किया गया था। ग्रामीण निकाय चुनावों के दौरान भाजपा समर्थित गुंडों ने लगभग 17 लोगों की हत्या कर दी। प्रधानमंत्री को ऐसी बातें कहने से पहले राजनीतिक शिष्टाचार सीखना चाहिए। उन्हें ऐसे समय में पश्चिम बंगाल में हिंसा के बारे में बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है जब वह मणिपुर में स्थिति को नियंत्रित करने में वह असमर्थ हैं। बनर्जी ने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे को संबोधित करना ऐसे समय में प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता जब वह खुद भ्रष्टाचार के घेरे में हों।

# विपक्ष ने मणिपुर के साथ धोखा किया : मोदी

■ मणिपुर मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहता था विपक्ष
■ अविश्वास प्रस्ताव लाए, फिर मतदान से भाग गए
■ प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल हिंसा पर भी विपक्ष को घेरा



**नई दिल्ली,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि मणिपुर हिंसा पर हम संसद में शुरू से चर्चा करने के पक्ष में थे। विपक्ष के लोग सिर्फ राजनीति करना चाहते थे। वे अविश्वास प्रस्ताव लाए, फिर वोटिंग से भाग गए। विपक्ष ने मणिपुर के साथ धोखा किया। मोदी ने यह बात पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हो रहे भाजपा के पंचायती राज परिषद कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कही। प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल और मणिपुर हिंसा पर विपक्ष के रवैए और अपने 9 साल के कार्यकाल पर भी बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मानसून सत्र की शुरुआत से पहले गृह मंत्री अमित शाह ने सभी पार्टियों से कहा था कि वे मणिपुर मुद्दे पर चर्चा करना चाहते हैं, लेकिन विपक्ष ने मुद्दे पर चर्चा नहीं होने दी, क्योंकि वे जानते थे कि मणिपुर का सच सबसे ज्यादा उन्हें ही चुभेगा। विपक्ष लोगों के बारे में नहीं सोचता, उसे सिर्फ अपनी राजनीति से मतलब है।

**नकारात्मकता फैलाने वालों को मिला करारा जवाब**

प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमने संसद में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को हराया और पूरे देश में नकारात्मकता फैलाने वालों को करारा जवाब दिया। विपक्ष के सदस्य संसद बीच में ही छोड़कर चले गए। सच तो यह है कि वे अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से डर गए थे।

# दिल्ली सर्विस बिल समेत 4 विधेयक कानून बने



■ अफसरों के तबादले-नियुक्ति का केंद्र को मिला अधिकार
■ डेटा उल्लंघन पर 250 करोड़ तक का लगेगा जुर्माना
■ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दे दी है मंजूरी

**नई दिल्ली,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। संसद के मानसून सत्र में पास हुए दिल्ली सर्विस बिल समेत 4 बिलों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। शनिवार को केंद्र सरकार ने इनका गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया, जिसके बाद चारों बिल कानून बन गए।

इन बिलों में गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टैरिटरी ऑफ दिल्ली (अमेंडमेंट) एक्ट, डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, द रजिस्ट्रेशन ऑफ बर्थ एंड डेथ बिल और जन विश्वास बिल शामिल हैं। अब, डेटा प्रोटेक्शन बिल के प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों पर न्यूनतम 50 करोड़ से लेकर अधिकतम 250 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगेगा। वहीं, दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार केंद्र को मिल जाएंगे।

**दिल्ली में बहुमत के हिसाब से होगा फैसला**

नए कानून के तहत नेशनल कैपिटल सिविल सर्विसेज अथॉरिटी बनाई गई है। इसके अध्यक्ष दिल्ली के मुख्यमंत्री होंगे। दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी और होम डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल सेक्रेटरी इसके अन्य दो सदस्य होंगे। दिल्ली सरकार के अधिकारियों के अलावा बोर्डों-आयोगों में नियुक्तियां और तबादले भी इसी अथॉरिटी की सिफारिश पर होंगे। किसी भी मामले पर फैसला बहुमत के हिसाब से होगा। यानी चीफ सेक्रेटरी और प्रिंसिपल सेक्रेटरी मिलकर दिल्ली के मुख्यमंत्री के फैसले को खारिज कर सकते हैं।

# इसरो ने ड्रोग पैराशूट परिनियोजन परीक्षण किया

## मिशन में यात्रियों को सुरक्षित ले जाना व वापस लाना शामिल

**गगनयान मिशन**



**चेन्नई,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के प्रस्तावित मानव अंतरिक्ष मिशन के हिस्से के रूप में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि उसने ड्रोग पैराशूट परिनियोजन का सफल परीक्षण किया।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, परीक्षण मंगलवार से गुरुवार तक टर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी, चंडीगढ़ की रेल ट्रैक रॉकेट स्लेज (आरटीआरएस) सुविधा में आयोजित किया गया। परीक्षण हवाई डिलीवरी अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (एडीआरडीई)/ डीआरडीओ के सहयोग से आयोजित किए गए। गगनयान मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष तक सुरक्षित ले जाना और वापस लाना शामिल है।

इसरो ने कहा कि इस मिशन का एक महत्वपूर्ण घटक ड्रोग पैराशूट की तैनाती है, जो क्रू मॉड्यूल को स्थिर करने और पुन: प्रवेश के दौरान इसके वेग को सुरक्षित स्तर तक कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मोर्टार के रूप में जाने जाने वाले पायरो-आधारित उपकरणों के भीतर पैक किए गए ड्रोग पैराशूट, कमांड पर पैराशूट को हवा में फेंकने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। 5.8 मीटर व्यास वाले ये शंक्वाकार रिबन-प्रकार के पैराशूट, एकल-चरण रीफिंग तंत्र का उपयोग करते हैं, जो सरलता से चंदवा क्षेत्र को कम करते हैं और शुरुआती झटके को कम करते हैं, एक सहज और नियंत्रित वंश सुनिश्चित करते हैं।

# रूस का लूना-25 लॉन्च

**चंद्रमा पर पानी ढूंढ़ने वाला यह मिशन**

**मास्को,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के बाद रूस ने भी चांद पर अपना अंतरिक्ष यान भेज दिया है। रूस ने 47 साल बाद शुक्रवार को चांद पर अपना पहला अंतरिक्ष यान भेजा। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रासकास्माज के मुताबिक, लूना-25 मून लैंडर 21 या 22 अगस्त को चांद की कक्षा में प्रवेश कर सकता है। इस चंद्रयान मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रूसी अंतरिक्ष एजेंसी को बधाई दी है। एजेंसी ने यह भी उम्मीद जताई कि चंद्रयान-3 और लूना-25 दोनों मिशन अपने लक्ष्य हासिल करेंगे। इसे लूना-ग्लोब मिशन का नाम दिया गया है। किट की लंबाई करीब 46.3 मीटर है और इसका व्यास 10.3 मीटर है। ये 7-10 दिनों तक चांद का चक्कर लगाएगा। यह चंद्रमा पर पानी ढूंढने का मिशन है।

### लोकसभा से निलंबन होने पर बोले अधीर

# विपक्ष की आवाज दबा नहीं पाएगी सरकार

**जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट भी जाएंगे**



संसद के अपने कार्यकाल के दौरान मैंने कभी इस तरह की मनमानी नहीं देखी : **अधीर रंजन चौधरी**

**नई दिल्ली,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। लोकसभा से निलंबित कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने रविवार को कहा कि अगर लोकसभा से सस्पेंशन वापस नहीं हुआ तो जरूरत पड़ने पर वे सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। संसद के मानसून सत्र के दौरान अधीर रंजन को गलत आचरण के चलते लोकसभा से निलंबित कर दिया गया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अधीर रंजन चौधरी ने कहा, यह एक नई घटना है जिसे हमने संसद में अपने करियर में पहले कभी अनुभव नहीं किया है। यह विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सत्ताधारी दल की तरफ से जानबूझकर किया गया है। लेकिन सरकार विपक्ष की आवाज को दबा नहीं पाएगी। यह संसदीय लोकतंत्र की भावना को कमजोर कर देगा। श्री चौधरी ने कहा कि संसद के अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कभी इस तरह की मनमानी नहीं देखी है। उन्होंने कहा कि संसद में परंपरा शब्दों को हटाने की है लेकिन उन्हीं शब्दों को रिकॉर्ड से हटाया जाता है जो असंसदीय हों लेकिन ऐसा लगता है कि संसद से सरकार की इशारे पर जानबूझकर के विपक्ष को परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि संसद के दोनों सदनों में विपक्षी दलों के नेताओं की भाषणों के अंश से सही शब्दों को भी अनुचित बताकर रिकॉर्ड से हटाया जा रहा है और विपक्ष के सदस्यों को निलंबित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष को सदस्यों को निलंबित करने और शब्दों को हटाने का अधिकार है लेकिन जानबूझकर के या किसी को निशाना बनाकर इस तरह की कदम उठाना संसदीय परंपरा के अनुकूल नहीं है।

# प्रधानमंत्री की दरभंगा एम्स खुलवाने की बात 'सफेद झूठ' : तेजस्वी

**बिहार सरकार ने नि:शुल्क 151 एकड़ ज़मीन केंद्र को स्थापना के लिए दी**



**केंद्र ने प्रस्तावित एम्स के निर्माण को स्वीकृति नहीं दी**

**पटना,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने अपने संबोधन में जिक्र किया कि दरभंगा में एम्स खोला गया है। तेजस्वी ने इसे सफेद झूठ कहा है। राजद नेता ने शनिवार को ट्वीट किया कि आज प्रधानमंत्री दरभंगा में एम्स खुलवाने का झूठा श्रेय ले रहे थे। वस्तुस्थिति ये है कि बिहार सरकार ने नि:शुल्क 151 एकड़ ज़मीन केंद्र को इसकी स्थापना के लिए दिया है और साथ ही 250 करोड़ से अधिक मिट्टी भराई के लिए आवंटित किया है। लेकिन, दुर्भाग्यवश राजनीति करते हुए केंद्र ने प्रस्तावित एम्स के निर्माण को स्वीकृति नहीं दी। प्रधानमंत्री से देश कम से कम सत्य और तथ्य की अपेक्षा करता है, लेकिन उन्होंने सफ़ेद झूठ बोला। उन्होंने आगे लिखा कि जून माह में हमने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से दूरभाष पर वार्ता कर, इसकी स्वीकृति देकर निर्माण कराने का आग्रह किया और आशान्वित होकर चिट्ठी भी लिखी।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि के ट्रस्टियों ने दायर किया नया वाद

## 1968 में हुए समझौते को रद्द करने के लिए किया दायर

**मथुरा,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। श्रीकृष्ण जन्मभूमि ईदगाह विवाद से संबंधित एक नया वाद सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में दायर किया गया है। यह वाद अब तक दायर सभी वादों से अलग है। डीजीसी सिविल संजय गौड के अनुसार अब तक दायर किये गए वाद में जहां श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट को प्रतिवादी बनाया गया था वहीं नये वाद में श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट ने ही एक वाद दायर कर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और ईदगाह कमेटी के बीच 1968 में हुए समझौते को रद्द करने की प्रार्थना की गई है। इस वाद में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान को भी प्रतिवादी बनाया गया है।

**उत्पीड़न** *सबसे ज्यादा घरेलू हिंसा की कॉल आई*

# महिला आयोग की हेल्पलाइन पर आई छह लाख से ज्यादा कॉल

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने शनिवार को कहा कि जुलाई 2022 से जून 2023 तक उसके हेल्पलाइन नंबर 181 पर 6.3 लाख से अधिक कॉल आईं, जिनके आधार पर 92,004 मामले दर्ज किए गए। इसके अतिरिक्त, आयोग को अन्य राज्यों से भी 11,000 से अधिक मामले प्राप्त हुए।**

डीसीडब्ल्यू द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, दर्ज मामलों में, घरेलू हिंसा के सबसे ज्यादा 38,342 मामले हैं।

इसके बाद पड़ोसियों के साथ झगड़ों के 9,516 मामले, बलात्कार और यौन उत्पीड़न के 5,895 मामले, पोक ?सो के 3,647 मामले, अपहरण के 4,229 और साइबर अपराध के 3,558 मामले हैं। आयोग को गुमशुदगी की 1,552 शिकायतें मिलीं। दहेज उत्पीड़न के 2,278 मामले, चिकित्सकीय लापरवाही के 790, यौन तस्करी से संबंधित



■ दिल्ली महिला आयोग ने दिए एक साल के आंकड़े

156, अन्य तस्करी के 40 और बाल विवाह के 69 मामले दर्ज किए गए। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के 67 मामले, बाल श्रम के 66, अवैध शराब और नशीली दवाओं से संबंधित 63 और ऑनर किलिंग के 54 मामले मिले। आंकड़ों के अनुसार, सेवा से संबंधित 1,319 मामले, संपत्ति विवाद के 421 मामले, पुलिस उत्पीड़न के 354 मामले, आश्रय गृहों के लिए अनुरोध के 348 मामले, महिलाओं पर खतरनाक हमले के 298 मामले और चोरी के 235 मामले भी शामिल थे। इसके अतिरिक्त, आयोग को ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से 58 शिकायतें और पुरुषों से 137 शिकायतें मिलीं।

**नरेला से सबसे ज्यादा मामले**

क्षेत्रवार नरेला इलाके से सबसे ज्यादा 2,976 मामले आये। भलस्वा डेयरी से 1,651, बुराड़ी से 1,523, कल्याणपुरी से 1,371 और जहांगीरपुरी इलाके से 1,221 मामले आए। बलात्कार और यौन उत्पीड़न से संबंधित मामलों में शीर्ष पांच क्षेत्र बुराड़ी (175), नरेला (167), गोविंदपुरी (105), उत्तम नगर (89) और सुल्तानपुरी में (86) शामिल हैं। नरेला में अपहरण के सबसे ज्यादा 209 मामले थे।

# देश

**उवाच** "जम्मू-कश्मीर लौटने का उद्देश्य लोगों के दुखों को दूर करना और केंद्र शासित प्रदेश को दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाना है। मैं इसे अपने लोगों के लिए लेकर चलता हूं और इसीलिए मैंने राष्ट्रीय राजनीति छोड़ दी।

-गुलाम नबी आजाद, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 28.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 27.0 |

# विरोधियों को शांत करने के लिए पुलिस को ज्यादा शक्ति : कांग्रेस

## भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक पर विपक्ष ने जताया विरोध

**नई दिल्ली,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शुक्रवार को लोकसभा में पेश किए गए भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023, भारतीय सुरक्षा विधेयक- 2023 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक पर विपक्ष ने विरोध जताना शुरू कर दिया है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि ऐसे कानून लाने के पीछे सरकार का एजेंडा विरोधियों को चुप कराना है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि इस विधेयक में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बाहर फेंक दिया गया है। इसलिए लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला और भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मेरी यह मांग होगी कि वे इनमें से प्रत्येक की जांच करने के लिए संसद की एक संयुक्त समिति का गठन करना चाहिए, जिसमें सभी दलों के प्रतिष्ठित कानूनी व्यक्ति शामिल हों। पिछले बिल में जो प्रावधान थे, उनके मुकाबले प्रावधान दर प्रावधान और इनमें से प्रत्येक प्रावधान पर न्यायिक घोषणाएं क्या हैं इसकी जांच की जानी चाहिए। पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया कि भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023, औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता को प्रतिस्थापित करना चाहता है और यह विधेयक राजनीतिक उद्देश्यों के लिए क्रूर पुलिस शक्तियों के उपयोग की अनुमति देता है। आपराधिक कानूनों में आमूल-चूल बदलाव करते हुए केंद्र ने शुक्रवार को आईपीसी, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को बदलने के लिए लोकसभा में तीन विधेयक पेश किए।



विधेयक में भाषण व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बाहर फेंक दिया गया है : मनीष तिवारी

जिसमें अन्य बातों के अलावा, राजद्रोह कानून को खत्म करने और अपराध की व्यापक परिभाषा के साथ एक नया प्रावधान पेश करने का प्रस्ताव है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय दंड संहिता को बदलने के लिए भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023; सीआरपीसी को बदलने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह भारतीय सुरक्षा विधेयक विधेयक, 2023 पेश किया।

### राजद्रोह कानून खत्म करने के बारे में डींगें ने हांके केंद्र : राउत



शिव सेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि केंद्र को राजद्रोह कानून को रद्द करने के बारे में डींगें नहीं हांकनी चाहिए क्योंकि वह वर्तमान में अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ ऐसे कानूनों का उपयोग कर रहा है, जो अंग्रेजों द्वारा लाए गए कानूनों से भी ज्यादा डरावने हैं। संजय राउत ने निशाना साधते हुए कहा कि क्या कानून को आरएसएस कार्यकर्ता और पूर्व वरिष्ठ रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) वैज्ञानिक प्रदीप कुरुलकर की मदद के लिए रद्द किया जा रहा है, जिन पर जासूसी का मामला दर्ज किया गया है। राज्यसभा सांसद संजय राउत ने केंद्र और भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आपने पुणे स्थित वैज्ञानिक प्रदीप कुरुलकर के खिलाफ देशद्रोह का कानून नहीं लगाया, जिन्होंने पाकिस्तान को रक्षा रहस्य बेचे।

## पुलवामा में सीआरपीएफ के जवान ने की आत्महत्या

**श्रीनगर,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर स्वयं को गोली मारकर शनिवार तड़के आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बताया कि 11 और 12 अगस्त की दरमियानी रात करीब एक बजकर 55 मिनट पर अवंतीपोरा में सेल चेरसू के पास गोलियों की आवाज सुनी गई। मौके पर सीआरपीएफ का जवान खून से लथपथ मृत पाया गया। उन्होंने कहा कि मौके पर मुआयना करने के बाद 112 बीएन सीआरपीएफ का जवान सीटी/सिपाही अजय कुमार खून से लथपथ मृत पाया गया। उन्होंने कहा कि चिकित्सीय और कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि हालांकि मौत का स्पष्ट कारण आत्महत्या है। कांस्टेबल अजय कुमार पुत्र राजिंदर रॉय निवासी ग्राम ढेगाडीह झारखंड एफ 112/बीएन सीआरपीएफ में तैनात था। शहीद जवान झारखंड के गिरिडीह का रहनेवाला था। उसकी शहादत की खबर के बाद गांव में कोहराम मचा है। उसकी पत्नी और बूढ़े पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। अजय राय गिरिडीह जिले के देवरी थाना इलाके के ढेंगाडीह का रहने वाला था। उसका परिवार फिलहाल जिले के सिरसिया के पटेलनगर में किराए के मकान में रह रहा था। अजय कुमार राय की 2017 में सीआरपीएफ में पोस्टिंग हुई थी और हाल ही में उनकी ड्यूटी अमरनाथ में लगाई गई थी। परिजनों ने कहा कि शुक्रवार को अपने बटालियन के साथ सर्च ऑपरेशन में वह अहले सुबह निकले थे।



# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अपने अंतिम चरण में : दिलबाग सिंह

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज निकाली जाएगी तिरंगा रैली

**जम्मू-कश्मीर,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। 15 अगस्त को मनाई जाने वाली भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी और कहा कि रविवार को एक विशाल तिरंगा रैली आयोजित की जाएगी। जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 15 अगस्त की तैयारियां चल रही हैं। एलजी मनोज सिन्हा ने जश्न के मद्देनजर एक बैठक की अध्यक्षता की। 13 अगस्त को एक विशाल तिरंगा रैली आयोजित की जाएगी। इससे पहले डीजीपी सिंह ने उत्तरी कश्मीर के सीमावर्ती जिले कुपवाड़ा का दौरा किया। जहां उन्होंने एक संयुक्त सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। डीजीपी सिंह ने कहा कि आतंकवाद अपने अंतिम चरण में है। सक्रिय आतंकियों की अब तक की सबसे कम संख्या है, जबकि नशीली दवाओं का खतरा कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक चुनौती बना हुआ है। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रेसवार्ता में डीजीपी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर शांति की ओर बढ़ रहा है। अब तक उग्रवाद पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिससे सक्रिय आतंकवादियों की संख्या घटकर केवल दो अंकों में रह गई है। इनको भी जल्द ही ढेर कर दिया जाएगा। हालांकि, नशा तस्करी में बढ़ोतरी एक चुनौती है, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों को निपटने की जरूरत है। उन्होंने स्थानीय भागीदारी के साथ बड़े पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया।



### जवानों की याद में पांच इमारतों का उद्घाटन

कार्यक्रम के दौरान डीजीपी ने कुपवाड़ा में ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले बहादुर जवानों की याद में समर्पित पांच इमारतों का उद्घाटन किया। इनका निर्माण कुपवाड़ा पुलिस द्वारा उनके बलिदान को श्रद्धांजलि के रूप में किया गया था।

### अब पाकिस्तान ने नशा युद्ध की तरफ बदली रणनीति

जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक ने नशीली दवाओं के व्यापार की चुनौती पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दशकों के उग्रवाद के बाद पाकिस्तान ने अब अपनी रणनीति को नशा युद्ध की ओर स्थानांतरित की है। इसके खिलाफ जुझारू प्रयासों की जरूरत है। जैसे हमने उग्रवाद से लड़ाई लड़ी, उम्मीद है कि हम जम्मू-कश्मीर से इस ड्रग का सफाया कर देंगे, लेकिन हमें बड़े पैमाने पर लोगों, नागरिक समाज और युवाओं के सक्रिय समर्थन की जरूरत है।

## सार संक्षेप

### मोदी ने सिन्हा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रसिद्ध परमाणु भौतिक विज्ञानी विकास सिन्हा के निधन पर शोक व्यक्त किया है और कहा है कि वह वैज्ञानिक के निधन से दुखी हैं। वर्ष 2001 में पद्म श्री और 2010 में पद्म भूषण से सम्मानित, परमाणु भौतिक विज्ञानी और साहा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स व वेरिएबल एनर्जी साइक्लोट्रॉन सेंटर के पूर्व निदेशक विकास सिन्हा का गत शुक्रवार को निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। मोदी ने कहा कि विकास सिन्हा को विज्ञान, विशेषकर परमाणु भौतिकी और उच्च ऊर्जा भौतिकी के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए याद किया जाएगा।

### दलित भाई-बहन पर हमला मामले में सात गिरफ्तार

**चेन्नई।** पुलिस ने दलित छात्र और उसकी बहन पर हमला करने के आरोप में सात छात्रों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले के नंगुनेरी में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। दोनों दलित बच्चों की मां ने पुलिस से सुरक्षा मांगी है क्योंकि उन्हें मध्यवर्ती जाति के सदस्यों से बड़े हमले का डर है। पुलिस हाई अलर्ट पर है व जिले में पुलिस की संख्या बढ़ा दी गई है। 2021 में मदुरै व तिरुनेलवेली जिलों सहित दक्षिण तमिलनाडु में, दलितों और मध्यवर्ती जाति के सदस्यों की हत्या कर दी गई। हत्याएं दो समूहों के बीच पुरानी हत्याओं व दुश्मनी के कारण की गई थी।

### बंगाल में भीषण, गोदाम जलकर खाक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर-पूर्वी हिस्से में उल्टाडांगा में शनिवार तड़के भीषण आग लगने से एक गोदाम जलकर खाक हो गया। धनकोल इलाके में स्थित गोदाम में शुक्रवार व शनिवार की दरमियानी रात करीब एक बजे भीषण आग लग गई, जिसमें सभी कागजात व एक तिपहिया ऑटो सहित दो वाहन जलकर खाक हो गए। दस दमकलों ने तीन घंटे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बचाव कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से कुछ लोगों को बाहर निकाला।

### बारामूला में तीन मादक पदार्थ तस्करों गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने शनिवार को तीन सर्वाधिक वांछित कुख्यात मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम के तहत हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि समाज में मादक पदार्थ के खतरों को समाप्त करने के लिए तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बारामूला पुलिस ने तीन मोस्ट वांटेड और कुख्यात मादक पदार्थ तस्करों को हिरासत में लिया है।

# भारत-पाक को बातचीत शुरू करने को होना होगा ईमानदार : फारूक

**श्रीनगर,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं सांसद डॉ.फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान को सभी मुद्दों पर समाधान के लिए बातचीत शुरू करने में ईमानदारी का परिचय देना होगा। डॉ.अब्दुल्ला ने यहां यहां संवाददाताओं से भारत और पाकिस्तान के लिए सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के लिए बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि जब तक दोनों देश ईमानदारी नहीं दिखाते, तब तक जम्मू-कश्मीर में सीमा पर्यटन सब दिखावा है। आप देख रहे हैं कि वहां आतंकवाद है। गोलियां चलायी जा रही हैं तथा सैनिक और आम लोग अभी भी मारे जा रहे हैं। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री रहे डॉ.अब्दुल्ला ने कहा कि सभी मुद्दों को बातचीत से सुलझाया जा सकता है। आप देख रहे हैं कि युद्ध ने यूक्रेन का क्या किया। अमेरिका को कुछ नहीं हुआ। यूरोप आर्थिक रूप से टूट रहा है। कौन मारा जा रहा है, केवल यूक्रेन के लोग। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि कॉस्मेटिक उपायों से कोई नतीजा नहीं निकलेगा। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि जब हम चीन से कुछ चरणों में कई बार बात कर सकते हैं तो पाकिस्तान के साथ क्यों नहीं सीमाएं खोलो ताकि हम कश्मीर का दूसरा हिस्सा देख सकें जो पाकिस्तान के पास है।



# मप्र में भ्रष्टाचार के हजारों मामले : कमलनाथ

## 50 प्रतिशत कमीशन के पत्र पर मचे सियासी घमासान पर बोला हमला

**भोपाल,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशन के पत्र पर सियासी घमासान मच गया है। कांग्रेस की तरफ जारी पत्र को भाजपा के फर्जी बता एफआईआर करने के बयान पर पूर्व सीएम कमलनाथ ने पलटवार किया है। कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के हजारों मामले है। भाजपा किस किस मामले में केस करेगी। पूर्व सीएम कमलनाथ ने भोपाल में एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार के हजारों मामले है। भाजपा किन किन पर केस करेंगी। अब जब खुलासा हो रहा है तो प्रदेश में भ्रष्टाचार का खुलासा हो रहा है तो इनके पास उपाय क्या बचा? प्रधानमंत्री के दौरे पर कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी को सब कुछ याद आने लगा है। संत रविदास याद आने लगे सब कुछ याद आने लगा यह तो हालत है। लेकिन सोचते हैं कि जनता का ध्यान मोड़ पाएंगे लोगों को गुमराह कर पाएंगे। मध्य प्रदेश के मतदाता ने तय कर लिया है। बड़े प्यार से शिवराज सिंह को विदा करेंगे



भ्रष्टाचार के किन-किन मामलों में केस करेगी भाजपा : कमलनाथ

### घोटालो का गढ़ बना प्रदेश

वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व पीसीसी चीफ अरुण यादव ने एक बयान जारी कर कहा कि मध्य प्रदेश भ्रष्टाचार और घोटालों को गढ़ बन चुका है। 220 माह की सरकार में 220 से ज्यादा महा घोटाले हुए है। व्यापम घोटाला, पटवारी भर्ती घोटाला मध्य प्रदेश में होता है। पुलिस महाघोटाले प्रदेश में हो रहे है। भ्रष्टाचार की बात करेंगे तो कुछ दिन पहले कांट्रेक्टर और पेटी कांट्रेक्टर ने ग्वालियर हाईकोर्ट में लिखित आवेदन लगाया, जिसमें बताया कि प्रदेश की सरकार काम करने की एवज में 50 प्रतिशत कमीशन मांगती है। मप्र 50 प्रतिशत कमीशन वाला राज्य बन चुका है। कर्नाटक में 40 प्रतिशत कमीशन लिया जाता था, वहां की जनता ने 40 प्रतिशत कमीशन लेने वाली सरकार को उखाड़ फेंका है। यादव ने आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश जो घोटालों का प्रदेश बन चुका है। ऐसी भ्रष्टाचार और कमीशन खोर सरकार को उखाड़ फेंकना है और ऐसी सरकार लाना है, जो किसान और आदिवासी के उत्थान की बात करें।

### जनता का नाम जपें भाजपाई : कांग्रेस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में आरोप-प्रत्यारोप तेज होते जा रहे है। इसी क्रम में पूर्व सीएम और पीसीसी चीफ कमलनाथ ने भाजपा पर निशाना साधा है। पीसीसी चीफ कमलनाथ ने कहा कि भाजपाई आजकल मेरी आस्था और विश्वास की ज्यादा चिंता करते है। नए नए शब्द गढ़ रहे हैं, चुनावी पूजा, चुनावी भक्ति, पॉलिटिकल पाखंड और कमलनाथ का तिलिस्म तोड़ने का दंभ भर रहे हैं। भाजपाइयों के दिलो-दिमाग में कमलनाथ के अलावा कुछ नहीं आता। उन्होंने कहा कि सरकार, उसके नुमाइंदे और भाजपाई मेरा नाम जपना छोड़ के, जनता का नाम जपें, जनता की भक्ति करें। देश में जनता ही जनार्दन है। कमलनाथ ने कहा कि जनता के हित में भाजपाई सरकार से अनुरोध है कि महंगाई का तिलिस्म तोड़ें, बेरोजगारी का तिलिस्म तोड़ें, भ्रष्टाचार का तिलिस्म तोड़ें, भर्ती घोटालों का तिलिस्म तोड़ें, 50 प्रतिशत कमीशन का तिलिस्म तोड़ें, महिला अपराध का तिलिस्म तोड़ें।

# बिहार के कई हिस्सों में बाढ़ की दस्तक

**पटना,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार के कई जिलों में बाढ़ ने दस्तक दे दी है। राज्य की प्रमुख नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है, इससे निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घुस रहा है। राज्य में गंगा, बागमती, कोसी, कमला बालान जैसी नदियां उफान पर हैं। पटना में गंगा नदी का जलस्तर भी खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है।

बाढ़ नियंत्रण कक्ष के मुताबिक, गंडक नदी पर बने बाल्मिकीनगर बराज पर जलस्तर शनिवार की सुबह 8 बजे 1.34 लाख क्यूसेक था जो 10 बजे बढ़कर 1.36 लाख क्यूसेक हो गया। हालांकि कोसी नदी का जलस्तर स्थिर बना हुआ है। कोसी नदी पर बने वीरपुर बराज में कोसी का जलस्तर सुबह छह बजे 1.36 लाख क्यूसेक था जो 10 बजे भी स्थिर बना हुआ है। इधर, राज्य की प्रमुख नदियां गंगा, बागमती, कमला, गंडक नदी कई स्थानों पर खतरे के निशान को पार कर गई है। गंडक डुमरिया घाट में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है तो कोसी बलतारा और कुरसेला में लाल निशान से ऊपर है। बागमती कटौंझा और बेनीबाद में खतरे के निशान से ऊपर है तो गंगा हाथीदह और कहलगांव में कमला बलान जयनगर और झंझारपुर में तथा बूढ़ी गंडक खगड़िया में खतरे के निशान से ऊपर है। निचले इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है।



■ प्रमुख नदियां लाल निशान से ऊपर

### कई गांव में घरों के अंदर घुसा पानी

बागमती नदी का जलस्तर बढ़ने से मुजफ्फरपुर के औराई, कटरा और गायघाट प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। कई गांव में घरों के अंदर पानी प्रवेश कर जाने से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

गोपालगंज के सदर प्रखंड के रजवाही, सेमरही, जगिरी टोला, मेहंदिया, खाप मकसूदपुर गांव का सड़क संपर्क पहले ही टूट चुका है। बाढ़ से प्रभावित स्कूलों को दूसरी जगहों पर शिफ्ट करने का आदेश दिया गया है। इधर, गंगा में उफान के बाद दियारा क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

# झारखंड में गुरुओं का बड़ा फर्जीवाड़ा

**रांची,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के सरकारी स्कूलों के शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस बनाने के सिस्टम में सेंध लगा रहे हैं। ऐसे करीब 1,000 शिक्षक हैं, जो बगैर स्कूल गए अटेंडेंस बना रहे हैं। इसके लिए वे कभी फर्जी जीपीएस लोकेशन क्रिएट कर लेते हैं तो कभी डेट और टाइम की सेटिंग चेंज कर बैक डेट की हाजिरी भी बना लेते हैं। सरकार को महीनों बाद गुरुओं के इस फर्जीवाड़े का पता चला है। उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी चल रही है। विभाग की जांच में ऐसे 992 शिक्षक चिन्हित किए गए हैं, जो फर्जी लोकेशन से हाजिरी बनाकर ऑनलाइन अटेंडेंस ऐप की आंखों में धूल झोंक रहे हैं। दरअसल, ये शिक्षक लगभग दो महीने से अपने लोकेशन से इधर-उधर हुए बिना अपनी हाजिरी बना रहे हैं। ऐसे शिक्षकों को विभाग ने चिन्हित कर लिया है। शिक्षा सचिव ने इसे लेकर विभिन्न जिलों को निर्देश दिया है। जिलों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी और राज्य स्तर पर की गई समीक्षा में पाया गया है कि जीपीएस और समय तथा तिथि में बदलाव कर उपस्थिति दर्ज करायी जा रही है।

**सरकार के ऑनलाइन अटेंडेंस ऐप में लगाई सेंध**

# कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण का गठन करे केंद्र : रामदास

**चेन्नई,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) चाहता है कि कर्नाटक द्वारा तमिलनाडु को कावेरी का पानी देने से इनकार करने के बाद केंद्र सरकार बांधों के प्रबंधन के लिए कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) का गठन करे। शनिवार को एक बयान में, पीएमके के प्रदेश अध्यक्ष अंबुमणि रामदास ने कहा कि कर्नाटक को 9 अगस्त तक तमिलनाडु को 38 टीएमसी पानी जारी करना चाहिए था। यह सुप्रीम कोर्ट और कावेरी ट्रिब्यूनल के फैसले के अनुसार है।

पीएमके नेता ने कहा कि कर्नाटक के अधिकारियों के एक समूह ने सुप्रीम कोर्ट के साथ-साथ कावेरी ट्रिब्यूनल के फैसलों का पालन करने से इनकार कर दिया है। रामदास ने कहा कि कावेरी और उसकी सहायक नदियों पर बने चार बांधों में 93.05 टीएमसी पानी है, जो कुल क्षमता का 81 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु को छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा की तुलना में बांधों में वर्तमान में 244 प्रतिशत अधिक पानी है। पीएमके नेता ने यह भी कहा कि सीडब्ल्यूएमए के पास कर्नाटक के खिलाफ कार्रवाई करने की कोई शक्ति नहीं है।

बयान में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीडब्ल्यूएमए केवल केंद्र सरकार से प्राधिकरण के फैसले को लागू करने का अनुरोध कर सकता है।



■ सीडब्ल्यूएमए के पास कर्नाटक के खिलाफ कार्रवाई करने की कोई शक्ति नहीं

**तैयारी** *सबसे पुरानी पार्टी का मुख्य आधार बनने को तैयार कर्नाटक*

# लोकसभा चुनाव से पहले बनेगा इंडिया गठबंधन की प्रेरक शक्ति

**बेंगलुरु, 12 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक आगामी संसदीय चुनावों में भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (इंडिया) के लिए ऊर्जा का स्रोत बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रचंड बहुमत के साथ कांग्रेस पार्टी को सत्ता में चुनने के बाद राज्य अब सबसे पुरानी पार्टी का मुख्य आधार बन गया है। अपनी गारंटी योजनाओं के कार्यान्वयन और अल्पसंख्यक।**

हिंदूलिदा और दलित (अहिंदा) ब्लॉक के मतदाताओं के ध्रुवीकरण तथा प्रभावशाली लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों के बीच संतुलन बनाने में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की सफलता से राज्य में कांग्रेस लगातार मजबूत होती जा रही है। गारंटी योजनाओं से जनता खुश है। कांग्रेस सरकार ने पूरे प्रदेश में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा योजना लागू की है। अगस्त से करोड़ों परिवारों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली योजना के तहत पहले ही शून्य बिजली बिल मिल चुका है। मुफ्त 10 किलोग्राम चावल वितरण की योजना भी लागू की गई है और अब सरकार गृह लक्ष्मी योजना शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसके तहत बीपीएल परिवारों की महिला मुखियाओं को 2,000 रुपए दिए जाएंगे। कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि कर्नाटक में हर दूसरे दिन, प्रत्येक परिवार किसी न किसी गारंटी योजना का उपयोग करेगा। इसलिए, पार्टी राज्य में लोकसभा चुनाव में 20 से अधिक सीटों पर जीत को लेकर आश्वस्त है। भाजपा हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और पीएम मोदी के मुद्दे पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है, जबकि कांग्रेस ब्रांड सीएम सिद्दारमैया, अहिंदा वोट बैंक और गारंटी योजनाओं के साथ चुनाव लड़ेगी। क्षेत्रीय ताकत जद (एस) का इंडिया ब्लॉक का हिस्सा नहीं होना कांग्रेस के लिए चिंता का कारण नहीं है क्योंकि वह अपने ही मैदान पर उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार से हार गई थी जिन्हें कांग्रेस ने वोक्कालिगा चेहरे के रूप में पेश किया था। जद (एस) का मांड्या जिले की सभी सात सीटों पर कब्जा रहता था, लेकिन इस बार केवल एक सीट जीतने में सफल रही। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते और पूर्व सीएम एच.डी. कुमारस्वामी के बेटे निखिल कुमारस्वामी को रामानगर सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। वरिष्ठ पत्रकार चन्नबसप्पा रुद्रप्पा ने कहा कि कर्नाटक कांग्रेस पार्टी की प्रेरक शक्ति बनने जा रहा है। गारंटी योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं में सशक्तिकरण की भावना का अनुभव हो रहा है। गृह लक्ष्मी योजना में महिलाओं को 2,000 रुपए मिलते हैं। इससे उन्हें अधिक स्वतंत्रता भी मिलेगी।

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जाति की राजनीति से ऊपर उठने में सफल रहे हैं। लेकिन, कर्नाटक भाजपा में ऐसा कोई नेता नहीं है जो योगी आदित्यनाथ की ताकत या करिश्मा का मुकाबला कर सके।



■ राज्य में बीस से अधिक सीटों पर जीत को लेकर पार्टी आश्वस्त

# स्वतंत्रता दिवस के चलते राजधानी दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद

## लाल किले से लेकर वीआईपी मार्ग पर एंटी ड्रोन रडार व बम स्कवॉड का रहेगा पहरा

**नई दिल्ली,**12 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर राजधानी दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए 20 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं जिसमें 5 हजार अर्धसैनिक बल, 500 विशेष कमांडो और 14 पराक्रम वाहनों को तैनात किया गया है। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर खासतौर पर आकाश मार्ग पर एंटी ड्रोन रडार से और जमीनी मार्ग पर एक्सप्लोसिव ढूंढने वाले सेना के प्रशिक्षित 40 कुत्तों की बम स्क्वॉड टीम के साथ तैनाती की गई है। लुटियन जोन से लेकर लालकिले तक सुरक्षा घेरे को मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक हथियारों से लैस पराक्रम वाहन में कमांडो फोर्स तैनात है। वहीं, सेना से प्रशिक्षित गोल्डन रिट्रीवर, बेल्जियम मेलिनॉइस, जर्मन शेफर्ड और लैब्राडोर प्रजाति के कुत्तों की बम स्क्वॉड के साथ जगह-जगह जांच करने के लिए लगाया गया है।

**सुरक्षा व्यवस्था के लिए बीस हजार सुरक्षाकर्मी किए गए तैनात**




लालकिले से लेकर वीआईपी मार्ग पर एंटी ड्रोन रडार और बम स्कवॉड का पहरा रहेगा। साथ में एंटी मशीनगन, स्नाइपर्स और रूफटॉप दस्ते की भी तैनाती की गई है।

### अत्याधुनिक हथियारों से लैस जवानों की तैनाती

लालकिले और आसपास के इलाकों में स्थित ऊंची इमारतों पर दूरबीन और अत्याधुनिक हथियारों से लैस रूफ टॉप दस्ते की तैनाती की गई है। जगह-जगह मचान बनाकर भी कमांडो दस्ते की तैनाती की गई है।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर मेट्रो के संचालन में बदलाव

स्वतंत्रता दिवस पर मेट्रो सेवाएं सुबह 05:00 बजे से शुरू होंगी। सुरक्षा व्यवस्था के कारण पार्किंग भी बंद रहेगी। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए यात्रियों की सुविधा के लिए सभी लाइनों पर दिल्ली मेट्रो ट्रेन सेवाएं सभी टर्मिनल स्टेशनों से सुबह 05:00 बजे से शुरू होंगी। सभी लाइनों पर ट्रेनें सुबह 06:00 बजे तक 30 मिनट के अंतराल पर चलेंगी। सुबह 6:00 बजे के बाद पूरे दिन मेट्रो ट्रेनें सामान्य समय सारिणी के अनुसार चलेंगी।

# बीआरएस विधायक के.कविता ने किया पुस्तक का विमोचन

**नई दिल्ली,**12 अगस्त (देशबन्धु)। बीआरएस पार्टी के एमएलसी के.कविता ने पत्रकार निधि शर्मा की पुस्तक का विमोचन किया। शी द लीडर वुमन इन इंडियन पॉलिटिक्स नामक पुस्तक में देश के 17 प्रख्यात महिला नेताओं को शामिल किया गया है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, बीआरएस से एमएलसी के कविता, मनीष तिवारी के अलावा अन्य महिला नेताओं ने शिरकत की। 17 प्रख्यात महिला नेता जिन्होंने सामाजिक समानता और महिला उन्नति सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपने अपार प्रयासों से अपने लिए एक विशेष पहचान हासिल की है। 17 प्रमुख नेताओं में कविता कल्वाकुंतल, सोनिया गांधी, सुचेता कृपलानी, जयललिता, वसुंधरा राजे, शीला दीक्षित, मायावती, प्रतिभा पाटिल, सुषमा स्वराज, ममता बनर्जी, बृंदाकरत, अंबिका सोनी, स्मृति ईरानी, सुप्रिया सुले, कनिमोझी शामिल हैं। इस अवसर पर अपने संबोधन में बीआरएस एमएलसी कल्वाकुंतल कविता ने देश की प्रगति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की कामना की। उन्होंने सुझाव दिया कि भाजपा को महिला विधेयक पर अपनी ईमानदारी साबित करनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि कांग्रेस पार्टी महिला विधेयक पर सवाल क्यों नहीं उठा रही है। उन्होंने साफ किया कि संसद की सीटों में महिलाओं के लिए आरक्षण बढ़ाया जाना चाहिए और यही उनके नेता सीएम केसीआर की नीति है।

# स्कूलों में हो बड़े खेलों का आयोजन : बोस



**नई दिल्ली,**12 अगस्त (देशबन्धु)। शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर छात्रों में जागरूकता बनी रहे इसलिए समय-समय पर हरमन माइनर स्कूल इंस्टीटूशन के तहत चलने वाले हरमन माइनर स्कूल, फरीदाबाद में शनिवार को रन ए माइल्स मैराथन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में एनसीआर के कई अन्य स्कूलों के बच्चों, अभिभावकों के साथ सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। फाउंडेशन ऑफ स्पोटर्स जोंन के संस्थापक मनोज अत्री, स्थानीय विधायक राजेश नागर, हरियाणा की शिक्षा निदेशिका देबोरति बोस, एसीपी देवेंद्र यादव, समाज सेवकों के साथ कई अन्य प्रमुख लोगों ने बढ़ चढक़र भाग लिया। राजेश यादव ने बताया की मोदी सरकार ने फिट इंडिया मूमेंट को बढ़ावा देने के लिए स्कूल स्तर से लेकर उच्च शिक्षक संस्थानों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कई योजनाएं बनाई गई हैं। वहीं, शिक्षा निदेशिका देवोरत्ती बोस ने बताया कि आज शिक्षा के साथ स्वास्थ्य के प्रति पूरे हरियाणा के स्कूलों में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। हरमन माइनर स्कूल की प्रधानाचार्य देवोलिन चौधरी ने बताया कि हमारा स्कूल हर स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा और नियम के लिए जाना जाता है, आज की दौड़ से युवाओं में एक अद्भुत ऊर्जा का संचार होता नजर आया।

**छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता रहे बनी**

## सार संक्षेप

### रॉयलओक ने दिल्ली के पश्चिम विहार में अपना स्टोर खोला



**नई दिल्ली।** रॉयलओक फर्नीचर ने दिल्ली के पश्चिम विहार में अपना नया स्टोर लॉन्च कर अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है। स्टोर उद्घाटन के अवसर पर रॉयलओक फर्नीचर के चेयरमैन विजय सुब्रमण्यिम, प्रबंध निदेशक मथन सुब्रमण्यिम, खुदरा प्रमुख एच. एस. सुरेश, उत्तर के राज्य प्रमुख नागेंदर राव और बिक्री एवं मर्चेंडाइजिंग के प्रमुख प्रशांत कोटियन उपस्थित थे। यह व्यापक स्टोर लिविंग रूम्स, बेडरूम्स, डाइनिंग रूम्स, आदि के लिए फर्नीचर के एक विस्तृत संग्रह की पेशकश करता है। इस अवसर पर रॉयलओक फर्नीचर के चेयरमैन विजय सुब्रमण्यिम ने कहा कि अपने नये स्टोर को लॉन्च कर हम उत्साहित हैं, जोकि अपने ग्राहकों के लिये किफायती दामों पर सर्वश्रेष्ठ फर्नीचर की पेशकश के लिये रॉयलओक की प्रतिबद्धता दिखाता है। इस स्टोर में विशेष रूप से तैयार किया गया और खास 'कंट्री कलेक्शन' है, जिसमें यूनाइटेड स्टेट्स, इटली, वियतनाम, टर्की, जर्मनी, मलेशिया और भारत का सर्वोत्तम और सबसे अनोखा फर्नीचर है। प्रबंध निदेशक मथन सुब्रमण्यिम ने कहा कि गुणवत्ता और ग्राहक संतोष के लिए टीम का समर्पण एक प्रेरणा है, उन्होंने कड़ी मेहनत की और परिणाम दिख रहे हैं। पश्चिम विहार स्टोर के कर्मचारियों के लिये निरंतर सफलता की कामना है।

### मारियो ने दिलजीत दोसांझ को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

**नई दिल्ली।** मारियो रस्क ने सिंगर दिलजीत दोसांझ को अपने ब्रांड का एम्बेसडर बनाया है। दिलजीत दोसांझ को अपने साथ शामिल करने का मारियो की रणनीतिक साझेदारी, उत्कृष्टता और वास्तविक स्वाद देने की मारियो की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके तहत एक आकर्षक टीवी विज्ञापन भी लॉन्च किया गया है जिसमें मारियो रस्क के अनूठे आकर्षण को दिखाया गया है। इस दिल छू लेने वाले टीवी विज्ञापन का कॉन्सेप्ट और इसका लेखन, दिल्ली स्थित विज्ञापन एजेंसी, डाइको एफएचओ ने किया है, जिसमें दिलजीत दोसांझ स्वादिष्ट मारियो रस्क का स्वाद लेते नजर आ रहे हैं। वह बड़े ही खुश होकर कहते हैं, जहां दिखे मारियो, अपना समझ के खालियो। ये कैची पंक्तियां दिलजीत के उसी जाने-पहचाने आकर्षण से भरी हुई हैं, जो इस विज्ञापन के सार में है। मारियो के ब्रांड एम्बेसडर, दिलजीत दोसांझ ने कहा, की मारियो के साथ जुड़ना एक बेहतरीन और स्वाद से भरपूर एडवेंचर है। इन प्रोडक्ट्स की विश्वसनीयता, खासकर यह अनूठा मारिया रस्क, स्नैनिंग के प्रति मेरे प्यार से मेल खाता है। ब्रांड एम्बेसडर के रूप में दिलजीत दोसांझ के साथ साझेदारी, मारियो के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है। दलजीत के शामिल होने से, ब्रांड को दर्शकों की बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग और लोकप्रियता तक पहुंच हासिल हो रही है।

### खाद्य सुरक्षा पर फलाई जागरुकता

**नई दिल्ली।** बासमती राइस ब्रांड, केआरबीएल लिमिटेड के इंडिया गेट बासमती राइस व ईट राइट इंडिया ने मिलकर फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में देशव्यापी जनहित शिक्षा व जागरुकता पहल 'बासमती राइस नो कॉम्प्रोमाइज़' की शुरुआत राजधानी से की। नए नियम से प्रभाव में आ चुके हैं और इंडिया गेट बासमती राइस ने आगे कदम बढ़ाया है ताकि खानपान की स्वास्थ्यकर आदतों को बढ़ावा दिया जाए, संतुलित पोषण को प्रोत्साहित किया जाए तथा पूरे भारत के लोगों के बीच खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरुकता फैलाई जा सके।

# बाढ़ पीड़ित परिवारों की मदद को आगे आईं आईएएस सोनल

## अक्षरधाम मंदिर के निकट इलाके में बांटी राहत सामग्री



**नई दिल्ली,**12 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली में यमुना नदी के खादर के इलाकों में बाढ़ का पानी तो लौट गया है, मगर जिंदगी अब तक पटरी पर नहीं लौटी है। राहत कैम्पों में रहे लोगों ने तो सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों की मदद के सहारे जैसे-तैसे गुजर-बसर कर ली लेकिन उन परिवारों का क्या, जो इन राहत कैम्पों तक पहुंच ही नहीं पाए। उनके लिए कोई मदद पहुंचाना और भी मुश्किल था। ऐसे में इन लोगों की मदद के लिए फरिश्ता बनकर सामने आईं, आई.ए.एस.सोनल गोयल। अक्षरधाम मंदिर के निकट इलाके में बाढ़ से प्रभावित हुए लोगों को, त्रिपुरा भवन में रेजिडेंट कमिश्नर के पद पर तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सोनल गोयल राहत सामग्री बांटती नजर आईं। उन्होंने अपनी निजी संसाधनों से 150 से अधिक परिवारों को राशन, महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड, बच्चों के लिए बिस्कुट और कपड़े आदि बांटे। जिससे मुश्किलों से जूझ रहे परिवारों को कुछ राहत मिली। सोनल गोयल अपने बल पर, बाढ़ से पीड़ित हुए लोगों को ढूंढ़-ढूंढ़ कर उनकी मदद कर रही हैं।

सोनल उन लोगों तक भी मदद पहुंचा रहीं हैं, जहां अभी तक कोई मदद नहीं पहुंची है। यहां लोगों के पास रहने के लिए बुनियादी सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे में उनके इस प्रयास से बाढ़ से प्रभावित हुए लोगों की चिंताएं कुछ कम हो सकेंगी। उन्होंने बताया की, वो पिछले कुछ समय से लगातार डोनेशन ड्राइव के माध्यम से बाढ़ से प्रभावित, और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक जरूरत की चीजें पहुंचा रहीं हैं।



■ नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के चलते लाल किले की प्राचीर पर लहराता तिरंगा झंडा। फोटो इम्तियाज खान

# एमसीडी में संवैधानिक कानून की हो रही अवहेलना : सहरावत

**नई दिल्ली,**12 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और महापौर शैली ओबेरॉय पर हमला बोला है। भाजपा की महामंत्री कमलजीत सहरावत ने प्रेसवार्ता में कहा कि दिल्ली नगर निगम में स्कूल हेल्थ विभाग को खत्म कर दिया गया है। दिल्ली भाजपा की महामंत्री कमलजीत सहरावत महापौर और मुख्यमंत्री केजरीवाल पर निशाना साधते हुए प्रेसवार्ता में कहा कि निगम के 1534 स्कूल में 8 लाख बच्चे पढ़ते हैं। निगम में इन बच्चों की देखरेख के लिए स्कूल हेल्थ टीम बना रखी है। हमने महापौर रहते हुए बच्चों को डिस्पेंसरी में लाने के लिए दो हेल्थ वैन दी थी। स्कूल हेल्थ को जनरल हेल्थ विभाग के साथ जोड़ दिया है। अब स्कूल हेल्थ डिपार्टमेंट को खत्म कर दिया है। 225 डिस्पेंसरी हैं, जिन पर पहले ही काफी बोझ है। स्कूल हेल्थ को खत्म करने से बच्चों की स्वास्थ्य की चिंता कौन करेगा। बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित जांच नहीं होगी। उन्होंने आगे कहा कि 30 जून को यह आर्डर किया गया है। 4 अगस्त को यहां काम करने वाले कर्मचारियों का ट्रांसफर कर दिया गया। दिल्ली नगर निगम में संवैधानिक कानून की अवहेलना की जा रही है। पॉक्सो एक्ट के तहत इन बच्चों की काउंसलिंग की जानी जरूरी है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है पशुधन उद्योग : सुरेश देवड़ा

**नई दिल्ली,**12 अगस्त (देशबन्धु)। सीएलएफएमए ऑफ इंडिया क्लेफमा अपने 64वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें पशुधन उद्योग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा और मंथन किया जाएगा। 18-19 अगस्त 2023 को दिल्ली के होटल ली मेरिडियन, विंडसर प्लेस जनपथ में होने वाले इस राष्ट्रीय सम्मेलन में दुनिया भर से करीब 500 एक्सपर्ट्स हिस्सा लेंगे, जो इस क्षेत्र को और अधिक उन्नत बनाने के विकल्पों पर चर्चा करेंगे। इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए सीएलएफएमए ऑफ इंडिया के चेयरमैन सुरेश देवड़ा ने कहा कि हम हर वर्ष अपने इस सम्मेलन में पशुधन उद्योग को और बेहतर बनाने के ऊपर चर्चा करते हैं और इस बार भी राष्ट्रीय सम्मेलन में पशुधन उद्योग से संबंधित ज्वलंत विषय चर्चा और विचार-विमर्श के केंद्र में रहेंगे। इस बार परिचर्चा का विषय होगा-पशुधन क्षेत्र वर्तमान से आगे की तलाश जिस पर पैनल के सदस्य अपने-अपने विचार रखेंगे। इस परिचर्चा में उद्योग के दिग्गज, भारत सरकार के विशेषज्ञ और विभिन्न स्टेकहोल्डर्स शामिल होंगे। उन्होंने यह भी साझा किया कि कार्यक्रम में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी सरकार के कैबिनेट मंत्री परषोत्तम रूपाला, मत्स्य पालन, पशु पालन और डेयरी उद्योग के राज्य मंत्री डॉ. संजीव बाल्यान के साथ राज्यमंत्री और विभाग के सचिव के भी शामिल होने की संभावना है। सुरेश देवड़ा ने बताया कि सीएलएफएमए एक पशुधन संघ और शीर्ष संगठन है।

**सीएलएफएमए के राष्ट्रीय सम्मेलन में पशुपालन उद्योग की चुनौतियों पर होगी चर्चा**

# अंतरराज्यीय हथियार तस्कर गिरफ्तार, 21 पिस्तौलें बरामद

**नई दिल्ली,**12 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक अंतरराज्यीय हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 21 अवैध पिस्तौलें बरामद की है। जिसकी राष्ट्रीय राजधानी और इसके आसपास के क्षेत्रों में अपराधियों को आपूर्ति की जानी थी। आरोपी की पहचान मध्य प्रदेश के सागर निवासी लाल सिंह चढ़ार के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, चार अगस्त को विशेष जानकारी मिली थी लाल सिंह मध्य प्रदेश के बुरहानपुर से हथियार खरीदकर दिल्ली और एनसीआर में आपूर्ति कर रहा है। विशेष पुलिस आयुक्त (विशेष सेल) एचजीएस धालीवाल ने कहा कि सूचना के आधार पर टीम ने जाल बिछाया और झड़प के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 0.32 बोर की 21 पिस्तौलें बरामद की गईं।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्व नगर।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-रायपुर बांगर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-आर.पी.बी.01282, भूखण्ड संख्या-302, क्षेत्रफल-1470 वर्ग मीटर श्री चन्द्रभान पुत्र श्री मवासी, निवासी-ग्राम-रायपुर बांगर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री चन्द्रभान पुत्र श्री मवासी, की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री राज कुमार, राम कुमार, जितेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व० श्री चन्द्रभान उर्फ चन्दी सिंह, श्रीमती राजवती देवी पत्नी स्व० श्री श्री चन्द्रभान उर्फ चन्दी सिंह, श्रीमती मनीषा रानी (विवाहित) पुत्री स्व० श्री चन्द्रभान उर्फ चन्दी सिंह, निवासी-ग्राम-रायपुर बांगर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से सर्वश्री राज कुमार, राम कुमार, जितेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व० श्री चन्द्रभान उर्फ चन्दी सिंह, निवासी-ग्राम-रायपुर बांगर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री राज कुमार, राम कुमार, जितेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व० श्री चन्द्रभान उर्फ चन्दी सिंह, निवासी-ग्राम-रायपुर बांगर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्व नगर।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि ग्राम/सैक्टर-खानपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या के.ए.एस01815 भूखण्ड संख्या 56 पाकेट-के, क्षेत्रफल-210 वर्ग मीटर सर्वश्री हरप्रसाद, अशोक, रामानन्द, ईश्वर पुत्रगण श्री रामदत्त, श्रीमती रामवती पत्नी स्व० श्री रामदत्त, निवासी ग्राम कासना, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्रीमती रामवती पत्नी स्व० श्री रामदत्त की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री हर प्रसाद, अशोक, ईश्वर, परमानन्द पुत्रगण स्व० श्री रामदत्त उर्फ रामचन्द, श्रीमती विमला (विवाहित) श्रीमती मूर्ति (विवाहित) श्रीमती लाली (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री रामदत्त उर्फ रामचन्द निवासी ग्राम बिसायच, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से सर्वश्री हर प्रसाद, अशोक, ईश्वर, परमानन्द पुत्रगण स्व० श्री रामदत्त उर्फ रामचन्द, निवासी-ग्राम-बिसायच, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपति कार्यालय से दर्ज कराने का कष्ट करें अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों इनके वारिस सर्वश्री हर प्रसाद अशोक, ईश्वर, परमानन्द पुत्रगण स्व० श्री रामदत्त उर्फ रामचन्द, निवासी-ग्राम-बिसायच, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र०
प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**तैयारी** *अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज*

# देश-विदेश में होगा लाइव प्रसारण : डॉ.वेद टंडन

**नई दिल्ली,12 अगस्त (देशबन्धु)। श्रीराम और श्रीकृष्ण दोनों का जन्म अलग-अलग युगों में हुआ था। कृष्ण ने द्वापर युग में तो राम ने त्रेतायुग में अवतार लिया था। दोनों ही के स्वभाव में बहुत अंतर था। कृष्ण जहां बहुत ही चुलबुले, छैल छबीले थे, वहीं प्रभु श्रीराम मर्यादा पुरषोत्तम थे। दोनों में ही बहुत अंतर भले हो लेकिन बड़ी समानताएं यह है कि राम ने सत्य के लिए युद्ध कर लंका पर विजय हासिल की तो भगवान कृष्ण ने धर्म और अधर्म का युद्ध कराके अधर्म को पराजित किया। रामलीलाओं के रूप में हम भगवान श्रीराम की मर्यादाओं का चित्र विभिन्न स्थलों में आज भी देखते हैं।**

वहीं भगवान कृष्ण की लीला स्थली वृंदावन के बाद उस कुरुक्षेत्र में रामलीला साकार होने जा रही है जिस भूमि पर भगवान कृष्ण ने बिना शस्त्र उठाए ही धर्म और अधर्म के युद्ध में धर्म की पताका फहराने का काम किया था। ऐतिहासिक नगरी कुरुक्षेत्र गीता की प्राकट्य स्थली भी है। यही वह धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र है जहां भगवान श्रीकृष्ण का पंचजन्य गुंजा। इसी भूमि ने अर्जुन के गांडीव की टंकार सुनी तो अनेक योद्धाओं महारथियों के पराक्रम को भी देखा। अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ.वेद टंडन ने बताया कि राजा राम की नगरी ओरछा में भव्य रामलीला मंचन को भरपूर कामयाबी मिली। इसके साथ ही इस बार वर्ष 2023 में कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर स्थित गीता ज्ञान संस्थानम् में रामलीला मंचन का निर्णय लिया है। समिति के अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन ने इस दौरान कुरुक्षेत्र में स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज को शॉल ओढाकर व पुस्तक भेंट कर आशीर्वाद लिया।



■ 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक होगा रामलीला का मंचन

इस मौके पर सीबीएसई गर्वनिंग कमेटी की सदस्या व कमल मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन गार्डन की प्रधानाचार्या डॉ.वंदना टंडन, प्रसिद्ध साहित्कार विनोद बब्बर, समिति के डायरेक्टर सोमनाथ पवार, मीडिया प्रभारी जय सिंह कटारिया, मेबरिक पब्लिकेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर दुर्गेश समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे। रामलला की नगरी अयोध्या, राजा राम की नगरी ओरछा, हिमालय नगरी ऋषिकेश तथा देश के विभिन्न भागों में राजधानी के स्कूलों के किशोर छात्रों द्वारा मंचित की जाने वाली अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव आयोजन समिति के यशस्वी अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन को गीता ज्ञान संस्थानम् कुरुक्षेत्र के संस्थापक परम पूज्य स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की ओर से इस बार शारदीय नवरात्र 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक गीता ज्ञान संस्थानम् में रामलीला मानचित्र करने का आशीर्वाद और अनुमति प्राप्त हुई है। कार्यक्रम स्थल ऐतिहासिक पौराणिक ब्रह्म सरोवर के निकट है।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जकचरा प्रथककरण मुहिम, कचरे से खाद बनाने हेतु शहर वासियों को जागरूक करने के लिए मोटिवेट किया।

**डॉ. नितिन गौड़, नगर आयुक्त**

## प्राधिकरण के चेयरमैन ने सेक्टर-94 पशु आश्रय का किया निरीक्षण



**नोएडा,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज सिंह ने सीईओ लोकेश एम, एसीईओ और अन्य अधिकारियों के साथ सेक्टर-94 में एनिमल शेल्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेक्टर-94 के संचालन किए जाने वाले स्टॉफ के लिए दो मंजिला कार्यालय भवन बनाया जाए। पुराने स्टॉफ क्वाटर की मरम्मत कराई जाए। यहां कार्यरत स्टॉफ के लिए 10 नए क्वार्टर बनाए जाए। बड़े जानवरों के इलाज के लिए दो नए ट्रीटमेंट शेड बनाए जाए। वर्तमान की एंबुलेंस काफी पुरानी और जर्जर है 4 नई एंबुलेंस खरीदी जाए। एनिमल शेल्टर में कंपोस्ट प्लांट बनाकर गोबर की खाद बनाकर उसे बेचा जाए। एनिमल शेल्टर का दोबारा से ले आउट तैयार कर पुराने शेड को हटाकर नया बनाया जाए। स्ट्रे डॉग की नसबंदी के लिए 25 नए कैनल बनाए जाए। एनिमल शेलटर की वाइबिलिटी बढ़ाई जाए। विजिटर के लिए शौचालय बनाए जाए। कच्चे भाग में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई जाए।

# पार्किंग के 10 प्रतिशत हिस्से में बनाना होगा ईवी चार्जिंग स्टेशन

■ ग्रुप हाउसिंग, वाणिज्यिक व संस्थागत भूखंडों पर लागू ■ बिना इसके नक्शा नहीं होगा पास

**नोएडा,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग, वाणिज्यिक और संस्थागत भूखंडों पर चार्जिंग स्टेशन बनाना अनिवार्य कर दिया है। इस श्रेणी के भूखंडों का नक्शा तभी पास किया जाएगा जब इनके मानचित्र में शामिल पार्किंग के 10 प्रतिशत भाग पर इलेक्ट्रिक स्टेशन बनाया जाएगा।

इससे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलेगा और शहर के प्रदूषण में कमी आने के साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग की भी कोई दिक्कत नहीं होगी और वह आसानी से पार्किंग में चार्ज हो सकेंगे। ई-चार्जिंग की व्यवस्था को लेकर ही शासनस्तर पर एक बैठक आयोजित की गई है, जिसमें प्राधिकरण अभी तक ई-चार्जिंग को लेकर किए गए कार्यों की जानकारी दी गई।

**पुरानी सोसायटी को लेनी होगी अनुमति**

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि नोएडा में 100 से ज्यादा सोसाइटी है। इन सोसाइटी में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए प्राधिकरण से अनुमति लेनी होगी। यदि वे लगाना चाहते है। ये अभी तय किया जा रहा है कि सिर्फ अनुमति से काम हो जाएगा कि उन्हें नक्शे में इसे संशोधित करना होगा।

**दो श्रेणियों में बांटा गया चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर**

पॉलिसी के तहत दो श्रेणियों में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बांटा गया है। पहला आवासीय भवन या प्लाटेड हाउस। इसमें लगे स्टेशन का स्वामित्व निजी होगा। इसका कनेक्शन घरेलू मीटर के जरिए दिया जाएग। चार्जिंग का प्रकार स्लो चार्जर होगा। दूसरा सामूहिक भवन या निजी क्षेत्र में लगा चार्जिंग स्टेशन जो चार्जिंग के लिए वाणिज्यिक तरीके को पूरा करता है को सार्वजनिक माना जाएगा। इसके लिए वाणिज्यिक मीटर लगाया जाएग। इसमे ओपन चार्जिंग और भुगतान की सुविधा होगी। पब्लिक चार्जिंग स्टेशन प्रत्येक 25 किमी दोनों और राजमार्ग और सड़को के साथ। फास्ट चार्जिंग सुविधा प्रत्येक 100 किमी पर राजमार्गों के दोनों ओर और तीसरा बैटरी स्वैपिंग स्टेशन वैकल्पिक सुविधा के लिए।

**एक कार साल भर में रोकेगी कई टन $CO_2$ का उत्सर्जन**

ई-कार इस तरह के प्रदूषण को रोकने में कारगर है। प्रति ई-कार से प्रतिवर्ष 4.04 टन कार्बन डाईआक्साइड उत्सर्जन की बचत होने का अनुमान है। ई-कारों की चार्जिंग के लिए 295 एसी और 161 डीसी चार्जर को भी मंजूरी मिल चुकी है।

### एक घंटे की चार्जिंग में 100 किमी की दूरी होगी तय

ऐवरेज के हिसाब से इलेक्ट्रिक वाहन बेहतर है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया, एक घंटे की चार्जिंग में कार में लगा संयंत्र 80 प्रतिशत चार्ज हो जाएगा। इससे 100 किलोमीटर की दूरी तय की जा सकती है। यानी फुल चार्जिंग पर यह वाहन 120 किमी तक जा सकेंगे। 80 प्रतिशत की चार्जिंग में कुल 14 यूनिट खर्च होगी। इस हिसाब देखा जाए तो पेट्रोल व डीजल से चलने वाले वाहनों के मुकाबले ई-कार बहुत कम खर्चीली व फायदेमंद होगी।

**एक नजर में इलेक्ट्रिक स्टेशन प्रोजेक्ट**

कुल इंस्टाल्ड चार्जर- 69
इंस्टाल्ड चार्जिंग प्वाइंट-139
कार्यरत चार्जर-32
कार्यरत चार्जिंग प्वाइंट- 46

# पुलिस ने फर्जी मुन्ना भाई को किया गिरफ्तार



■ फर्जी एमबीबीएस की डिग्री, एंबुलेंस कार, नकली विवाह प्रमाण-पत्र बरामद

**ग्रेटर नोएडा,**12 अगस्त (देशबन्धु)। दादरी पुलिस ने एक ऐसे मुन्ना भाई को गिरफ्तार किया है, जो फर्जी एमबीबीएस की डिग्री बनाकर अलग-अलग कई लड़कियों से शादी कर बैंकों से फर्जी तरीके से लोन ले लेता था, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ग्रेटर नोएडा की दादरी कोतवाली पुलिस बड़े ही शातिर किस्म के एक व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक पूर्णव शंकर को संजय दत्त की फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस देखकर धोखाधड़ी और जालसाजी करने का आइडिया आया। अपनी पहली पत्नी होने के बावजूद दिल्ली के रहने वाली एक लड़की से उसने फर्जी तरीके से आर्य समाज मंदिर का सर्टिफिकेट बना लिया और एक लड़की से शादी कर ली। लड़की को जब आरोपी पूर्णव शंकर शिंदे की पहली शादी के बारे में पता चलने के बीच कहासुनी होने लगी। पत्नी से झगड़ा करने के बाद उसकी एमबीबीएस की डिग्री, आधार कार्ड और पैन कार्ड लेकर फरार हो गया। लड़की को अपने जाल में फंसा कर आर्य समाज मंदिर के बनाए गए फर्जी सर्टिफिकेट के माध्यम से शादी कर ली। आरोपी ने अपनी गाड़ी पर जिला महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी लिखवा रखा था। आरोपी युवक महाराष्ट्र के जलगांव का रहने वाला है। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक ने एक फाउंडेशन बनाकर अस्पताल के बिल बनाए जाते थे। उसके पास से एक एम्बुलेंस, एक कार, एक मोबाइल फोन, एक पैन कार्ड, पूजा के नाम का जाली विवाह प्रमाण पत्र, पांच अन्य विवाह प्रमाण पत्र और 19 एमबीबीएस की डिग्री के पेपर और एक मेडिकल प्रमाण पत्र बरामद हुआ है।

## सार संक्षेप

### खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



**बुलंदशहर।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जनपद में युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में विभिन्न खेल मैदानों/स्टेडियम, सार्वजनिक स्थलों पर खेलकूद प्रतियोगिता, नशामुक्ति शपथ एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन युवक /महिला मंगल दलों द्वारा किया गया। गांव गांव में युवाओं को नशा छोड़ने एवं अन्य को प्रेरित करने हेतु शपथ एवं गोष्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण स्टेडियम अरनिया पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कलाखुरी गांव की टीम कप्तान प्रदीप चौहान के नेतृत्व में विजई रही, एवं अरनिया की टीम नीरज चौहान के नेतृत्व में उपविजेता रही। इस मौके पर व्यायाम प्रशिषक दीपक कुमार, कोच इंद्रपाल सिंह एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने सुनी जनता की समस्याएं



**गाजियाबाद।** सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. विजय कुमार सिंह शनिवार को क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और उन सभी का कुशलक्षेम जाना। सांसद ने कई समस्याओं का तत्काल रुप से निवारण किया और अन्य सभी को आश्वस्त किया जो समस्याएं अभी बनी हुई है, जल्द से जल्द उनका निवारण होगा।

### नोएडा में कार स्टंट का वीडियो वायरल

**नोएडा।** नोएडा की सड़क पर कार से स्टंट कर रील बनाई गई। इसका एक वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए कार चालक का 23 हजार 500 रुपए का चालान किया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इस तरह की स्टंट और वीडियो नहीं बनाए। ये खतरनाक हो सकता है। वीडियो 20 सेकंड का है। इसमें दो युवक कार से स्टंट करते दिख रहे है। दोनों युवक कार में बैठे रहते है। इसके बाद ड्राइविंग सीट के बगल में बैठा युवक कार की छत पर आकर बैठ जाता है। कुछ ही सेकंड में ड्राइविंग सीट पर बैठा युवक भी बाहर आता है। कार की छत पर बैठ जाता है। इसके बाद भी कार चलती रहती है। गनीमत ये है कि जिस सड़क पर ये स्टंट किया जा रहा है वो खाली है। अन्यथा कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था। ट्विट शिकायत करने के बाद पुलिस ने एक्शन लेते हुए कार का 23 हजार 500 का ऑनलाइन चालान किया। वहीं कार चालक की तलाश की जा रही है।

# शत्रु संपत्ति पीड़ितों का जल्द समाधान नहीं हुआ तो तहसील में डाल दूंगी अलीगढ़ का ताला : पूनम पंडित



**गाजियाबाद,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। शत्रु संपत्ति जन संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में तहसील परिसर में चल रहे धरने के आज तीसरे दिन संयुक्त किसान मजदूर संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम पंडित व राष्ट्रीय सिंगर टीकम नागर ने हजारों लोगों के बीच में पहुंचकर अपना समर्थन दिया। पूनम पंडित ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रशासन के द्वारा गलत तरीके से 18 सो भीगे जमीन को गलत तरीके से शत्रु संपत्ति घोषित करके जो अन्याय लाखों लोगों के साथ किया है। उसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा हम इस लड़ाई में पूर्ण रूप से मोर्चा के साथ हैं। उन्होंने कहा कि अगर जल्द से जल्द कागजों से शत्रु संपत्ति नहीं हटाई गई तो पूनम पंडित इस तहसील कार्यालय में अलीगढ़ का ताला लाकर डाल देगी। राष्ट्रीय सिंगर टीकम नागर ने पीड़ितों का समर्थन करते हुए इस लड़ाई को मजबूती से लड़ने की बात कही और उन्होंने एक शत्रु संपत्ति पर रागिनी सुना कर हजारों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

आज तहसील में महिला बड़ी संख्या में उपस्थित रही शत्रु संपत्ति जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. बबली गुर्जर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए आंदोलन को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। आज की सभा की अध्यक्षता सतबीर प्रजापति ने की जबकि संचालन राहुल गुर्जर ने किया। हरेंद्र शर्मा, कालू चेयरमैन, प्रदीप कसाना, राहुल कलछीना, राज वर्मा, नवाब प्रधान, संजय चौधरी सभासद राहुल देव सभासद दुष्यंत यादव सभासद प्रवीण गुर्जर सभासद प्रदीप कालू सभासद नवाब अली, साहब सिंह गुर्जर, विपिन जिंदल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नगर निगम की स्वच्छता की पाठशाला में एसबीएम 2023 में प्रथम आने के लिए हुआ मंथन



**गाजियाबाद,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम सभागार में शनिवार को स्वच्छता की पाठशाला आयोजित की गई। जिसमें महानगर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए रणनीति तैयार की गई। साथ ही नगर आयुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 को लेकर समस्त एस एफ आई, समस्त सुपरवाइजर सभी जोन के सफाई नायको, हेड मालियों, जलकल विभाग की टीम, निर्माण विभाग की टीम को मोटिवेट किया, मौके पर समस्त जोन के जोनल प्रभारी भी उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारियों तथा स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बुलाया गया स्वच्छता को लेकर विशेष बिंदुओं पर चर्चा हुई।

■ नगर आयुक्त ने किया मोटीवेट

नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जकचरा प्रथककरण मुहिम, कचरे से खाद बनाने हेतु शहर वासियों को जागरूक करने के लिए मोटिवेट किया।

गौड़ ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को उत्साहित करते हुए पुनः स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन आने के लिए योजना बद्ध तरीके से कार्य करने का आह्वान किया। डॉ. मिथिलेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश ने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है जिसके लिए कार्य योजना के अनुसार कार्य कर रहे हैं। नगर आयुक्त गाजियाबाद डॉ. नितिन गौड़ ने बैठक के दौरान निर्माण तथा उद्यान विभाग को भी स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# सखा एक पहल के तहत माहवारी के बारे बच्चों को किया जागरूक



**नोएडा,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। गांव निठारी स्थित बी एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में सखा एक पहल और युवा क्रांति सेना के द्वारा मासिक धर्म जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता सारा वर्मा और वानी गुप्ता रहीं। इस कार्यक्रम के दौरान कई छात्राओं ने मासिक धर्म चक्र के समय अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपाय की जानकारी ली और लिकोरिया जैसी बीमारी के उपचार के बारे में भी जाना। इस अवसर पर छात्राओं को डायमंड बुक द्वारा मासिक धर्म के विषय पर लिखी गई कॉमिक्स भी बच्चों को दी गई। सारा वर्मा ने बताया की मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है इसके बारे में निःसंकोच बात होनी चाहिए।

अगर आप लोग खुलकर बात नहीं करेंगे तो आप अपनी आने वाली पीढ़ियों की झिझक को किस तरह से मिटायेंगे। वानी गुप्ता ने कहा कि महावारी कोई अपराध नहीं है जो हम दूसरो से छुपाएं या डरें। यह हमारे जीवन का हिस्सा है। इस अवसर पर सखा एक पहल की अध्यक्षा विभा चुघ, युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह और बी एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के संस्थापक राजेश अंबावता ने महिलाओं और छात्राओं को ऐसी तमाम बीमारियों के उपचार के लिए महीने में दो दिन मेडिकल कैंप के आयोजन और जल्द ही इन बीमारियों के उपचार में प्रयोग होने वाली महंगी दवाइयों का दवा बैंक खोलने का भी निर्णय लिया जहां से वह सभी निःशुल्क दवाइयां ले सकेंगी।

# किसानों ने भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष की कार्यशैली पर उठाए सवाल

■ किसानों के नए संगठन की जल्द की जाएगी घोषणा



**नोएडा,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। सदरपुर गांव में नोएडा के गांव के किसानों की एक पंचायत हुई। इस पंचायत में उपस्थित सभी किसानों ने भारतीय किसान परिषद को सर्व समिति से छोड़ने का निर्णय लिया। छोड़ने का कारण भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष की कार्यशैली को बताया गया। संगठन को छोड़ने वाले लगभग सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि संगठन को रजिस्टर न करना व संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों में कोर कमेटी की सहभागिता और परमिशन न लेना बताया गया। नए संगठन की जल्द ही घोषणा की जाएगी। घोषणा के समय ही संपूर्ण कार्यकारिणी के सदस्यों व संविधान का ब्यौरा दिया जाएगा। पंचायत मैं उपस्थित मुख्य लोगों में सुधीर चौहान, सुरेंद्र प्रधान, आशीष चौहान, मुनेश प्रधान, अशोक चौहान, सुरेश त्यागी, फिरे सिंह, राजबीर चौहान आदि ने तत्काल प्रभाव से भारतीय किसान परिषद छोड़ने की घोषणा की। इस अवसर पर पंचायत में चरण सिंह प्रधान, सूरज प्रधान, प्रमोद त्यागी, विमल त्यागी, कंवरपाल प्रधान, गौतम लोहिया, गौतम अवाना, सुरेश त्यागी, प्रिंस भाटी, नीरज गुर्जर, प्रवीण भाटी, अनार सिंह आर्य, प्रवीण चौहान छपरोली, सुधीर चौहान बाजितपुर, महेंद्र कसाना, राजवीर प्रधान असगरपुर, तरुण भाटी, महेंद्र चौहान, गौतम चौहान असगरपुर, मास्टर वीर सिंह बडोली अभी सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

# विवि ने सेवाएं बहाल करने का कॉलेज को दिया निर्देश

**ग्रेटर नोएडा,**12 अगस्त (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क-दो स्थित ग्रेटर नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट संस्थान से कार्यमुक्त किए जाने को लेकर चौधरी चरण सिंह विवि से डॉ. त्रिदेव कुमार प्राचार्य ने गुहार लगायी। मामले को संज्ञान में लेते हुए विवि ने दोबारा ज्वाइन करने व लम्बित वेतन का भुगतान करने के लिए निर्देशित किया है। चौधरी चरण सिंह विवि के कुलसचिव ने मामले को संज्ञान में लेते हुए ग्रेटर नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट को निर्देशित किया गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विवि अधिनियम 1973 के तहत किसी भी शिक्षक की सेवाओं को समाप्त करने से पहले विवि के कुलपति के अनुमोदन के बिना सेवाएं समाप्त करना विधि विरुद्ध है। इसी कॉलेज में विधि विभाग के शिवकुमार को बिना कुलपति के अनुमोदन के निकाल दिया है, जो विधि विरुद्ध है। दोनों लोगों ने विवि के कुलपति से अपनी सेवाएं बाहाल करने व वेतन के भुगतान की गुहार लगायी है।

# अंगदान मृत्यु के बाद अपने अंगों को जीवित रखने का एक खूबसूरत माध्यम



■ विश्व अंगदान दिवस आज

**ग्रेटर नोएडा,**12 अगस्त (देशबन्धु)। प्रत्येक वर्ष 13 अगस्त को मनाया जाने वाला विश्व अंगदान दिवस इस तथ्य की याद दिलाता है कि शरीर के महत्वपूर्ण अंगों के लाइलाज स्थिति में पहुंचा जाने पर, अंगदान ही एकमात्र नया जीवनदान देने का विकल्प है। भारत में ही लाखों मरीज लीवर, किडनी, फेफड़े, दिल आदि जैसे महत्वपूर्ण अंगों के ट्रांसप्लांट के लिए अंगदान की आस लगाए रहते हैं ताकि वो एक नए जीवन की शुरुआत कर सकें। विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर अंगदान के महत्व के जागरूकता के लिए फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के डॉक्टर्स ने सभी से अपील की।

फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के जाने माने ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. आशीष सचान ने कहा कि लीवर प्रत्यारोपण, विशेष रूप से लीवर की पुरानी बीमारियों से पीड़ित मरीज को नया जीवनदान दे सकता है। लीवर ट्रांसप्लांट न केवल शरीर स्वस्थ होता है बल्कि यह रोगी और समाज में नई आशाओं का संचार करता है। एक सफल प्रत्यारोपण के पीछे असली नायक अंग दाता हैं। डॉ. सचान बताते हैं कि मरने के बाद अंगदान कर लोग जान बचा सकते हैं। उनकी निःस्वार्थता परिवारों को एक साथ ला सकती है और निराशा को एक उज्जवल भविष्य से बदल सकती है।

फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. संकेत पाटिल भारत में पर्याप्त अंग दाताओं के न होने की एक बड़ी समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए कहते हैं, देश बहुत से लोगों को किडनी प्रत्यारोपण की आवश्यकता है, लेकिन अंगदाताओं की कमी के कारण केवल कुछ ही इसे प्राप्त कर पाते हैं। अंगों की कमी के कारण हर दिन 17 लोग मर जाते हैं।

भारत में भी स्पेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के अंगदाताओं से प्रेरणा लेकर लोगों को अंगदान के लिए आगे आना चाहिए। इसके लिए सामुदायिक जागरूकता, परामर्श और लोगों द्वारा ली गई अंगदान की शपथ बहुत बड़ा फर्क ला सकती हैं। मृत्यु पश्चात एक कैडेवर डोनर आठ लोगों को अलग-अलग अंग देकर उन्हें नया जीवन दान दे सकता है। वास्तव में, अंगदान मृत्यु के बाद भी दूसरों को जीवन देते हुए अपने अंगों को जीवित रखने का एक खूबसूरत माध्यम है।

### तेज दर्द से परेशान मरीज का सफलतापूर्वक इलाज

**नोएडा।** पेट में रक्तस्राव के कारण असहनीय दर्द से जूझ रहे मरीज का फेलिक्स अस्पताल के डॉक्टरों ने लेप्रोटॉमी के जरिये सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया है। 45 वर्ष के मरीज राकेश कुमार को 26 जुलाई 2023 को रात 9.20 बजे पेट में तेज दर्द की शिकायत के साथ सेक्टर-137 के फेलिक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इससे पहले शाम चार बजे उन्हें चोट लग गई थी। फेलिक्स अस्पताल में जांच के दौरान पता चला कि मरीज का हीमोग्लोबिन स्तर 5.9 ग्राम/डीएल है। यह हीमोग्लोबिन की गंभीर है। हालांकि मरीज का रक्तचाप स्थिर था। एक्सरे में 5 गुना 1 सेमी का फारेन बॉडी का पता चला। जिसके कारण लगातार रक्तस्राव का हो रहा था और पेट दर्द की समस्या बनी हुई थी। भर्ती के बाद अगले दिन लैपरोटॉमी की गई। सीनियर लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. रितेश अग्रवाल के नेतृत्व में सर्जिकल टीम ने पेट के अंदर रक्तस्राव को सफलतापूर्वक इलाज कर महत्वपूर्ण अंगों को संरक्षित किया है। एनेस्थीसिया टीम डॉ. आराधना और डॉ. अभिमन्यु राणा के सहयोग से सर्जिकल प्रक्रिया से पेट की गुहा में लगभग 2.5 लीटर रक्त के महत्वपूर्ण संचय का पता चला। जिसका तुरंत इलाज किया गया।

# टावर से बैट्री चोरी करने वाले 8 गिरफ्तार

■ 2008 से है क्रिमिनल रिकार्ड, दिल्ली था चोरी का सेंटर, 30 बैट्रियां बरामद

**नोएडा,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। मोबाइल टावरों से बैट्रियां और सेल चोरी करने वाले गिरोह के आठ लोगों को थाना सेक्टर-24 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से मोबाइल टॉवरों की चोरी की हुई 30 बैट्रियां चोरी करने के औजार, 39 हजार 190 रुपए व दो अदद नाजायज चाकू व घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी बरामद किया गया है।

डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि 7 अगस्त को एक सूचना मिली थी कि सेक्टर 25ए की ग्रीन बेल्ट मे लगे इण्डस मोबाइल टॉवर से अज्ञात चोरो ने 24 बैट्रियां चोरी की है। इसकी एक एफआईआर भी कोतवाली सेक्टर-24 में दर्ज किया गया। जिसके बाद पुलिस ने इलेक्ट्रनिक इंटेलिजेंस और मुखबीर की जानकारी पर आठ लोगों को सेक्टर-11 से गिरफ्तार किया। इनकी पहचान मौहम्मद जकी उर्फ कलुआ, नदीम पुत्र मुकर्रम, निर्दोष पुत्र देवपाल, गोविन्द उर्फ गोविन्दा, मुरारी पुत्र उदयवीर, रामवीर पुत्र धर्मपाल, विकास उर्फ विक्की और मौहम्मद कासिम पुत्र मौहम्मद इमामी के रूप में हुई है।

**दिल्ली था अपराध क्षेत्र, चार महीने से नोएडा में हुए सक्रिय**

डीसीपी ने बताया कि इनका क्रिमिनल रिकार्ड 2008 से है। इसके पहले भी ये लोग घटनाएं कर रहे है। इन लोगों ने मिलकर दिल्ली के सरायकाले खां, आईपी स्टेट, नांगलोई, मंडावली आदि क्षेत्र में कई घटनाएं की है। चार महीने से नोएडा में ये सक्रिय हुए थे। सर्विस प्रोवाइडर की शिकायत के बाद पुलिस ने इनको गिरफ्तार किया।

उवाच

जेवर एयरपोर्ट भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसलिए इसके किसी भी कार्यों में शिथिलता न बरती जाए। सड़क निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित समय अवधि के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशा को मूर्त रूप प्रदान किया जा सके। **मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी**

# कैपिटल ज़ोन

# ग्रेनो प्राधिकरण की बोर्ड ने 22000 फ्लैट खरीदारों को दी राहत

**ग्रेटर नोएडा,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अपने फ्लैट आवंटियों को बड़ी राहत दे दी है। प्राधिकरण बोर्ड ने शनिवार

- **प्राधिकरण से निर्मित फ्लैटों के आवंटियों के लिए ओटीएस पर बोर्ड की मुहर**
- **प्रीमियम, अतिरिक्त प्रतिकर व लीज डीड विलंब शुल्क पर लगी पेनल्टी से राहत**
- **2200 फ्लैट खरीदारों को मिलेगा लाभ, प्राधिकरण को 468 करोड़ मिलने का अनुमान**

को बहुमंजिला फ्लैटों के आवंटियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) को मंजूरी दे दी है। अब यह ओटीएस तीन माह के लिए लागू होगी, जिससे प्रीमियम, अतिरिक्त प्रतिकर व लीज डीड विलंब शुल्क पर लगी पेनल्टी से राहत मिल जाएगी। लगभग 2200 फ्लैट खरीदारों को इसका फायदा मिलने की उम्मीद है और प्राधिकरण को लगभग 468 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है।



प्राधिकरण के संपत्ति विभाग की तरफ से बहुमंजिला फ्लैटों के आवंटियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का प्रस्ताव रखा गया।

विभाग की तरफसे बोर्ड को बताया गया कि एकमुश्त समाधान योजना लागू करने से लगभग 2200 बहुमंजिला फ्लैटों की लीज डीड होने निष्पादित होने का अनुमान है। इससे प्राधिकरण को 468 करोड़ रुपए की बकाया धनराशि भी प्राप्त हो सकती है। बोर्ड ने इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। ओटीएस के लागू होने प्रीमियम की बकाया धनराशि और प्रतिकर पर पेनल्टी से राहत और लीज डीड के विलंब शुल्क की धनराशि पर 40 से 80 फीसदी (60 वर्ग मीटर तक के फ्लैट) और 20 से 40 फीसदी (60 वर्ग मीटर से अधिक) की राहत मिल जाएगी।

**स्कीम एरिया फ्लैटों की संख्या**

बीएचएस 7 32 20
बीएचएस 11 30 128
बीएचएस 10 40 143
बीएचएस 12 86 से 120 150
बीएचएस 14 35.96 156
बीएचएस 16 29.76 1321
बीएचएस 17 58.18 255

## बोर्ड बैठक का किसानों के पक्ष में अहम फैसला

- **किसानों को भवन निर्माण पर अब कोई शुल्क नहीं, परिवार से बाहर बेचा तो लगेगा शुल्क**
- **आबादी भूखंडों के उप विभाजन की न्यूनतम सीमा 40 मीटर पर भी मुहर**
- **ग्रामीण आबादी पर भवन निर्माण की अधिकतम ऊंचाई 15 मीटर भी मंजूर**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग को प्राधिकरण बोर्ड ने पूरी कर दी है। बोर्ड ने शनिवार को संपन्न बोर्ड बैठक में किसानों के पक्ष में तीन अहम फैसले लिए हैं। पहला, अब तक जो किसान प्राधिकरण से प्राप्त आबादी की जमीन पर घर नहीं बना पाए हैं, वे अब बिना विलंब शुल्क के निर्माण कर सकते हैं। बशर्ते, अगर उन्होंने परिवार के बाहर बेच दिया तो यह छूट नहीं मिलेगी। दूसरा, किसानों को आवंटित आबादी भूखंडों के उप विभाजन की न्यूनतम सीमा 40 मीटर कर दी गई है जो कि अब तक 120 मीटर थी। बशर्ते यह विभाजन मूल काश्तकार और झउनके उत्तराधिकारी गण के बीच नियोजन के नियमों को ध्यान में रखते हुए ही होगा। तीसरा, ग्रामीण आबादी पर निर्माण की अधिकतम ऊंचाई नोएडा के समान करते हुए 11 मीटर से बढ़ाकर 15 मीटर कर दी गई है।

औद्योगिक विकास आयुक्त और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 131 वीं बोर्ड बैठक हुई, जिसमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम और यमुना प्राधिकरण के एसीईओ कपिल सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ अमनदीप डुली व एसीईओ आनंद वर्धन समेत बोर्ड के अन्य प्रतिनिधिगण भी शामिल हुए, जिसमें छह फीसदी और नियोजन की तरफ से ये तीनों प्रस्ताव रखे गए, जिस पर बोर्ड ने मुहर लगा दी है। बोर्ड ने निर्णय लिया है कि भविष्य में किसान आबादी के भूखंडों पर मूल किसान या फिर उनके उत्तराधिकारीगण को प्राप्त भूखंडों पर भवन निर्माण करने समय से न बना पाने पर विलंब शुल्क नहीं लगेगा, लेकिन अगर किसान ने परिवार के बाहर किसी व्यक्ति को भूखंड बेच दिए तो यह छूट खत्म हो जाएगी। इसके साथ ही किसानों की एक और पुरानी मांग पर भी बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। किसानों को प्राप्त होने वाले भूखंडों के उप विभाजन का न्यूनतम एरिया 40 मीटर कर दिया गया है। बशर्ते, आबादी भूखंडों पर इस उप विभाजन की अनुमति मूल कास्तकार और उसके उत्तराधिकारीगण को ही मिलेगी।

बशर्ते यह विभाजन मूल काश्तकार और उनके उत्तराधिकारी गण के बीच नियोजन के नियमों को ध्यान में रखते हुए ही होगा। अब तक यह 120 मीटर था। इसके साथ ही ग्रामीण आबादी पर निर्माण की अधिकतम ऊंचाई 15 मीटर करने की मांग भी प्राधिकरण बोर्ड ने मान ली है। वर्तमान समय में यह 11 मीटर है। इसे नोएडा के समान 15 मीटर कर दिया गया है।

## एओए के गठन से पहले का बिल बिल्डर देगा

- **ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने प्रस्ताव पर लगाई मुहर**
- **बिल्डर से विवाद होगा खत्म, सोसाइटियों को मिलेगा फायदा**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा व ग्रेनो वेस्ट में पानी के बकाया बिलों को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद अब खत्म हो सकेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने साफ कर दिया है कि अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन (एओए) के गठन की तिथि से पानी का बिल एओए देगा, जबकि इससे पहले का बिल बिल्डर को जमा करना होगा।

ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट में करीब 200 सोसाइटियां विकसित हो रही हैं। इनमें से अब तक लगभग 35 सोसाइटियों के पानी के बिल को लेकर बिल्डर व एओए में लंबे समय से विवाद चल रहा है। अब तक कोई स्पष्ट पॉलिसी न होने के कारण अड़चन आ रही थी। बिल्डर हैंडओवर होते ही सभी बकाया देयता के लिए एओए को जिम्मेदार बताने लगे हैं, जबकि एओए हैंडओवर से पहले के सभी देयता के लिए बिल्डर को जिम्मेदार मानते हैं। प्राधिकरण बोर्ड इस आशय का प्रस्ताव रखा गया। बोर्ड ने इस पर मुहर लगाकर साफ कर दिया कि कि अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन (एओए) के गठन की तिथि से पानी का बिल एओए देगा, जबकि इससे पहले का बिल बिल्डर को जमा करना होगा। इससे प्राधिकरण को भी अब पानी का बकाया बिल लगभग 65 करोड़ प्राप्त करने में आसानी होगी।

### 71 हजार हेक्टेयर एरिया में बसेगा ग्रेनो फेस टू

ग्रेटर नोएडा का फेस टू लगभग 40 हजार हेक्टेयर में बसाया जाएगा। प्राधिकरण बोर्ड ने मास्टर प्लान 2041 को मंजूरी दे दी है। ग्रेटर नोएडा का पहला फेज 31733 हेक्टेयर का है। दोनों चरण विकसित होने के बाद ग्रेटर नोएडा कुल लगभग 71 हजार हेक्टेयर का हो जाएगा। ग्रेटर नोएडा फेस टू में उद्योगों को अधिक प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा आवासीय, ग्रामीण आबादी, मिक्स लैंड यूज, ग्रीनरी, संस्थागत, और ट्रांसपोर्ट के लिए एरिया प्रस्तावित की गई है।

## 435 करोड़ रुपए के कर्ज का बोझ कम करेगा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा।** जमीन अधिग्रहण, विकास कार्य समेत अन्य कार्यों के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एनसीपीआरबी, विभिन्न बैंक व नोएडा प्राधिकरण से कर्ज ले रखा है। प्राधिकरण किस्तों के भुगतान के साथ ही बकाया रकम का समय पूर्व भुगतान करने की कोशिश कर रहा है। इससे कर्ज के एवज में बैंकों व अन्य वित्तीय संस्थाओं के पास बंधक पूंजी भी छूट जाएगी। इसी क्रम में प्राधिकरण ने 435 करोड़ रुपए के कर्ज को चुकाने का निर्णय लिया है। वित्त विभाग के इस प्रस्ताव पर बोर्ड ने मुहर लगा दी है। इस रकम में से लगभग 421 करोड़ रुपए एचडीएफसी बैंक और 14.50 करोड़ रुपए एनसीआरपीबी का है। प्राधिकरण इन लोन का चुकाकर बैंक गारंटी छुड़ा लेगा।

### 33 सेक्टरों में गंगाजल की सप्लाई

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड के समक्ष 85 गंगाजल परियोजना की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। जल विभाग के मुताबिक वर्तमान समय में 33 सेक्टरों में गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। अगस्त माह तक 39 सेक्टरों तक गंगाजल पहुंचा दिया जाएगा। पहले चरण में कुल 58 सेक्टरों में गंगाजल पहुंचाये जाने की योजना है, जिसे आगामी सितम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा।

## ट्रक में मिला चालक का शव

**रबूपुरा,**12 अगस्त (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार को जीरो पॉइंट से 24 किलोमीटर की दूरी पर खड़े ट्रक मे मिले अज्ञात शव की पहचान कर ली गई है। कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान इमरान निवासी झारखंड के रूप में हुई है। वह इसी ट्रक पर चालक था। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर आगे की जांच जारी है। ज्ञात हो रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे पर एक ट्रक के केबिन में अज्ञात शव मिला था। आशंका थी कि किसी विवाद के बाद क्लीनर चालक की हत्या करके फरार हो गया है। शनिवार को शव की पहचान ट्रक चालक इमरान निवासी झारखंड के रूप में हुई है।

**NAME CHANGE**

In my passport and educational certificate my name is Jitendra Kumar and father's name is Rajendra prasad and address is Banisrael Amba Cinema Compound Jewar Which is wrong. As per my Aadhaar card and PAN card, my name is Jitender Kumar Sharma and father's name Rajendra Prasad Sharma and address Mohalla Baniisrail, Jewar, Gautam Buddha Nagar should be entered. Jitender Kumar Sharma S/o Rajendra Prasad Sharma R/o Mohalla Baniisrail, Jewar, Gautam Buddha Nagar

**NAME CHANGE**

I, Toran Talwar W/o Alakh Prasad Talwar R/o D-701, Vrinda City, Sector Phi-4, Greater Noida U.P. have changed my son's name from Hans Swarup Talwar to Hanswarup Talwar for all future purposes.

## जेवर एयरपोर्ट से आईजीआई को जोड़ने वाले एक्सप्रेस वे का निर्माण समय से हो पूरा : डीएम

- **डीएम ने निर्माणाधीन जेवर एयरपोर्ट के एक्सप्रेस वे निर्माण का किया स्थलीय निरीक्षण**

**ग्रेटर नोएडा,**12 अगस्त (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफइंडिया के द्वारा जेवर एयरपोर्ट से आईजीआई तक बनाई जा रही एक्सप्रेस वे का डीएम मनीष कुमार वर्मा ने शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया। एनएचएआई द्वारा कराए गए अब तक के कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा अपने



जनपद भ्रमण के दौरान जेवर एयरपोर्ट पहुंचें, जहां नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा जेवर एयरपोर्ट से आईजीआई तक बनाई जा रही एक्सप्रेस वे का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एक्सप्रेस वे निर्माण के लिए किये जा रहे कार्यों का बहुत ही गहनता के साथ निरीक्षण करते हुए कार्यों की समीक्षा की और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि जेवर एयरपोर्ट भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसलिए इसके किसी भी कार्यों में शिथिलता न बरती जाए। सड़क निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित समय अवधि के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशा को मूर्त रूप प्रदान किया जा सके। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, एनएचएआई के रीजनल ऑफिसर, परियोजना निदेशक तथा अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## ग्रेनो प्राधिकरण पर धरनारत किसानों की अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह से हुई वार्ता

- **प्राधिकरण अध्यक्ष ने किसानों को आश्वस्त किया, सभी समस्याएं जल्द होगी हल**

**ग्रेटर नोएडा,**12 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण कार्यालय पर 87 दिनों से धरना दे रहे किसानों के औद्योगिक विकास आयुक्त व प्राधिकरण अध्यक्ष मनोज कुमार ने शनिवार को बोर्ड में किसानों के साथ वार्ता की। प्राधिकरण अध्यक्ष के साथ किसानों के मुद्दे पर वार्ता हुई, जिसमें 10 फीसदी आबादी प्लाट, नए कानून को लागू करना, रोजगार की नीति, भूमिहीनों को 40 वर्ग मीटर का प्लाट एवं अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। किसान सभा का छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चेयरमैन से मिला प्रतिनिधिमंडल डॉक्टर रुपेश वर्मा, नरेंद्र भाटी निशांत रावल, गवरी मुखिया सुनील फौजी एवं राजू पल्ला शामिल रहे। चर्चा के बाद आईडीसी व अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि सभी समस्याएं जल्दी ही हल होंगी।

बता दें कि ग्रेटर नोएडा कार्यालय पर अखिल भारतीय किसान के नेतृत्व में 87 दिनों से लगातार धरना दे रहे है। शनिवार को दर्जनों की संख्या में किसानों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के विरुद्ध किया जोरदार धरना प्रदर्शन। प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों पर कॉलोनाइजरों के साथ मिलकर भ्रष्टाचार का लगाया आरोप।



ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में बैठक लेने शनिवार प्राधिकरण के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे। बोर्ड बैठक शुरू होने से अध्यक्ष ने धरनारत किसानों के छह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल को वार्ता के लिए बुलाया। करीब आधे घंटे तक किसानों की वार्ता चली। अध्यक्ष ने किसानों की सभी मांगों को सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी समस्याओं का हल निकाल लिया जाएगा। किसानों को थोड़ा धैर्य रखना होगा। अध्यक्ष से वार्ता के बाद किसानों ने मांगों पर सहमति बनने की उम्मीद दिखाई दी। किसानों ने कहा कि शासन स्तर पर जल्द किसानों की समस्याओं का समाधान निकालने की उम्मीद जागी है। इसके बाद भी किसानों ने कहा जब तक उनकी पूरी मांग पूरी नहीं हो जाती है उनका धरना अनवरत जारी रहेगा।

## डेल्टा-दो आरडब्लूए चुनाव के लिए दो पैनल से 19 लोगों ने किया नामांकन

**ग्रेटर नोएडा,**12 अगस्त (देशबन्धु)। सेक्टर डेल्टा-दो में आरडब्ल्यूए चुनाव के लिए शनिवार को सुबह 10 बजे से लेकर 2 बजे तक नामांकन प्रक्रिया चली। चुनाव अधिकारी राज सिंह मावी, महेंद्र प्रताप अध्याय, रिंकू भाटी, बृजेश भाटी, सत्येंद्र तिवारी, मुकेश कुमार, मनोज भाटी, कुलदीप भाटी आदि चुनाव कमेटी की देख रेख में सम्पन्न हुई। सेक्टर आर डब्लू ए डेल्टा टू के प्रबंध कार्यकारिणी 15 पदों पर चुनाव होना है, जिसमें सोसायटी के 2 पैनल सामने आए और 2 बजे तक कुल 15 पदों पर 19 लोगों ने चुनाव के लिए नामांकन किया। जिसमें की अध्यक्ष पद पर बॉबी भाटी व भोपाल भाटी एडवोकेट ने नामांकन किया। उपाध्यक्ष पद पर तीन नामांकन, महासचिव पद पर आलोक नागर व मनीष भाटी, कोषाध्यक्ष पद पर विनोद अग्रवाल व सीपी यादव ने सचिव पद पर 2 नामांकन संगठन सचिव पर दो नामांकन, सदस्य पर 6 नामांकन नामांकन किया।



## महिला ने पति समेत अन्य लोगों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**दनकौर,**12 अगस्त (देशबन्धु)। दनकौर कस्बा के बड़ा मोहल्ला की रहने वाली मनीषा की करीब आठ वर्ष पहले उसकी शादी ग्रेटर नोएडा के कम्बख्श पुर गांव के रहने वाले रोहित के साथ धूमधाम से हुई थी। शादी में उनके पिता द्वारा दहेज के रूप में कार समेत अन्य कीमती सामान भी दिया गया था। आरोप है कि इसके बावजूद भी अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए उसके पति रोहित, ससुर विनोद, सास धर्मवती और देवर अजय द्वारा मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि उसे जान से मारने का भी प्रयास किया गया, लेकिन सफल नहीं हो सके। पीड़िता द्वारा मामले की शिकायत दनकौर पुलिस से भी की गई लेकिन कार्रवाई नहीं हो सकी। बाद में पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली जिसके आदेश पर शनिवार को सभी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसे में घायल की उपचार के बाद मौत

**दनकौर,**12 अगस्त (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र स्थित यमुना एक्सप्रेस वे पर करीब एक माह पहले हुई दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई है। मृतक के स्वजन ने अज्ञात ट्रक चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। मैनपुरी के रहने वाले विनोद कुमार का कहना है कि उनका पुत्र कुलदीप कुमार कैंटर चलाता था। करीब एक माह पहले वह यमुना एक्सप्रेस वे होते हुए नोएडा के लिए आ रहा था। आरोप है कि जब उनकी गाड़ी दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित सालारपुर अंडरपास के नजदीक पहुंची तो आगे चल रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही से ब्रेक लगा दिए। ट्रक चालक की लापरवाही से हादसा हो गया और पीड़ित का बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद से ही घायल का उपचार चल रहा था। शुक्रवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़ित पिता ने अज्ञात ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर विकास भवन में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,**12 अगस्त (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के माध्यम से जिलाधिकारी के निर्देश पर आयोजित किये गये नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह ने विकास भवन के सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों को को शपथ दिलाई। इस दौरान कहा कि कभी नशा नहीं करेंगे, साथ ही साथ अपने विद्यालय के मित्र, मोहल्ले के साथी, परिवार के सदस्य एवं समाज के स्वजनों को नशे से दूर रहने की जागरूकता फैलाएंगे तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी पूर्ण भागीदारी निभाएंगे। (मुख्य विकास अधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का यह भी आहवान किया कि उनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के उद्देश्य से नशे के दुष्प्रभावों एवं परिणामों तथा नशे की लत से बचने को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि हम अपनी युवा पीढ़ी को नशे की लत से मुक्त रख सके और उनके भविष्य को उज्जवल बनाते हुए उन्नति के पथ पर अग्रसर कर सकें। इस कार्यक्रम का संचालन जिला युवा कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह, अर्थ एवं संख्या अधिकारी शिवराज, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तथा विकास भवन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



## दीपक की अपहरण व हत्या के पांच आरोपी गिरफ्तार

- **हत्या में शामिल दो बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया**
- **पैसे के लेनदेन के विवाद में दोस्त ने मिलकर उतारा मौत के घाट**

**ग्रेटर नोएडा,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। थाना सूरजपुर ने दीपक का अपहरण कर हत्या करने वाले पांच आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ 2 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में लिए गए, कब्जे से घटना में शामिल सामान बरामद किया। जानकारी के मुताबिक मृतक दीपक कुमार पुत्र मामचन्द व गौरव उर्फ पोपाया दोनों आपस में अच्छे दोस्त थे। इन दोनो में पैसो के लेन देन को लेकर विवाद था। अनिल उर्फ चील पुत्र गजेन्द्र सिंह की मृतक दीपक से पुरानी रंजिश चल रही थी। अनिल उर्फ चील व गौरव उर्फ पोपाया ने अपने अन्य साथियों सन्नी, गोल्डी उर्फ उदयराज, रॉकी तथा 2 बाल अपचारी के साथ मिलकर योजना बनाकर गौरव उर्फ पोपाया ने मृतक दीपक को बारात घर कस्बा सूरजपुर में बुलाकर हत्या कर शव को वैगनआर कार यूपी 16 सीए 2283 में रखकर हसनपुर नहर में फेक दिया था। मृतक दीपक की मोटर साइकिल तथा मोबाइल फोन को अलग स्थानों पर फेंक दिया था।

**नामजद आरोपियों की सर्विलांस की मदद से हुई गिरफ्तारी**

सूरजपुर थाना में दीपक पुत्र मामचन्द के गुम होने के सम्बन्ध में 8 अगस्त को गुमशुदगी दर्ज की गई थी। 10 अगस्त को गुमशुदा दीपक के पिता मामचन्द ने एक लिखित तहरीर देकर थाना में नामित आरोपी गौरव उर्फ पोपाया, अनिल उर्फ चील, सन्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज था। मुकदमा में नामित आरोपियों को इलेक्ट्रानिक सविलांस एवं मैनुअल इंटेलिजेंस की मदद से शनिवार को टूटी सड़क के पास तिलपता गोलचक्कर से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार बरामद की गई तथा आरोपी की निशादेही पर मृतक की मो.सा., मोबाइल फोन तथा 2 चाकू बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में घटना में सलिप्तता व साक्ष्य के आधार पर अन्य की गिरफ्तारी के साथ 2 बाल अपचारी को भी नियमानुसार थाना सूरजपुर के बाल कल्याण अधिकारी की निगरानी में लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी गौरव उर्फ पोपाया मृतक दीपक को उसकी मोटर साइकिल से लेकर बारात घर कस्बा सूरजपुर लेकर आया था। बारात घर कस्बा सूरजपुर में पहले से ही अनिल उर्फ चील तथा सन्नी साथ मिलकर योजना बद्ध तरीके से अनिल उर्फ चील, गौरव उर्फ पोपाया तथा सन्नी द्वारा दीपक का गला दबाकर एवं चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक दीपक के मोबाइल फोन को अभियुक्त सन्नी द्वारा लखनावली पुस्ता के पास छिपा दिया था। प्रकाश में आये अभियुक्त गोल्डी उर्फ उदयराज और रोकी ने दीपक की मोटर साईकिल को नालेज पार्क 3 पुस्ता पार सफीपुर के जंगल में छिपा दिया था। प्रकाश में दो बाल अपचारी द्वारा घटनास्थल बरात घर के फर्श पर गिरे मृतक दीपक के खून को साफ किया गया तथा शव को वैगनआर कार में रखवाया था।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# साहित्य

कहानी

# पुल पर बैठा बूढ़ा

■ अर्नेस्ट हेमिंग्वे

अमेरिकी कहानी



पुल को पार कर के यह देखना कि दुश्मन कहाँ तक आ पहुँचा है, यह मेरी ज़िम्मेदारी थी। आगे तक का एक चक्कर लगाकर मैं लौटकर पुल पर आ गया। अब पुल पर ज़्यादा घोड़ा-गाड़ियाँ नहीं थीं, और पैदल पुल पार करने वालों की संख्या भी कम थी। पर वह बूढ़ा अब भी वहीं बैठा था। 'आप कहाँ के रहने वाले हैं ?' मैंने उससे पूछा । 'मैं सैन कार्लोस से हूँ' उसने मुस्कराकर कहा ।

स्टील के फ़्रेम वाला चश्मा पहने एक बूढ़ा आदमी सड़क के किनारे बैठा था। उसके कपड़े धूल-धूसरित थे। नदी पर पीपों का पुल बना हुआ था और घोड़ा-गाड़ियाँ, ट्रक, मर्द, औरतें और बच्चे उस पुल को पार कर रहे थे। घोड़ा-गाड़ियाँ नदी की खड़ी चढ़ाई वाले किनारे से लड़खड़ाकर पुल पर चढ़ रही थीं। सैनिक पीछे से इन गाड़ियों को धक्का दे रहे थे। ट्रक अपनी भारी घुरघुराहट के साथ यह कठिन चढ़ाई तय कर रहे थे और किसान टखने तक की धूल में पैदल चलते चले जा रहे थे। लेकिन वह बूढ़ा आदमी बिना हिले-डुले वहीं बैठा हुआ था। वह बेहद थक गया था इसलिए आगे कहीं नहीं जा सकता था।

पुल को पार कर के यह देखना कि दुश्मन कहाँ तक आ पहुँचा है, यह मेरी ज़िम्मेदारी थी। आगे तक का एक चक्कर लगाकर मैं लौटकर पुल पर आ गया। अब पुल पर ज़्यादा घोड़ा-गाड़ियाँ नहीं थीं, और पैदल पुल पार करने वालों की संख्या भी कम थी। पर वह बूढ़ा अब भी वहीं बैठा था।

'आप कहाँ के रहने वाले हैं ?' मैंने उससे पूछा ।

'मैं सैन कार्लोस से हूँ' उसने मुस्कराकर कहा ।

वह उसका अपना शहर था । उसका ज़िक्र करने से उसे ख़ुशी होती थी, इसलिए वह मुस्कराया ।

'मैं अपने जानवरों की देखभाल कर रहा था' उसने बताया।

'ओह' मैंने कहा, हालाँकि मैं पूरी बात नहीं समझ पाया।

'हाँ, मैं जानवरों की देख-भाल करने के लिए वहाँ रुका रहा। सैन कार्लोस शहर को छोड़कर जाने वाला मैं आख़िरी आदमी था।'

वह किसी गड़ेरिए या चरवाहे जैसा नहीं दिखता था। मैंने उसके मटमैले कपड़े और धूल से सने चेहरे और उसके स्टील के फ़्रेम वाले चश्मे की ओर देखते हुए पूछा -- 'वे कौन से जानवर थे?'

'कई तरह के' उसने अपना सिर हिलाते हुए कहा, 'मुझे उन्हें छोड़कर आना पड़ा ।'

मैं पुल पर हो रही आवाजाही और आगे एब्रो के पास नदी के मुहाने वाली ज़मीन और अफ़्रीकी-से लगते दृश्य को ध्यान से देख रहा था। मन-ही-मन मैं यह आकलन कर रहा था कि कितनी देर बाद मुझे शोर का वह रहस्यमय संकेत मिलेगा, जब दोनों सेनाओं की आमने-सामने भिड़न्त होगी। किन्तु वह बूढ़ा अब भी वहीं बैठा हुआ था ।

'वे कौन-से जानवर थे ? ' मैंने दोबारा पूछा ।

'कुल तीन जानवर थे, 'उसने बताया' दो बकरियाँ थीं और एक बिल्ली थी और इनके अलावा कबूतरों के चार जोड़े थे ।'

'और आपको उन्हें छोड़कर आना पड़ा ?' मैंने पूछा ।

'हाँ, तोप की गोलाबारी के डर से । फ़ौज के कप्तान ने मुझे तोप की मार से बचने के लिए वहाँ से चले जाने को कहा था ।'

'क्या आपका परिवार नहीं है?' मैंने पूछा । मैं पुल के दूसरे छोर पर आख़िरी घोड़ा-गाड़ियों को किनारे की ढलान से तेज़ी से नीचे उतरते हुए देख रहा था।

'नहीं' उसने कहा, 'मेरे पास सिर्फ़ जानवर थे। उनमें से बिल्ली तो, ख़ैर, अपना ख़याल ख़ुद रख लेगी, लेकिन मेरे बाक़ी जानवरों का क्या होगा, मैं नहीं जानता ।'

'आप किस पार्टी के समर्थक हैं ?' मैंने पूछा ।

'सियासत में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है' -- वह बोला -- 'मैं छिहत्तर साल का हूँ। मैं बारह किलोमीटर पैदल चलकर यहाँ आया हूँ, और अब मुझे लगता है कि मैं और आगे नहीं जा सकता ।'

' लेकिन यह जगह रुकने के लिए अच्छी जगह नहीं है' मैंने कहा।' अगर आप चल सकें तो आगे सड़क पर आपको वहाँ ट्रक मिल जाएँगे, जहाँ से टौर्टोसा के लिए एक और सड़क निकलती है।'

'मैं यहाँ कुछ देर रुकूँगा' उसने कहा ।'और फिर मैं यहाँ से चला जाऊँगा। ट्रक किस ओर जाते हैं ?'

'बार्सीलोना की ओर' मैंने उसे बताया ।

'उस ओर तो मैं किसी को नहीं जानता।' उसने कहा, 'लेकिन आपका शुक्रिया। आपका बहुत-बहुत शुक्रिया ।'

खोई और थकी हुई आँखों से मुझे देखा और फिर अपनी चिन्ता बाँटने के इरादे से कहा, 'मुझे यक़ीन है, बिल्ली तो अपना ख़याल रख लेगी। बिल्ली के बारे में फ़िक्र करने की ज़रूरत नहीं। लेकिन बाक़ियों का क्या होगा? बाक़ियों के बारे में आप क्या सोचते हैं ?'

'मुझे तो लगता है कि शायद आपके बाक़ी जानवर और पंछी भी इस मुसीबत से सही-सलामत निकल जाएँगे ।'

'क्या आपको ऐसा लगता है ?'

'क्यों नहीं,' दूर झलक रही नदी के किनारे को देखते हुए मैंने कहा । वहाँ अब कोई घोड़ा-गाड़ी नहीं थी।

'लेकिन वे तोप के गोलों की मार से कैसे बचेंगे ? जब मुझे ही गोलाबारी की वजह से वहाँ से चले जाने के लिए कहा गया था?'

'क्या आपने कबूतरों का पिंजरा खुला छोड़ दिया था ?' मैंने पूछा ।

'जी हाँ ।'

'तब तो वे उड़ जाएँगे।'

'जी हाँ, वे ज़रूर उड़ जाएँगे। लेकिन बाक़ियों का क्या होगा? बेहतर होगा कि मैं बाक़ियों के बारे में सोचूँ ही नहीं।' उसने कहा।

'अगर आपने आराम कर लिया हो, तो मैं चलूँ' मैंने कहा। 'अब आप उठकर चलने की कोशिश कीजिए।'

'शुक्रिया' उसने कहा और वह उठ कर खड़ा हो गया, लेकिन उसके थके हुए पैर उसे नहीं सँभाल पाए, और काँपते हुए वह देख-भाल कर रहा था卐 उसने बेउम्मीदी से कहा, हालाँकि अब वह मुझसे बातचीत नहीं कर रहा था। 'मैं तो केवल अपने जानवरों की देख-भाल कर रहा था।'

अब उसके लिए कुछ भी नहीं किया जा सकता था। वह ईस्टर के रविवार का दिन था और फ़ासिस्ट फ़ौजें एब्रो की ओर बढ़ रही थीं। वह बादलों से घिरा सलेटी दिन था। बादल बहुत नीचे तक छाए हुए थे जिनकी वजह से दुश्मन के लड़ाकू जहाज़ उड़ान नहीं भर रहे थे। यह बात और यह तथ्य कि बिल्लियाँ अपनी देख-भाल ख़ुद कर सकती थीं। - उस बूढ़े के पास अच्छी क़िस्मत के नाम पर केवल यही चीज़ें मौजूद थीं।

**( अनुवाद - सुशांत-सुप्रिय )**

व्यंग्य

■ रेखा शाह आरबी



# नेताजी की केंचुली

भगवान.. जाने नेताओं को वह किस मिट्टी से तैयार करता है ! कि वह इतने अजब गजब तैयार होते हैं। कभी शेर जैसे दहाड़ कर दमदार होते हैं, तो कभी गधे के जैसे ढेचू- ढेचू करते रहते और लाचार होते हैं । जाने किस-किस प्राणियों से इनके गुण -दोष, ग्रह नक्षत्र मिलते रहते हैं । यह खुद भी नहीं जानते हैं वह तो मौके बेमौके उजागर होता है । तब इन्हें अपनी खुद की शक्ति का पता लगता है और जनता को ज्ञात होता है। कभी गिरगिट से तो ,कभी लोमड़ी से ,तो कभी सांप से और भी खतरनाक प्राणियों से उनके हावभाव बात व्यवहार मिलते जुलते रहते हैं। लेकिन हम यहां पर सांप की बात करेंगे सांप और नेताओं में यूं तो बहुत सी बाते एक समान एक जैसी है । लेकिन कुछ निम्न बातें गौर करने योग्य है :

❍कभी-कभी तो यह समझ में नहीं आता कि सांप नेता से शिक्षा ग्रहण करता है या नेता सांपों से शिक्षा ग्रहण करके आते हैं । सांप अपना जहर अपने बुरे समय के लिए बचा कर रखता है उसका इस्तेमाल यदा-कदा करता है। नेता भी अपने तरकस के सारे तीक्ष्ण तीर बचा कर रखते हैं अपने विपक्षी पार्टी को पटखनी देने के लिए और घात लगाकर वक्त पर इस्तेमाल करते हैं।

❍सबसे कॉमन बात है दोनों का ही केंचुली उतारना.. सांप जब तब अपनी पुरानी केचुली उतारकर हर बार अपने को नया कर लेता है । और वह ऐसा थोड़ा बढ़ने पर ही करता है । नेता भी हर चुनाव में एक नई केचुली पहन लेते हैं। जनता को दिखाने के लिए.. अपने को पाक साफ बताने के लिए, सब को विश्वास दिलाने के लिए । नेता भी अपनी केंचुली बहुत धीरे-धीरे उतारते हैं जैसे सांप धीरे-धीरे आराम से अपनी केंचुली उतारते है ।अच्छा है सांप कोई चुनाव नहीं लड़ता है।

❍सांप और नेता दोनों ही बहरे होते हैं इन्हें सामान्य तौर पर कोई भी आवाज सुनाई नहीं देती है। सांप हवा में पैदा होने वाली ध्वनि तरंगों को अपने त्वचा से महसूस करके प्रतिक्रिया करता है और नेता हवा में उठने वाली अपने खिलाफ तरंगों को अपनी अद्भुत क्षमता के द्वारा पहचान कर प्रतिक्रिया देते हैं । और उसका निस्तारण करते हैं। उसके अलावा अन्य समय पर शांत और चुपचाप शांति बनाए रखते हैं। चाहे आप उनके सामने ढोल बजाइए या नगाड़ा बजाइए कोई अंतर नहीं पड़ेगा।

❍सांप अपने से तीन गुना बड़े शिकार को भी आसानी से निगल जाता है । नेता भी अपनी आवश्यकता से सौ गुना अधिक माल बिना डकार लिए पचा जाते हैं। एसिडिटी भी नहीं होती और किसी को भनक भी नहीं लगने पाता है । ऐसे ही थोड़ी ना अपने देश में बड़े-बड़े घोटाले हो जाते हैं । और जनता को हवा भी नहीं लग पाती है कि वह लूट चुकी है। जनता को पता तो तब लगता है जब खेल खत्म पैसा सारा कुछ हजम हो चुका रहता है। जनता के पास हाथ मलने के अलावा कुछ नहीं रहता।

❍ कभी-कभी तो यह समझ में नहीं आता कि सांप नेता से शिक्षा ग्रहण करता है या नेता सांपों से शिक्षा ग्रहण करके आते हैं । सांप अपना जहर अपने बुरे समय के लिए बचा कर रखता है उसका इस्तेमाल यदा-कदा करता है। नेता भी अपने तरकस के सारे तीक्ष्ण तीर बचा कर रखते हैं अपने विपक्षी पार्टी को पटखनी देने के लिए और घात लगाकर वक्त पर इस्तेमाल करते हैं।

❍ सांप अपने से तीन गुना बड़े शिकार को भी आसानी से निगल जाता है । नेता भी अपनी आवश्यकता से सौ गुना अधिक माल बिना डकार लिए पचा जाते हैं। एसिडिटी भी नहीं होती और किसी को भनक भी नहीं लगने पाता है । ऐसे ही थोड़ी ना अपने देश में बड़े-बड़े घोटाले हो जाते हैं । और जनता को हवा भी नहीं लग पाती है कि वह लूट चुकी है।

दोनों में और भी बहुत सारी बातें कॉमन है दोनों की रीढ़ बहुत ही लचकदार होती है । जिससे इन दोनों का ही जीना आसान हो जाता है। कभी-कभी तो नेता अपनी रीढ ही निकाल कर फेंक देते हैं। ताकि मुड़ने तुड़ने में उन्हें कभी कोई असुविधा ना हो। बाकी आप सब भी बहुत समझदार हैं कुछ कयास आप भी लगा लीजिए..।

**बलिया ( यूपी )**

## ग़ज़ल

### दाग देहलवी

उज़्र आने में भी है और
बुलाते भी नहीं
बाइस-ए-तर्क-ए-
मुलाक़ात बताते भी नहीं
मुंतज़िर हैं दम-ए-
रुख़सत कि ये मर जाए तो
जाएँ
फिर ये एहसान कि हम
छोड़ के जाते भी नहीं
सर उठाओ तो सही
आँख मिलाओ तो सही
नश्शा-ए-मय भी नहीं
नींद के माते भी नहीं
क्या कहा फिर तो कहो
हम नहीं सुनते तेरी
नहीं सुनते तो हम ऐसों
को सुनाते भी नहीं
ख़ूब पर्दा है कि चिलमन
से लगे बैठे हैं
साफ़ छुपते भी नहीं
सामने आते भी नहीं
मुझ से लाग़र तिरी
आँखों में खटकते तो रहे
तुझ से नाज़ुक मिरी
नज़रों में समाते भी नहीं
देखते ही मुझे महफ़िल
में ये इरशाद हुआ
कौन बैठा है उसे लोग
उठाते भी नहीं
हो चुका क़त्अ
तअ%ल्लुक़ तो जफ़ाएँ क्यूँ
हों
जिन को मतलब नहीं
रहता वो सताते भी नहीं
ज़ीस्त से तंग हो ऐ
%दाग़% तो जीते क्यूँ हो
जान प्यारी भी नहीं जान
से जाते भी नहीं

पुस्तक समीक्षा

■ विवेकरंजन श्रीवास्तव

# वैचारिक मंथन से निकली कविताएं

कविता संग्रह : कोरोना काल में आचार डालता कवि
कवि : रामस्वरूप दीक्षित
प्रकाशक : भारतीय ज्ञानपीठ , नई दिल्ली
मूल्य : 250/-



भारतीय ज्ञान पीठ से 2022 में प्रकाशित 53 सार्थक नई कविताओ के संग्रह कोरोना काल में अचार डालता कवि के साथ उन्होंने वैचारिक दस्तक दी है । इसे पढ़ने के लिये भारतीय ज्ञानपीठ से किताब का प्रकाशन ही सबसे बड़ी संस्तुति है । किताब में परम्परा के विपरीत किसी की कोई भूमिका नहीं है । वे बिना प्राक्कथन में कोई बात कहे पाठक को कविताओ के संग साहित्यिक अवगाहन कर वैचारिक मंथन के लिये छोड़ देते हैं । हमारे समय की राजनैतिक तथा सामाजिक स्थितियों की विवशता से सभी अंतर्मन से क्षुब्ध हैं । समाज विकल्प विहीन किंकर्तव्यमूढ़ जड़ होकर रह जाने को बाध्य बना दिया गया है ।

हिन्दी व्यंग्य और कविता में रामस्वरूप दीक्षित जाना पहचाना नाम है । वे टीकमगढ़ जेसे छोटे स्थान से साहित्य जगत में बड़ी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं । हिन्दी साहित्य सम्मेलन में सक्रिय रहे हैं तथा इन दिनो सोशल मीडीया के माध्यम से देश विदेश के रचनाकारों को परस्पर चर्चा का सक्रिय मंच संचालित कर रहे हैं । भारतीय ज्ञान पीठ से 2022 में प्रकाशित 53 सार्थक नई कविताओ के संग्रह कोरोना काल में अचार डालता कवि के साथ उन्होंने वैचारिक दस्तक दी है । इसे पढ़ने के लिये भारतीय ज्ञानपीठ से किताब का प्रकाशन ही सबसे बड़ी संस्तुति है । किताब में परम्परा के विपरीत किसी की कोई भूमिका नहीं है । वे बिना प्राक्कथन में कोई बात कहे पाठक को कविताओ के संग साहित्यिक अवगाहन कर वैचारिक मंथन के लिये छोड़ देते हैं । हमारे समय की राजनैतिक तथा सामाजिक स्थितियों की विवशता से सभी अंतर्मन से क्षुब्ध हैं । समाज विकल्प विहीन किंकर्तव्यमूढ़ जड़ होकर रह जाने को बाध्य बना दिया गया है । रामस्वरूप दीक्षित जी जैसे सक्षम शब्द सारथी कागजों पर अपने मन की पीड़ा उड़ेल लेते हैं . वे लिखते हैं 'यूं तो कविता कुछ नहीं कर सकती , उसे करना भी नहीं चाहिये , कवि के अंतर्मन के भावों का उच्छवास ही तो है वह....किन्तु वे अगली पंक्तियों में स्वयं ही कविता की उपादेयता भी वर्णित करते हैं ... कविता कह देती है राजा से बिना डरे कि तुम्हारी आँखों में उतर आया है मोतिया बिंद' इस संग्रह की प्रत्येक कविता में साहस के यही भाव पाठक के रूप में मुझे अंतस तक प्रभावित करते हैं । वे अपनी कविताओ में संभव शाब्दिक समाधान भी बताते हैं किन्तु दुखद है कि जमीनी यथार्थ दुष्कर बना हुआ है . लोगों के मनों में शाश्वत मूल्यों की स्थापना के लिये इस संग्रह जैसा चेतन लेखन आवश्यक हो चला है । युद्ध की जरूरत में वे लिखते हैं कि जंगल बिना आपस में लड़े बिना बचाये रखते हैं अपना हरापन , ... मनुष्य ही है जिसे खुद को बचाने के लिये युद्ध की जरूरत है । हत्यारे शीर्षक से लम्बी कविताओ के तीन खण्ड हैं . तारीफ की बात यह है कि भाव के साथ साथ कोरोना काल में अचार डालता कवि की सभी कविताओ में नई कविता के विधान की साधना स्पष्ट परिलक्षित होती है । मद्दरता की हदों तक परिवेश से आंखें चुराने वाले समाज के इस असहनीय आचरण को इंगित करते हुये वे लिखते हैं कि ' जब खोटों को पुरस्कृत और खरों को बहिष्कृत किया जा रहा था तब आप क्या कर रहे थे ? के उत्तर में हम कहेंगें कि हम सयाने हो चुके थे और हमने चुप रहना सीख लिया था' . राम स्वरुप जी की कवितायें जनवादी चिंतन से भरपूर हैं । कुछ शीर्षक देखिये गूंगा , बाज , भेड़िये , मुनादी , मजदूर , ताले , इतवार , खतरनाक कवि , तानाशाह , आदि सभी में मूल भाव सदाशयता और मानवीय मूल्यों के लिये आम आदमी की आवाज बनने का यत्न ही है । पिता , पिता का कमरा , माँ के न रहने पर वे रचनायें हैं जो रिश्तों की संवेदना संजोती हैं । संग्रह की शीर्षक रचना कोरोना काल में अचार डालता कवि में वे लिखते हैं कि अचार डालने में डूबा कवि भूल गया कि बाहरी दुनियां में जिस रोटी के साथ अचार खाया जाता है वह तेजी से गायब हो रही है। इन गूढ़ प्रतीको को डिकोड करना पाठक को साहित्यिक आनंद देता है । अनेक बिन्दुओ पर कथ्य से असहमत होते हुये भी मैने दीक्षित जी की सभी रचनायें इत्मिनान से शब्द शब्द की जुगाली करते हुये तथा उनके परिवेश को परिकल्पित करते हुये पढ़ीं और उनके विन्यास , शब्द योजना , रचना काल तथा भाषाई ट्विस्ट का साहित्यिक आनंद लिया । संग्रह पढ़ने मनन करने योग्य है।

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## हवाई के जंगलों में मरने वालों की संख्या 67 हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के हवाई में माउई द्वीप के जंगलों में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 67 हो गई है। माउई काउंटी की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया, दमकलकर्मियों का आग बुझाने का प्रयास जारी हैं, लहानिया में सक्रिय आग से अपराह्न एक बजे तक आज 12 अन्य लोगों की मौतों की पुष्टि हुई है। इसी के साथ ही आग से मरने वालों की संख्या 67 हो गई है। लहानिया की आग पर अभी काबू नहीं पाया जा सका है। मीडिया के अनुसार यह प्रांत के इतिहास की भीषण आपदा है।

# अनवर उल हक काकर बने पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री

■ बलूचिस्तान अवामी पार्टी से जुड़े हैं हक ■ राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने दी मंजूरी

**इस्लामाबाद,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान में शनिवार को कहा गया कि बलूचिस्तान अवामी पार्टी (बीएपी) से जुड़े अनवर-उल-हक काकर को कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया है।



जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यह निर्णय शहबाज शरीफ और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता राजा रियाज के बीच दूसरे दौर की बातचीत के बाद आया है और इसे राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने मंजूरी दे दी है। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए रियाज़ ने कहा, हमने तय किया है कि अंतरिम प्रधानमंत्री एक छोटे प्रांत से होगा। उन्होंने कहा कि काकर का नाम उन्होंने ही सुझाया था, जिसे मंजूरी दे दी गई। यह घटनाक्रम तब हुआ जब राष्ट्रपति अल्वी ने शरीफ को पत्र लिखकर उन्हें और विपक्षी नेता को 12 अगस्त तक अंतरिम प्रधानमंत्री पद के लिए उपयुक्त व्यक्ति का सुझाव देने को कहा। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, शरीफ और रियाज दोनों को भेजे गए एक पत्र में, राष्ट्रपति ने उन्हें सूचित किया कि संविधान के अनुच्छेद 224ए के तहत, उन्हें नेशनल असेंबली को भंग करने के तीन दिनों के भीतर अंतरिम प्रधानमंत्री का नाम तय करना है। काकर 2018 में सीनेट के लिए चुने गए थे और काफी सक्रिय राजनेता रहे हैं। उच्च सदन के लिए चुने जाने से पहले उन्होंने प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता के रूप में भी काम किया है।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सैन्य कार्रवाई में दो आतंकवादी ढेर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना ने बलूचिस्तान प्रांत के केच जिले में चलाये गये एक अभियान में दो आतंकवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि सुरक्षा बलों ने केच के मजाबंद इलाके में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया। आईएसपीआर ने बताया कि गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए जबकि एक अन्य को घायल हालत में गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के पास से बड़ी संख्या में हथियार और गोलियां भी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि ये आतंकवादी सुरक्षाबलों पर हमले में शामिल थे। बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल आतंकवाद के खत्मे और देश के दुश्मनों के नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जज ने सुनवाई से पहले ट्रम्प को भड़काऊ टिप्पणी करने पर चेताया



**वाशिंगटन,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भड़काऊ बयान देने के खिलाफ चेतावनी दी है, जो 2020 के चुनाव के परिणाम को पलटने की साजिश के लिए चल रहे मुकदमे पर प्रभाव डाल सकता है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, वाशिंगटन डी.सी. में शुक्रवार को 90 मिनट की सुनवाई में, अमेरिकी जिला न्यायाधीश तान्या चुक्तान ने कहा कि एक आपराधिक प्रतिवादी के रूप में ट्रम्प के अधिकारों की रक्षा की जाएगी, लेकिन स्वतंत्र भाषण का उनका अधिकार असीमित नहीं है। उन्होंने कहा, इस जैसे आपराधिक मामले में, प्रतिवादी की स्वतंत्र अभिव्यक्ति नियमों के अधीन है। वह एक आपराधिक प्रतिवादी हैं। उन पर दूसरे प्रतिवादी की तरह प्रतिबंध होंगे। तथ्य यह है कि प्रतिवादी एक राजनीतिक अभियान में लगा हुआ है, उसे किसी आपराधिक मामले में किसी भी प्रतिवादी की तुलना में अधिक या कम छूट की अनुमति नहीं दी जाएगी। न्यायाधीश तान्या चुक्तन ने इस वादे के साथ सुनवाई बंद कर दी कि मामला आपराधिक न्याय प्रणाली में किसी भी सामान्य कार्यवाही की तरह आगे बढ़ेगा, लेकिन चेतावनी दी कि एक पक्ष द्वारा भड़काऊ बयान देना अनुचित है। उन्होंने कहा, यह इस देश में न्यायिक प्रक्रिया का एक प्रमुख सिद्धांत है, उन्होंने उदाहरण का हवाला देते हुए कहा, कानूनी मुकदमे चुनाव की तरह नहीं हैं, जिन्हें मीटिंग हॉल, रेडियो और समाचार पत्र के उपयोग के माध्यम से जीता जा सकता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प सार्वजनिक रूप से जो खुलासा कर सकते हैं, वह उनकी कानूनी टीम और संघीय अभियोजकों के बीच लड़ी जा रही लड़ाइयों में से एक है। पूर्व वयस्क फिल्म अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को कथित गुप्त धन भुगतान के बारे में पूर्व राष्ट्रपति पर पहले से ही मुकदमा चल रहा है। वह दस्तावेजों के कथित दुरुपयोग से संबंधित मामले में भी आरोपी हैं।

## सुडोकू 6285

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | 5 | | |
| | | 2 | | | 8 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 7 | 8 | 1 | | 9 | 6 | 5 | |
| | | 9 | 2 | | | | 7 | 3 |
| | 6 | | | 5 | | | | 4 |
| | | | 6 | | | 7 | | |
| | | 4 | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6285

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. विवाह की एक रस्म
४. निरपराध, निर्दोष (उर्दू)
६. दुतकारा, मुक्ति (उर्दू)
७. जन्म देना, जनन
८. धनी, समृद्ध
१०. दहाड़
११. वीरान, निर्जन
१३. शिशु की अवस्था, बाल्यकाल
१४. ढीला, सुस्त
१५. चौकन्नापन, जागरुकता
१७. कबीर के पदों का संग्रह
१८. ध्वनि, शब्द
२१. दादागिरी
२२. गणेश
२४. राजा, सम्राट (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. निस्तेज, मुरझाया हुआ
२. झूठी बात
३. विवाह करना
४. जो लेन-देन के मामले में खरा न हो (उर्दू)
५. नाव खेने वाला, नाविक (उर्दू)
९. (शरीर में) खून बढ़ाने वाला
११. कमल
१२. राहिल्य
१३. पार्वती, पर्वतपुत्री
१४. उलाहना (उर्दू)
१५. सर्वविदित, सबके सामने (उर्दू)
१६. बड़ा हाथी
१८. डांट-फटकार
१९. दखलंदाजी
२०. स्थान (उर्दू)
२३. देवदूत (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6284

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ठ | २ मु | ल्ला | ■ | ■ | ३ त | ल | ४ ह | टी |
| र | ■ | स्ट | ■ | ५ ख | स | म | ■ | त्या | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| ल | ■ | वि | ■ | ९ द | शॉ | ना | ■ | ■ | टि |
| ■ | १० सु | ल | ११ झ | ना | ■ | ■ | १२ उ | त्प | ल |
| ■ | ल | ■ | ड़ | ■ | १३ नि | ह | त्था | ■ | ता |
| १४ ब | ह | १५ क | ना | ■ | र्म | ■ | १६ न | १७ त | ■ |
| ल | ■ | र | ■ | १८ बे | म | १९ न | ■ | र्जु | ■ |
| २० शा | र | दा | ■ | ग | ■ | २१ व | र्ण | मा | २२ ला |
| ली | ■ | २३ ता | ज | म | ह | ल | ■ | ■ | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 13 अगस्त, 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 11

### राशिफल

मेष -आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। आपको आज नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। कोई नया काम भी शुरू कर पाएंगे। आज आपके विचार जल्दी-जल्दी बदलेंगे। इससे किसी तरह का कन्फ्यूजन आपको हो सकता है।

वृषभ -हाथ में आया हुआ अवसर कन्फ्यूजन के कारण आज आप गंवा सकते हैं और उसका लाभ नहीं ले पाएंगे। आज बहुत से विचार आपको परेशान करेंगे। जल्दबाजी में आपका काम बिगड़ सकता है।

मिथुन -आज के दिन की शुरुआत में मन प्रफुल्लित और चित्त स्वस्थ होगा। आज मित्र या परिवार के सदस्यों के साथ भोजन का आनंद उठा सकते हैं। सुंदर वस्त्र धारण करेंगे। आर्थिक दृष्टि से आपके लिए आज का दिन लाभदायी है।

कर्क -आज आप मानसिक अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। किसी एक निश्चय पर आप नहीं पहुंच पाएंगे। असमंजस के कारण मानसिक कष्ट होगा। संबंधियों के साथ अनबन हो सकती है। पारिवारिक कामों के पीछे खर्च होगा।

सिंह -आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। फिर भी दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण सामने आया हुआ अवसर गंवा देंगे। आपका मन कहीं खोया रहेगा। नए काम की शुरुआत आज ना करें।

कन्या -आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी हैं। नए काम का आयोजन सफल होगा। व्यापार करने वालों तथा नौकरीपेशा लोगों के लिए लाभ का दिन है। पदोन्नति की संभावना है। अधिकारी से लाभ होगा।

तुला -आज आप बौद्धिक तथा लेखन के कामों में सक्रिय रहेंगे। नए काम की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। लंबे प्रवास या धार्मिक स्थल की मुलाकात करने का प्रसंग बनेगा। नौकरी में लाभ का अवसर मिलेगा।

वृश्चिक -आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम का आरंभ न करें एवं क्रोध पर संयम रखें। किसी भी तरह के गलत काम से दूर ही रहें, अन्यथा आगे बड़ा नुकसान हो सकता है।

धनु -आज आपका दिन सुखपूर्वक एवं आनंद से गुजरने वाला है। आज आप मनोरंजक दुनिया में व्यस्त रहने वाले हैं। पार्टी, पिकनिक, यात्रा, स्वादिष्ट भोजन और शॉपिंग आज के दिन का हिस्सा रहेंगे। मैरीड कपल के बीच रोमांस बना रहेगा।

मकर -व्यापार- धंधे के विकास और आर्थिक आयोजन के लिए आज अनुकूल दिन है। वसूली या पैसे की लेन-देन में सफलता मिलेगी। आयात- निर्यात में लाभ होगा। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। आर्थिक लाभ हो सकता है।

कुंभ -मानसिक अशांति और उद्वेग भरा दिन है। तेजी से बदलते विचारों के कारण अनिर्णायकता रहेगी, इसलिए ठोस निर्णय नहीं ले सकेंगे। संतान की चिंता आपको परेशानी में डाल सकती है।

मीन -आपको आज के दिन सावधानी रखने की सलाह दी जाती है। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद पैदा होगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है। मानसिक उद्वेग के साथ ही धन और मानहानि होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इक्वाडोर में संसदीय उम्मीदवार पर गोली चलाई

**क्विटो,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। इकवाडोर की नेशनल असेंबली में संसदीय सीट के लिए चुनाव लड़ रहे एक वामपंथी विपक्षी नेता पर गोली चलाये जाने की घटना सामने आयी है। मीडिया ने यह रिपोर्ट दी है। इक्काविसा टीवी की शुक्रवार की रिपोर्ट में बताया कि एस्टेफनी पुएंते कास्त्रो पर 10 अगस्त को इक्काडोर के लॉस रियोस प्रांत के क्वेवेदो शहर में उस समय हमला किया गया जब वह अपने पिता और एक कंपनी कर्मचारी के साथ कार में जा रहे थे। इक्काविसा ने पुलिस रिपोर्टों के हवाले से बताया कि एक अज्ञात हथियारबंद व्यक्ति कार के पास आया और पुएंते से कार रोकने की मांग की। जिसके बाद विपक्षी राजनेता ने गाड़ी तेज करने का प्रयास किया और हमलावर ने चालक की ओर से कार पर गोली चला दी।. रिपोर्ट में बताया गया है कि श्री पुएंते इस हमले में घायल नहीं हुए है और कार में गोली चलाए जाने का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। इस बीच अमेरिका की फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने शुक्रवार को इस बात की पुष्टि की कि वह क्विटो में इक्काडोर के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फर्नांडो विलाविसेंशियो की हत्या की जांच में अधिकारियों की मदद के लिए अपने एजेंटों को वहां भेज रही है। इक्काडोर में राष्ट्रपति पद के लोकप्रिय प्रत्याशी श्री विल्विकेंसियो की बुधवार को चुनावी रैली के दौरान गोली मार कर हत्या कर दी गई।

# फ्रांसीसी सैनिकों के हमले में 5 नाइजर सैनिकों की मौत



**नियामी,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। फ्रांसीसी सैनिकों के नाइजर के नेशनल गार्ड पर किये गये हमले में पांच सैनिकों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गये है। मीडिया ने यह रिपोर्ट दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार फ्रांसीसी सैनिकों ने नाइजर के नेशनल गार्ड पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि एक फ्रांसीसी युद्धक विमान अफ्रीकी राष्ट्र के हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया।

एक्टुनिगर समाचार पोर्टल ने नाइजर के नेशनल गार्ड की जानकारी के हवाले से शुक्रवार को बताया कि फ्रांसीसी सैनिकों के हमले में नाइजर के पांच सैनिक मारे गए तथा चार अन्य घायल हुए है। घायलों में दो की हालत गंभीर है। नाइजर के अपदस्थ राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम के राजनीतिक सलाहकार एंटिनेकर अल-हसन ने बुधवार को मीडिया को बताया कि फ्रांसीसी सेना ने अफ्रीकी देश छोड़ने की नाइजर विद्रोहियों की मांग को खारिज कर दिया है। नाइजर वर्तमान में 1,500 फ्रांसीसी सैनिक तैनात है।

## रूस ने क्रीमिया पर यूक्रेन के ड्रोन हमलों को किया विफल

**मॉस्को।** रूस ने क्रीमिया पर बीती रात यूक्रेन के हवाई हमलों को विफल करते हुए उसके 20 ड्रोनों को मार गिराया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार सुबह बताया कि कल रात में यूक्रेन द्वारा क्रीमिया प्रायद्वीप के क्षेत्र में बीस मानवरहित हवाई वाहनों (ड्रोनों) से किये आतंकवादी हमले के प्रयास को विफल कर दिया गया। मंत्रालय ने बताया कि चौदह यूक्रेनी ड्रोन रूस की वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा नष्ट कर दिए गए, जबकि अन्य छह यूएवी को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के जरिए निक्रिय किया गया। उन्होंने बताया कि हमले से जानमाल की क्षति नहीं हुई है।

# नेपाल सीमा पर पुलिस चला रही आपरेशन कवच




**बलरामपुर,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। नेपाल सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के देवीपाटन मंडल की 243 किमी लंबी खुली सीमा पर पुलिस मानव तस्करी,अपराध और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों की प्रभावी रोकथाम के लिये 'कवच' अभियान चला रही है। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि पड़ोसी देश से सटे जिलों में बहराइच में 98.5 किमी,श्रावस्ती में 51 किमी और बलरामपुर जिले में 93.5 किमी की खुली सीमायें शामिल है। बढ़नी और रुपईडीहा बार्डर की परिधि से 10 किमी भीतर बलरामपुर के सीमावर्ती गैसडी, पचपेड़वा, जरवा, तुलसीपुर और हरैया समेत पांच थाना क्षेत्रों में पुलिस 42 गांवों की भौगोलिक अवस्थित प्राथमिक सूचनाओं का संकलन, जनसांख्यिकी, प्रवासन, मानव तस्करी, सुरक्षा संबंधी चुनौतियां के प्रति वहां निवास कर रहे व्यक्तियों को जागरूक करने एवं जन सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य सर्वे में जुटी है। एएसपी ने बताया कि टीम चयनित क्षेत्रों में पहुंचकर ग्राम प्रधान ,चौकीदार तथा गांव के सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ पंचायत भवन में बैठक कर गांव की मूलभूत सूचनाओं को प्राप्त कर संकलित करने के साथ ग्राम प्रधान व चौकीदार के साथ संपूर्ण गांव का भ्रमण तथा धार्मिक स्थलों का भौतिक सत्यापन कर समस्त छोटे बड़े मार्गो का भ्रमण कर रही है। नेपाल से सटे दुर्गम जंगल,सड़क मार्ग और बार्डर तक संचालित रेलमार्ग समेत पगडंडियों की जानकारी की गई है।

## जापान के साथ शांति एवं मित्रता कायम रखने के लिए चीन ने जताई प्रतिबद्धता

**बीजिंग,** 12 अगस्त (वार्ता) चीन ने जापान के साथ शांति एवं मित्रता की संधि की शनिवार को 45वीं वर्षगांठ पर दोनों देशों के बीच परस्पर संबंधों को कायम रखने की प्रतिबद्धता जतायी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यहां जारी बयान में कहा, चीन और जापान ने 45 साल पूर्व शांति और मित्रता की संधि पर हस्ताक्षर किए थे। यह संधि दोनों देशों के बीच परस्पर सहयोग की भावना को परिलक्षित करती है। उन्होंने कहा, पिछले 45 वर्षों में चीन और जापान ने विकास का लंबा सफर तय किया है जिससे दोनों देशों के बीच संबंध और अधिक मजबूत ही नहीं हुए बल्कि समृद्धि और स्थिरता में इनका योगदान रहा है। प्रवक्ता ने कहा, चीन और जापान के बीच संबंध सुधार और विकास के महत्वपूर्ण चरण में हैं। आशा है कि संधि की 45वीं वर्षगांठ पर दोनों देश इसी भावना के साथ राजनीतिक संबंधों को कायम रखने तथा आपसी सहयोग को मजबूती से बनाये रखेंगे तथा परस्पर संबंधों को इस तरह से कायम रखेंगे कि नये युग की आवश्यकता को पूरा किया जा सके।

## आज का इतिहास

1642- डच खगोलशास्त्री क्रिश्चियन ह्यूगेंस ने मंगल के दक्षिणी ध्रुव की चोटी का पता लगाया।
1645- स्वीडन और डेनमार्क ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1784- भारत में प्रशासनिक सुधारों के लिए पिट्स इंडिया विधेयक ब्रिटिश संसद में पेश किया गया।
1814- दासों के व्यापार को समाप्त करने के लिए ब्रिटेन और हॉलैंड के बीच समझौता।
1892- अमेरिकी समाचार पत्र एफ्रो अमेरिकन का बाल्टीमोर से प्रकाशन शुरू।
1898- जार्ज डेवी के नेतृत्व में अमेरिकी सेना ने फिलिपींस की राजधानी मनीला पर कब्जा किया।
1902- इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को एक विकेट से हराकर ओवल में ऐतिहासिक जीत दर्ज की।
1095- अफ्रीका को फ्रांस से मिली आजादी।
1913- इंग्लैंड के हैरी ब्रेअर्ली शेफील्ड ने स्टेनलेस स्टील का आविष्कार किया।
1951- भारत में निर्मित पहले विमान हिंदुस्तान ट्रेनर 2 ने पहली उड़ान भरी।
1956- लोकसभा में राष्ट्रीय राजमार्ग विधेयक पारित।
1960- अफ्रीका फ्रांस के कब्जे से स्वतंत्र हुआ।
1993- वाशिंगटन में इजरायल एवं फलस्तीन के बीच शांति समझौता।
1993- थाईलैंड के नाखोन रचासिमा में होटल ढह जाने से 114 लोगों की मौत।
1994- अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच जेनेवा में परमाणु निरस्त्रीकरण के संबंध में ऐतिहासिक सहमति।
1999- लेखिका तसलीमा नसरीन की नई पुस्तक आमार मएबेला (मेरा बचपन) पर बंगलादेश सरकार ने प्रतिबंध लगाया।

**परेशानी** *दुनियाभर में कोविड पुनरुत्थान का खतरा बढ़ रहा है : डब्ल्यूएचओ*

# कोविड-19 के नए मामलों में 80 प्रतिशत की वृद्धि

**पेरिस, 12 अगस्त (एजेंसियां)। दुनिया भर में पिछले महीने में कोविड-19 के नए मामलों में 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ )ने शनिवार को यह जानकारी दी। डब्ल्यूएचओ ने मई में कहा था कि कोविड अब वैश्विक स्वास्थ्य आपात नहीं है लेकिन उसने कोरोनावायरस के मामलों की वृद्धि पर चेतावनी दी और कहा कि इस संक्रमण से लोगों की मृत्यु की भी आशंका है।**

**10 जुलाई से छह अगस्त तक करीब 15 लाख कोरोना के नए मामलों की पुष्टि**

इस साप्ताहिक आंकड़ों में संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि देशों में 10 जुलाई से छह अगस्त तक करीब 15 लाख कोरोना के नए मामलों की पुष्टि हुयी है, जो पिछले 28 दिनों की तुलना में 80 प्रतिशत अधिक है। मौतों की संख्या 57 प्रतिशत गिरकर 2,500 हो गई। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि कई नए मामले पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में आए, जहां संक्रमण में 137 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जापान सहित उत्तरी गोलार्ध के कई देशों में हाल के सप्ताह में गर्मियों में कोविड मामलों में वृद्धि देखी गई है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस एडनोम घेबियस ने





चेतावनी देते हुए कहा, फिर से बड़ी संख्या में कोविड मामले और मृत्यु को आकंड़ा अचानक बढ़ सकता है। फ्रांस के स्वास्थ्य मंत्री ऑरेलियन रूसो ने सतर्कता का आह्वान करते हुए इस बात पर जोर दिया कि कोविड की संख्या निम्न स्तर पर बनी हुई है। उन्होंने कहा, हमें आने वाले समय इस वायरस के

**अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जापान सहित कई देशों में गर्मियों में कोविड मामलों में वृद्धि देखी गई**

फिर से उत्थान के साथ रहना होगा।

जिनेवा विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूट ऑफ ग्लोबल हेल्थ के निदेशक एंटोनी फ्लाहॉल्ट ने कहा कि वास्तविक कोविड स्थिति कोविड मामलों को लेकर, स्वास्थ्य अधिकारियों को तत्काल एक विश्वसनीय कोविड स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली बहाल करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कोविड टीकाकरण के कारण संक्रमण का प्रभाव अब कम हो गया है। लेकिन लोगों की इसके चपेट में आने का खतरा अभी भी बना हुआ है। डब्ल्यूएचओ ने देशों से टीकाकरण प्रयासों में तेजी लाने का आग्रह किया है।

## दुनिया को जानें

# हांगकांग का पर्यटन लगातार बहाल हो रहा है

**बीजिंग,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। हांगकांग पर्यटन बोर्ड द्वारा 11 अगस्त को जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2023 में हांगकांग आने वाले पर्यटकों की प्रारंभिक संख्या लगभग 36 लाख थी, जो जून की तुलना में 31 प्रतिशत अधिक थी। इस वर्ष के पहले सात महीनों में लगभग 1 करोड़ 65 लाख पर्यटक हांगकांग आए, जिनमें लगभग 1 करोड़ 30 लाख 80 हज़ार पर्यटक मुख्यभूमि से थे। आंकड़े बताते हैं कि जुलाई में मुख्यभूमि से लगभग 29 लाख 70 हज़ार पर्यटकों ने हांगकांग का दौरा किया। हांगकांग पर्यटन बोर्ड के महानिदेशक छंग तिंगयी के अनुसार, हांगकांग का पर्यटन लगातार बहाल हो रहा है। दक्षिण पूर्व एशियाई बाजार हांगकांग में सबसे तेजी से ठीक होने वाले बाजारों में से एक है। महामारी से पहले की समान अवधि की तुलना में जुलाई में फिलीपींस और थाईलैंड से पर्यटकों की संख्या में 90 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। लगभग 70 प्रतिशत की पुनर्प्राप्ति दर के साथ, मुख्यभूमि अगली पंक्ति में है।

# प्रादेशिकी

## मंडी के सभी मुख्य डाकघर रविवार को राष्ट्रीय ध्वज बिक्री को रहेंगे खुले

**मंडी,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय डाक मंडल के हिमाचल प्रदेश के मंडी के सभी मुख्य डाकघर रविवार यानी 13 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज बिक्रि के लिए खुले रहेंगे। प्रदेश के 2800 डाकघरों में हर घर तिरंगा के तहत सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों, विभागों, मंडलों, हर गांव तथा हर घर तिरंगा फहराने के लिए विक्री के लिए पांच लाख राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध करवाए गए है। भारतीय डाक विभाग के मंडी मंडल मंडी के प्रवर अधीक्षक स्वरूप दत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडी मंडल के सभी मुख्य व उप डाकघरों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज विक्री के लिए उपलब्ध है जिसकी कीमत 25 रुपए निर्धारित की गई है।

# हिमाचल में स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बदलाव

### 36 ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थानों में 157 विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात

**शिमला,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में व्यवस्था परिवर्तन की ओर अग्रसर हिमाचल सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव ला रही है। इस पहल में ग्रामीण क्षेत्रों के 36 स्वास्थ्य संस्थानों में 157 विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए गए हैं। 22 स्वास्थ्य संस्थानों को 6 या इससे अधिक विशेषज्ञ के साथ सुदृढ़ किया गया है जबकि 7 स्वास्थ्य संस्थानों में 5 विशेषज्ञ और 6 संस्थानों में 4 विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं प्रदान की जा रही है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य मुख्यमंत्री द्वारा अपने पहले बजट में की गई घोषणा के अनुरूप प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से 'आदर्श स्वास्थ्य संस्थान' स्थापित करना है। प्रदेश सरकार धरातल पर स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत कर सभी के लिए बेहतर और सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा स्वास्थ्य विभाग को चरणबद्ध तरीके से प्रदेश भर में ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थानों का मजबूत ढांचा विकसित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों को तैनात करने और अत्याधुनिक उपकरणों को अपग्रेड करने की योजना बनाई गई है। प्रारंभिक चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में 157 विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती के साथ-साथ उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के दृष्टिगत 36 स्वास्थ्य संस्थानों को शामिल किया गया है। इससे आमजन को उपचार के लिए जिला व राज्य स्तर के बड़े स्वास्थ्य संस्थानों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी।



स्वास्थ्य विभाग को चरणबद्ध तरीके से प्रदेश भर में ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थानों का मजबूत ढांचा विकसित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों को तैनात करने और अत्याधुनिक उपकरणों को अपग्रेड करने की योजना बनाई गई है : सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री

इस पहल के तहत विशेषज्ञ डॉक्टरों, चिकित्सा कर्मियों, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्स-रे सुविधाओं सहित अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण और 134 लैब टेस्ट सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में घर-द्वार पर विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर जिला अस्पतालों और चिकित्सा महाविद्यालयों पर स्थानीय निवासियों की निर्भरता को कम करने का प्रयास किया गया है। यह रणनीतिक बदलाव न केवल जनता के लिए समय और पैसा बचाने के लिए उपयोगी बल्कि राज्य के प्रतिष्ठित स्वास्थ्य देखभाल प्रतिष्ठानों को भी सुदृढ़ करेंगे।

ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य संस्थानों को सुदृढ़ करने से चिकित्सा महाविद्यालयों में उपचार के लिए आने वालों की संख्या कम होगी, जिससे उनकी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थानों को मजबूत करने के साथ-साथ, राज्य भर के मुख्य अस्पतालों और चिकित्सा महाविद्यालयों में उन्नत तकनीक का समावेश किया जाएगा। चिकित्सा महाविद्यालयों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की बढ़ोतरी से मरीजों को उपचार के लिए पहले की अपेक्षा कम प्रतीक्षा करनी होगी।

रोबोटिक सर्जरी की सुविधा प्रदेश के लोगों को शीघ्र मिले इसके लिए दृढ़ प्रयास किए जा रहे हैं। रोबोटिक सर्जरी को चरणबद्ध तरीके से सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यान्वित किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस प्रयास में पर्याप्त प्रगति की है, और यह सुविधा जल्द ही शुरू की जाएगी। चिकित्सा महाविद्यालयों में विश्व स्तरीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी उपलब्ध करवाने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। आईजीएमसी (शिमला), चमियाना (शिमला), टांडा (कांगड़ा) नाहन, चंबा और नेरचौक, हमीरपुर के चिकित्सा महाविद्यालयों में यूरोलॉजी, सामान्य शल्य चिकित्सा, गायनोकोलॉजी, कार्डियोथोरेसिक सर्जरी और गैस्ट्रो सर्जरी जैसे विभागों में रोबोटिक सर्जरी सुविधा चरणबद्ध तरीके से आरम्भ करने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

# अंत्योदय मेलों के माध्यम से अब तक 50 हजार लोगों को ऋण : खट्टर

**कुरूक्षेत्र,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि उनकी सरकार ने प्रदेश में अंत्योदय मेलों के माध्यम से लगभग 50 हजार लोगों को उनकी जरूरत के अनुरूप ऋण उपलब्ध करा कर रोजगार देने का काम किया गया है। श्री खट्टर ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत गुढ़ा गांव में उपस्थित ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुये यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस गांव के भी 11 लोगों को यह ऋण मिला है। उन्होंने इससे पहले मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम स्थल के नजदीक पौधारोपण, ध्वज और शिलाफल्कम को नमन किया और सभी लोगों को पंच-प्रण की शपथ दिलाई। इस मौके पर सांसद श्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश महामंत्री पवन सैनी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता के अनुरूप गुढ़ा हरियाणा का पहला ऐसा गांव है जहां से आज कलश में मिट्टी एकत्रित करने की शुरुआत हुई है। यह कार्यक्रम अगले 15 दिन तक देशभर में चलेगा। जिला, प्रांत से मिट्टी एकत्रित कर दिल्ली कर्तव्य पथ पर लाकर इसे नमन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह अभी तक 50 से ज्यादा गांवों में जनसंवाद



सरकार ने प्रदेश में अंत्योदय मेलों के माध्यम से लगभग 50 हजार लोगों को उनकी जरूरत के अनुरूप ऋण उपलब्ध करा कर रोजगार देने का काम किया गया है: मनोहर लाल खट्टर

कार्यक्रम कर चुके हैं और 300 गांवों में इस कार्यक्रम का लक्ष्य रखा गया है।

श्री खट्टर ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र से जो राशि विकास के लिए भेजी जाती है, वह शत-प्रतिशत उन्हीं कार्यों पर खर्च होती है, जिनके लिये यह भेजी गई है। योग्य लाभार्थियों को भी राशि सीधे उनके खातों में डाली जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर और डीबीटी के माध्यम से लोगों को सीधे लाभ देने से सरकार ने1400 करोड़ रुपये की राशि बचाई गई है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की लगभग सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन देते हुए बताया कि लाड़वा विधानसभा क्षेत्र के तहत 25 करोड़ रुपये की लागत से 52 सडकें बनाई जा रही हैं। इस दौरान उन्होंने गुढ़ा गांव से यमुनानगर वाया रादौर तक रोडवेज की बस चलाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिये।

### खट्टर का तोहफा, आयुष्मान भारत योजना में अब आय सीमा तीन लाख

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रदेश के लोगों को 15 अगस्त के अवसर पर एक तोहफा देते हुये आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों की आय सीमा 1.80 लाख रुपए से बढ़ा कर तीन लाख रुपए सालाना करने की शनिवार को घोषणा की। श्री खट्टर यमुनानगर जिले के बकाना गांव में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान यह भी घोषणा की कि भविष्य में प्रदेश की हर पंचायत का हिसाब-किताब खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) को रखना होगा। इससे पहले यह काम ग्राम सचिव देखता था। घोषणाओं को लेकर उन्होंने कहा कि इससे लगभग आठ लाख नए परिवारों के इस योजना में शामिल होने का अनुमान है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए एक माह के लिये पोर्टल खोला जाएगा।

## सार संक्षेप

### भूस्खलन से 600 वर्ष पुराने नालागढ़ किले का एक हिस्सा धराशायी

**सोलन।** 15वीं शताब्दी में राजा बिक्रम चंद द्वारा हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के नालागढ़ में निर्मित किले का एक हिस्सा इस क्षेत्र में भारी बारिश के चलते शुक्रवार को धराशायी हो गया। बारिश से किले के पिछले हिस्से के चार कमरों को भारी नुकसान हुआ। क्षेत्र में भारी बारिश होने के कारण किले के एक हिस्से के नीचे की जमीन धंस गई और इसका मलबा नीचे सड़क पर आ गिरा। गनीमत यह रही कि मलबे और पत्थरों की चपेट में कोई वाहन या व्यक्ति चपेट में नहीं आया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। भूमि कटाव होने के कारण अब समूचे किले को ही बड़ा खतरा पैदा हो गया है। हादसे में किले को लाखों रूपये का नुकसान हुआ है। हरिटेज किले रेसार्ट के प्रबंधकों के अनुसार घटना शुक्रवार को 11 बजे तेज बारिश के बाद हुई जिसमें देखते ही देखते चार कमरे ढह गए।

### हिमाचल में ड्रोन से की जाएगी मनरेगा में होने वाले कार्यों की निगरानी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अब मनरेगा के कार्यों की निगरानी ड्रोन से होगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके अनुसार ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल मनरेगा में कार्य निरीक्षण और परिसंपत्तियों की गुणवत्ता देखने के लिए किया जाएगा। राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग को भी इसे लागू करने के लिए कहा गया है। इन दिशा-निर्देशों के अनुसार मनरेगा में निगरानी के लिए दो तरह के ड्रोन इस्तेमाल किए जा सकेंगे। यह एक तो नैनो ड्रोन होंगे, जो 250 ग्राम के बराबर या इससे कम होंगे। इनके अलावा माइक्रो ड्रोन होंगे, जो 250 ग्राम से ज्यादा और दो किलोग्राम के बराबर या इससे कम होंगे। ड्रोन का इस्तेमाल जिओ रेफरेंस इमेज को कैप्चर करते हुए चल रहे कार्य की शुरुआत और इन कार्यों को लागू करने के दौरान किया जा सकेगा। कार्यों का निरीक्षण भी किया सकेगा।

### यूथ चला बूथ की थीम पर कार्यक्रम आयोजित

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'यूथ चला बूथ' की थीम पर आयोजित किया गया। अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान माखुपुरा तथा सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जीसीए महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम रखा गया।

### सुडोकू 6285 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 9 | 1 | 2 | 5 | 8 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 5 | 7 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 | 2 |
| 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 6 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 3 | 9 | 7 | 8 | 6 | 5 |

# धानुका परिवार सालासर धाम में खोलेगा श्रीमती त्रिवेणी देवी धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर

**जयपुर,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। धानुका परिवार ने सालासर बालाजी धाम में श्रीमती त्रिवेणी देवी धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर स्कूल खोलने की घोषणा की है। आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कंपनी की सामाजिक गतिविधियों एवं स्कूल के बारे में जानकारी साझा करते हुए धानुका परिवार ने बताया कि माताजी श्रीमती त्रिवेणी देवी की 100वीं जयंती पर पवित्र सालासर धाम में स्कूल का शुभारंभ करेंगे, जिसका लोकार्पण पूर्व राष्ट्रपति महामहिम श्री रामनाथ कोविंद करेंगे। धानुका परिवार ने बताया कि 18 अगस्त को बालाजी श्री सालासर धाम की धरती पर श्रीमती त्रिवेणी देवी धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर का लोकार्पण केवल एक संस्थान का लोकार्पण नहीं है, बल्कि समाज को ज्ञान के प्रकाश का उपहार देकर सशक्त करने की दिशा में एक कदम है।

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान सबसे बड़ी गैर-सरकारी शिक्षण संस्था है, जो 13,000 विद्यालयों का



■ पूर्व राष्ट्रपति महामहिम रामनाथ कोविंद करेंगे लोकार्पण

संचालन करती है जिनमें 35 लाख विद्यार्थी पढ़ते हैं। इस संस्था की शुरुआत 1952 में सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना के साथ हुई थी। विद्या भारती ने इसको महसूस किया और गुरु-शिष्य परंपरा वाली भारतीय शिक्षण व्यवस्था की दिशा में की गई विद्या भारती की पहल, जिसमें जूते कक्षा से बाहर निकाले जाते हैं और विद्यार्थी गुरुजनों के पांव छूते हैं। इसके अलावा क्लास टीचर्स महीने में एक बार हर विद्यार्थी के घर जरूर जाते हैं।

सालासर धाम में नए विद्यालय के उद्घाटन के अवसर पर ऐसे ही 5 प्रतिभावान विद्यार्थियों को पूर्व राष्ट्रपति महामहिम रामनाथ कोविंद सम्मानित करेंगे। इसके अलावा प्रधानाचार्य श्री लोकेश चौमाला और भवन के प्रमुख वास्तुकार प्रमोद गुप्ता को भी सम्मानित किया जाएगा। श्री गुप्ता धानुका परिवार के सोशल प्रोजेक्ट्स में पिछले 25 वर्षों से जुड़े रहे हैं, लेकिन कभी कोई शुल्क नहीं लिया। यहां तक कि वे खुद के खर्च पर साइट विजिट भी करते रहते हैं।

इसके अलावा, हम शिक्षा प्रणाली को बढ़ाने के लिए सरकार की पहल की सराहना करते हैं, विशेष रूप से 2020 में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की शुरुआत की। इस नीति का उद्देश्य छात्रों के बीच आत्मनिर्भरता और उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देते हुए 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' विकसित करना है।

धानुका परिवार हमेशा समाज की भलाई के लिए विभिन्न जन कल्याण एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए समर्पित रहा है। सरकार ने वर्ष 2014 में सीएसआर नीति पेश की है लेकिन हमारा परिवार 100 वर्षों से अधिक समय से समाज में योगदान दे रहा है। धानुका परिवार 21 अगस्त को एम्स दिल्ली अस्पताल में एक अति आवश्यक वेटिंग लाउंज भी समर्पित करने भी जा रहा है। जोकि अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ के लिए आने वाले मरीजों की सगे संबंधियों के विश्राम के काम आएगा। हम उस क्षण का इंतजार कर रहे हैं जब भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी एम्स अस्पताल के इस बहुउपयोगी प्रतीक्षालय का उद्घाटन करेंगे।

# मानसा, बरनाला के वृद्धाश्रमों के निर्माण के लिए 10 करोड़ किए जारी: कौर

**चंडीगढ़,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने शनिवार को कहा कि पंजाब सरकार द्वारा वृद्धाश्रम मानसा और बरनाला के निर्माण के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 10.00 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है।



कैबिनेट मंत्री ने बताया कि ओल्ड ऐज होम की योजना सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही है। विभाग द्वारा द मैंनटेनैंस ऑफ पेरेंट्स एंड सीनियर सिटिजन एक्ट, 2007 सैक्शन-19 के अंतर्गत पंजाब के सभी ज़िलों में सीनियर सिटिजन होम्स स्थापित किये जाने हैं। इस एक्ट के अंतर्गत, बेसहारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए ओल्ड ऐज होम का प्रबंधन करने और जरूरतमंद बुज़ुर्गों और कमज़ोरों को पनाह देने की व्यवस्था है, बुज़ुर्गों की देखताल करने के अलावा, इन बुज़ुर्गों को भोजन, कपड़े, आवास एवं डॉक्टरी सुविधाएं भी मुफ्त प्रदान की जाने की व्यवस्था है। मंत्री ने बताया कि ज़िला मानसा में बनाए जाने वाले 3.5 एकड़ (29353 वर्ग गज) वृद्धाश्रम की क्षमता 72 लाभार्थियों के लिए 24 कमरो का उपबंध है। इसका 60 प्रतिशत काम मुकम्मल हो चुका है। इसके अलावा ज़िला बरनाला में बनाए जाने वाले 26 कनाल 17 मरले (31827 वर्ग गज) सीनियर सिटिजन् होम की क्षता 72 लाभार्थियों के लिए 24 कमरों का उपबंध है। इस वृद्धाश्रम का 82 प्रतिशत काम मुकम्मल हो चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार बुज़ुर्गों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

# हिमाचल में कुल्लू-मनाली जाने के सभी रास्ते बंद, एडवाइजरी जारी

**शिमला,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के चलते कई जगह भूस्खलन हुआ है। प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश का कहर जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन मुसलाधार वर्षा का अलर्ट जारी किया है। साथ ही आठ जिलों में बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई है। मंडी में बीती रात से भारी बारिश हो रही है। कुल्लू मनाली के लिए जाने वाले सभी रास्ते बंद हो गए हैं। चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे मंडी से पंडोह के बीच 6 मील और अन्य स्थानों पर मार्ग बंद है, जबकि वाया कमांद कटौला होकर कुल्लू जाने वाली सड़क कांढी और चढ़ी नाला के पास बन्द है। वहीं, गोहर चैलचैक होकर जाने वाला दूसरा वैकल्पिक मार्ग टिल्ली के पास बंद है। बल्ह घाटी में लगातार जलभराव हो रहा है। प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है और लोगों को घरों से न निकलने की सलाह दी गई है।

मंडी शहर के खलियार वार्ड में एक छोटे से नाले में भारी बारिश के कारण इतना ज्यादा पानी आ गया कि सड़क ही जलमगन हो गई। घरों में भी पानी घुस गया है। जिला के गोहर उपमंडल में भारी बारिश का दौर जारी है। सभी नदी नाले उफान पर है, सड़कों पर नालियों का पानी बह रहा है। लोग डर के साए में है। गौरतलब है कि मंडी में 6 मिल के समीप चंडीगढ़ मनाली हाईवे पर लगातार लैंडस्लाइड हो रहा है। वही प्रशासन भी लगातार मार्ग बहाली के कार्य में जुटा हुआ है। बीती रात हुई बारिश के कारण मनाली जाने के सभी रास्ते बंद हो चुके हैं। लिहाजा अब मंडी से मनाली जाना फिलहाल संभव नहीं है।

### सड़क धंसने से बस पहाड़ी पर अटकी, बड़ा हादसा टला

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में डैहर-कांगू सड़क मार्ग पर राज्य परिवहन निगम की एक बस शनिवार सुबह सड़क धंसने से नीचे पहाड़ी पर जाकर अटक गई जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। बस में 12 यात्री सवार थे। पुलिस ने आज यहां बताया कि मंडी क्षेत्र में कल देर शाम से लगातार बारिश हो रही है ऐसे में सड़क के नीचे की सतह दलदली हो गई है। जैसे ही बस इसके ऊपर से गुजरी तो सड़क धंस गई तथा लगभग 50 फुट नीचे जाकर ढलान पर अटक गई। नीचे गहरी खड्ड थी और पानी भी था। ऐसे में बड़ा हादसा होने से बच गया। बस में 12 यात्री मौजूद थे। इस घटना में चालक-परिचालक सहित सभी यात्रियों को चोंटें आईं।

# एनपीईएस कार्मिकों की 10 हजार करोड़ की रकम की वापसी के लिए कर्मियों ने केंद्र सरकार पर दबाव बनाना प्रारंभ

■ हिमकिरण मांटा

■ एक अक्तूबर को दिल्ली के राम लीला मैदान में महारैली करेंगे

■ पीएम मोदी अनुराग ठाकुर व सांसदों को पत्र सौंप कर इस रकम की वापसी की मांग करेंगे

**शिमला,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्र के पास जमा एनपीईएस कार्मिकों की 10 हजार करोड़ की रकम की वापसी के लिए कर्मियों ने केंद्र सरकार पर दबाव बनाना प्रारंभ कर दिया है। रकम की वापसी को लेकर हिमाचल के एनपीईएस कर्मी एक अक्तूबर को दिल्ली के राम लीला मैदान में महारैली करेंगे। महारैली के बाद कर्मचारी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व अन्य सांसदों के माध्यम से पीएम मोदी को पत्र सौंप कर इस रकम की वापसी की मांग करेंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली हिमाचल सरकार ने राज्य में ओपीएस बहाल कर दी है। ओपीएस बहाली के बाद अब सरकार का प्रयास है कि केंद्र के पास 10 हजार करोड़ की रकम जमा है। ओपीएस बहाली के बावजूद कर्मचारियों को पूर्ण पेंशन का लाभ केंद्र के पास जमा रकम के वापस आने पर ही मिलेगा। कर्मचारियों को एनपीएस खाते में जमा रकम के लाभांश व सरकार के हिस्से की रकम खजाने में जमा करनी होगी। लिहाजा अब कर्मचारी इस रकम को वापस लाने की कोशिश में हैं। इसी कोशिश में कर्मचारियों ने दिल्ली में महारैली करने का फैसला लिया है।

हिमाचल प्रदेश नई पेंशन योजना कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर का कहना है कि इस समय राष्ट्रीय स्तर पर सभी संसद सदस्यों से मिलने का कार्यक्रम चल रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश के कर्मचारी भी अपने सांसदों से प्रदेश के भीतर मिलेंगे। यदि केंद्र सरकार ने एनपीएस के तहत जमा धनराशि नहीं लौटाई तो राष्ट्रीय स्तर पर पहली अक्टूबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली का आयोजन होगा।

# मोदी का उनकी पार्टी में ही कम होता जा रहा है सम्मान: गहलोत

**जयपुर**, 12 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि उनके रवैये से अब उनकी पार्टी में ही उनका सम्मान कम होता जा रहा है और उनकी पार्टी ही उनके खिलाफ होने से धीरे धीरे इनके विरुद्ध विद्रोह भी हो सकता है। श्री गहलोत ने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इनकी पार्टी में फूट पड़ गई और पार्टी की हालत खराब है। उन्होंने कहा कि अब श्री मोदी का उनकी पार्टी में आदर खत्म हो रहा है। यह चिंता होनी चाहिए श्री मोदी को खुद के लिए कि आज जनता में तो उनका आदर कम हुआ ही है लेकिन उनकी पार्टी में भी उनका सम्मान कम होता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उनकी बैठकों में यह सब नजर आ रहा है। भाजपा के लोगों से ही पूछ लीजिए कि उनकी पार्टी की बैठकों में किस तरह के हालात बन गए हैं। पहले क्या होता था और अब क्या हो रहा है। पहले और अब में श्री मोदी को लेकर किस तरह के हालात बदल गए है। उन्होंने कहा 'मैं श्री मोदी से कहना चाहूंगा कि आप ओबीसी वर्ग से है और कम से कम ओबीसी का तो मान रखो। आपकी जो अप्रोच है, उससे आपकी पार्टी ही आपके खिलाफ हो रही है और धीरे धीरे आपके विरुद्ध विद्रोह भी हो



इनकी पार्टी में फूट पड़ गई और पार्टी की हालत खराब है, उनके रवैये से अब उनकी पार्टी में ही उनका सम्मान कम होता जा रहा है और उनकी पार्टी ही उनके खिलाफ होने से धीरे धीरे इनके विरुद्ध विद्रोह भी हो सकता: अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री राजस्थान

सकता है।' उन्होंने कहा कि देश एक एवं अखंड रहे, इसके लिए देशवासियों को चाहिए कि वे चाहे किसी भी पार्टी या विचारधारा के हो, सबको देश प्रेम और भारत माता के लिए एकजुट रहना चाहिए। एक सवाल के जवाब में मुखयमंत्री ने कहा कि देश समझ रहा है और अगर श्री मोदी का मुस्लिम प्रेम जागृत हो गया है तो अच्छी बात है, हम चाहते है कि सब धर्मों एवं जातियों के प्रति उनका प्रेम जागृत हो। हम दुआए करते है कि श्री मोदी, आरएसएस अमित शाह का सभी धर्मों के प्रति प्रेम जागृत हो, मुस्लिम, इसाई, फारसी, जैन, सिख हर जातियों एवं दलितों के साथ। उन्होंने कहा लेकिन मेरा अनुभव कहता है ये लोग सत्तर साल में नहीं बोले और अब चुनाव आते ही बोलने लगे है। इन्होंने सत्तर साल में कभी सरदार वल्लभ भाई पटेल, महात्मा गांध एवं भीमराव अंबेडकर का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि गुजरात में श्री पटेल का स्मारक बनाया गया है अच्छी बात है लेकिन इससे पहले सत्तर साल में इनका नाम क्यों नहीं लिया, क्योंकि श्री पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया, वह टीस थी इसलिए इनका नाम नहीं लिया गया। इसी तरह पंडित जवाहर लाल नेहरु का कभी नाम नहीं लिया जो देश के लिए दस साल जेल रहे।'

उन्होंने कहा 'अगर इतिहास एवं महापुरुषों के नाम को भुलाओगे तो आप महापुरुष कैसे बन पाओंगे। देश में यह इनकी अप्रोच बहुत गलत है। देश में लोकतंत्र कांगेस ने दिया है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस में वंशवाद चल रहा है, कांग्रेस मुक्त भारत बना दो। हम कभी पूछते है क्या कि उनके परिवार में क्या चल रहा है। वोट तो गुप्त होते तभी भी क्यो इस परिवार को लोग चाहते है, उन्होंने कहा कि लोग इस परिवार को चाहते थे, चाहते है और रहेंगे और कांग्रेस कभी मुक्त नहीं होने वाली है।'

# लाखों की स्मैक व चरस के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**नैनीताल,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तराखंड की हल्द्वानी पुलिस ने शुक्रवार देर रात को दो पृथक पृथक मामलों में लाखों रूपये की स्मैक और चरस के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पकंज भट्ट के निर्देश पर विशेष अभियान समूह (एसओजी) की अगुवाई में हल्द्वानी पुलिस की ओर से बीती रात को विभिन्न क्षेत्रों में तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान हल्द्वानी की कोतवाली पुलिस ने बाईपास रोड पर ईको स्पोर्ट्स कार सख्या यूके 01ए 8562 को रोका और उसकी जांच की तो उसमें से 1.011 किलोग्राम चरस बरामद हुई।



पुलिस ने वाहन सवार दो आरोपियों को रूपेश कश्यप निवासी गली नंबर 4, राजपुरा, हल्द्वानी और शुभम गुप्ता निवासी गली नंबर 01, बैलेजली लाज को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य घटना में काठगोदाम थाना प्रभारी प्रमोद पाठक की अगुवाई में पुलिस और एसओजी की टीम की ओर से गौलापार में चलाये जा रहे अभियान में पुलिस टीम ने 218 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। आरोपियों की मोटर साइकिल को भी सीज कर दिया है। दोनों आरोपी शिशुपाल वर्मा निवासी शिवनगर सिमरावोरीपुर, थाना कैंट बरेली, उप्र और नीलेश निवासी मुतलकपुर, पो0 महमूदपुर, थाना आंवला, बरेली, उप्र को गिरफ्तार कर लिया गया।

# प्रादेशिकी

## पेंशनर को मरा दिखाकर फर्जीवाड़ा करने वालों पर मामला दर्ज

**फर्रुखाबाद,**12 अगस्त (देशबन्धु)। कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने एसपी के आदेश पर कोतवाली फतेहगढ़ के भोलेपुर रेलवे क्रॉसिंग के उत्तर निवासी होरीलाल कटियार के साथ की गई फर्जीवाड़े की रिपोर्ट दर्ज की है। रक्षा मंत्रालय के 87 वर्षीय पेंशनर होरीलाल गाजियाबाद में बेटों के पास रहते हैं। उन्होंने थाना कमालगंज के ग्राम कंधरापुर निवासी गिरीश चंद कटियार रिश्तेदार को अपने मकान की देखभाल के लिए रखा। गिरीश चंद्र ने होरीलाल को मृत दर्शा कर उनका मकान नगर पालिका के अभिलेखों में अपने नाम करवा लिया। गिरीश चंद्र के नाम के विद्युत कनेक्शन को कटवा दिया। होरी लाल ने आरोप लगाया कि गिरीश चंद व उनके पुत्र एवं पुत्रवधू ने धोखाधड़ी से मेरे मकान को हड़पने के लिए फर्जीवाडा किया है। जिन्होंने कार्रवाई किए जाने पर जान से मरवाने की भी धमकी दी है।

# नशा जवानी को समाप्त करने का कारण : योगी

**लखनऊ,**12 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नशा, नाश का कारण है। नशा वास्तव में जवानी को समाप्त करने का एक कारण है और इससे जितना दूर रहकर हम स्वस्थ चिंतन को बढ़ावा दे सकें, उतना ही बेहतर है। उत्तर प्रदेश के अंदर 9 करोड़ युवा हैं। इन 9 करोड़ युवाओं के सपनों को नई उड़ान देनी है, उनके सपनों का उत्तर प्रदेश बनाना है तो उन्हें नशा मुक्त बनाने के इस पवित्र अभियान के साथ जोड़ना ही होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नशा मुक्त प्रदेश–सशक्त प्रदेश अभियान का शुभारंभ करते हुए बोल रहे थे। सीएम योगी ने प्रदेश के सभी युवाओं को नशा मुक्ति के इस सबसे बड़े अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

■ अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर नशा मुक्त प्रदेश-सशक्त प्रदेश अभियान का किया शुभारंभ

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस 2023 की थीम ग्रीन स्किल फॉर यूथ टूवर्ड्स सस्टेनेबल वर्ल्ड रखी गई है। इस थीम के अनुरूप देश की सबसे बड़ी आबादी के राज्य उत्तर प्रदेश को नशा मुक्त करना और नशा मुक्त करके सशक्त बनाना यानी 'नशा मुक्त प्रदेश–सशक्त प्रदेश' के अभियान के साथ हम सब को जुड़ना होगा। इस अवसर पर योगी ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम में उपस्थित एनसीसी, स्काउट गाइड समेत तमाम संस्थाओं से जुड़े युवाओं को



युवाओं के सपनों का प्रदेश बनाना है तो नशा मुक्ति अभियान से जुड़ना होगा : योगी आदित्यनाथ

नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। सीएम योगी ने कहा कि यूनिसेफ प्रदेश के अंदर अनेक कार्यक्रमों से जुड़ा हुआ है। तमाम ऐसी बीमारियां जो वर्षों से हमारे युवाओं, बच्चों को निगल जाती थीं। इंसेफेलाइटिस भी इनमें से एक था। यूनिसेफ जैसी संस्थाओं ने जब केंद्र और राज्य से समन्वय किया तो आज इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियां खत्म हो गईं। हजारों ऐसे बच्चे जो असमय काल कल्वित होते थे, उन बच्चों की जान बचाई जा सकी है। याद रखिए, बीमारी के खिलाफ सरकार का यह कार्यक्रम अगर सफलता को प्राप्त कर सकता है तो कृत्रिम रूप से जो बीमारियां मनुष्य पैदा करता है उसका समाधान क्यों नहीं हो सकता। जिस जवानी में व्यक्ति को स्वयं, समाज और देश के भविष्य के बारे में चिंतन करते हुए नए सपनों को बुनना और उसके अनुसार आगे बढ़ना चाहिए, लेकिन उस समय यदि वो नशे का आदी हो जाएगा तो जैसै दीमक अंदर ही अंदर व्यक्ति को खोखला बना देता है, ऐसे ही नशा व्यक्ति को अंदर ही अंदर खोखला बना देता है। इसके बाद वह व्यक्ति किसी काम का नहीं रहता। वह परिश्रम नहीं कर सकता, उसके चिंतन की व्यवस्था समाप्त हो जाती है, किसी अभियान में जिस दृढ़ शक्ति के साथ उसे जुड़ना चाहिए, वो नहीं जुड़ सकता और अंततः वह एक समय काल कल्वित हो जाता है। सीएम योगी ने उदाहरण देते हुए कहा कि लोग तंबाकू, खैनी खाते हैं तो कुछ लोग ऐसा मसाला खाते हैं जो उनकी आदत का हिस्सा बन जाता है। उसके दांत खराब हो जाते हैं, सड़ जाते हैं। जो चीज खाने से दांत जैसी सॉलिड चीज नष्ट हो जाती है तो उसका जिह्वा पर क्या असर पड़ता होगा, लंग्स पर क्या असर पड़ता होगा, खाने की नली पर क्या असर पड़ता होगा, अमाशय पर क्या असर पड़ता होगा, आप सहज अनुमान लगा सकते हैं। इसलिए नशे से जितना दूर रह सकते हैं उतना ही उपयोगी होगा और उतना ही क्वॉलिटी ऑफ लाइफ के लिए लाभदायक होगा। सौभाग्य से दुनिया के अंदर सबसे ज्यादा 65 करोड़ युवा भारत के अंदर हैं।

## छह वर्ष पूर्व दूर की कौड़ी था उप्र में निवेश : योगी

**गोरखपुर।** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छह वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था के चलते लोग यहां उद्योग लगाने और कारोबार करने में डरते थे तथा प्रदेश में निवेश दूर की कौड़ी थी। योगी गोरखपुर में स्थित गीडा सेक्टर 26 में मेसर्स केयान डिस्टलरीज प्राइवेट लिमिटेड के 1200 करोड़ रुपए के निवेश वाले एथेनाल व ईएनए प्लांट का शिलान्यास करने के बाद यहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जब प्रदेश में उद्यमी और व्यापारी ही सुरक्षित नहीं थे तब उनकी पूंजी कैसे सुरक्षित रहती। उन्होंने कहा कि बाहर से निवेशकों का यहां आना तो दूर यहां के उद्यमी व्यापारी भी भाग रहे थे पर छह सालों में यूपी की कानून व्यवस्था पूरे देश में नजीर बनी है। हर निवेशक यूपी आना चाहता है और अधिकाधिक निवेश करना चाहता है जिसका प्रमाण फरवरी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिला 36 लाख करोड़ रुपए का निवेश का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री । ने कहा कि छह साल पहले सपा–बसपा की सरकारों में यूपी के लोगों के सामने पहचान का संकट था। यहां के नौजवानों को देश में कोई ठौर ठिकाना नहीं मिलता था। दूसरे राज्यों में लोग किराए पर मकान नहीं देना चाहते थे। हॉस्टल मिलने में दिक्कत होती थी। उसे पहचान छुपाने को मजबूर होना पड़ता था और आज नौजवानों के सामने पहचान का कोई संकट नहीं। वह शान से खुद को यूपी वाला बताता है।

# उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार व मंहगाई चरम पर, हर वर्ग त्रस्त : अखिलेश

■ भाजपा पर लगाया बुलडोजर से अराजकता फैलाने का आरोप

**लखनऊ,**12 अगस्त (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में अन्याय, अत्याचार, महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है। समाज का हर वर्ग इससे त्रस्त है। यादव ने प्रदेश मुख्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक में सम्बोधित करते हुए कहा कि दरवाजे–दरवाजे दस्तक देने के लिए अभी से जुट जाएं। जमीनी स्तर पर लोकसभा चुनाव की तैयारियों में कोई कोर कसर नहीं रखें।

कार्यकर्ता बिना अति उत्साह, अति आत्मविश्वास के काम करे। लोकसभा चुनाव 2024 में डबल इंजन की दोनों सरकारें जाएंगी। भाजपा सरकार प्रदेश में 80 की 80 सीटें हारेगी। जनता का भरोसा समाजवादी पार्टी पर है। समाजवादी पार्टी के पास जनता की ताकत है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बुलडोजर से उत्तर प्रदेश में अराजकता फैला रही है। भाजपा साजिश और षडयंत्र करके समाजवादी पार्टी के नेतृत्व को बदनाम करने की कोशिश करती है। भाजपा रणनीति बनाकर निर्दोष लोगों को फर्जी केसों में फंसाकर उन्हें परेशान कर रही है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार पुलिस हिरासत में सबसे ज्यादा मौतें उत्तर



प्रदेश में हो रही हैं। भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करके संविधान और लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। भाजपा अनैतिक राजनीति कर चुनाव को प्रभावित करती है। सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भाजपा वोटबैंक की तरह इस्तेमाल करती है। भाजपा झगड़ा लगाकर समाज को बांटना चाहती है। भाजपा अंग्रेजों की नीति 'फूट डालो राज करो' पर चल रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा जनता को बुनियादी मुद्दों से भटकाने में लगी है। भाजपा नागरिकों के अधिकारों और उनके सम्मान पर हमला कर रही है।

भाजपा सरकार में छात्र, नौजवान किसान, व्यापारी सभी परेशान है। भाजपा की कुनीतियों से किसान का पशुधन अब किसान को ही बर्बाद कर रहा है। छात्र और नौजवानों का भविष्य अंधकार में है। व्यापारी लूटा जा रहा है। महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा के कारण संविधान खतरे में है।

## सार संक्षेप

### सैनिक के रुपए उड़ाए

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली फतेहगढ़ आर्मी कैंट के नायक भलेराम ने खाते से रुपए उड़ाने वाले के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पोस्ट ऑफिस का कर्मचारी बताने वाले ने भलेराम से अपने मोबाइल फोन में इंडिया पोस्ट के पार्सल के लिए पांच रुपए डलवाए। उसके बाद भलेराम के खाते से पांच बार में करीब 17 हजार रुपए निकाल लिए।

### युवक का मोबाइल लूटा

**फर्रुखाबाद।** थाना कमालगंज के ग्राम नसरतपुर निवासी उवैस खान पुत्र नफीस खान का मोबाइल फोन लूटा गया। रात आठ बजे उवैस कमालगंज से अपने घर जा रहा था। वह फोन पर बात करते रेलवे क्रॉसिंग के पास से गुजर रहा था तभी कमालगंज की तरफ से आया बाइक सवार युवक हाथ से मोबाइल फोन छीन कर गौसपुर की तरफ भाग गया। दूसरे दिन पूर्व प्रधान के पुत्र उवैस ने थाना पुलिस को रिपोर्ट दर्जकरने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।

### दो पक्षों में जमकर मारपीट

**मवाना।** थाना क्षेत्र के गांव भैंसा में शनिवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई, जिसमें लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। संघर्ष में दोनों ओर से चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायल को सीएचसी भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दोनों ओर से एक दूसरे के खिलाफ जानलेवा हमले की तहरीर दी गई है,जिसमें एक पक्ष ने फायरिंग भी आरोप लगाया है।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन 20 को

**फर्रुखाबाद।** श्री विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट द्वारा 20 अगस्त को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जूनियर एवं सीनियर वर्ग के छात्र छात्राएं प्रतिभाग कर सकते है। संस्था के निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि पिछले 22 वर्षो से संस्थान द्वारा स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के माध्यम से छात्र-छात्राएं अपनी योग्यता का आकलन कर सकते है। इस वर्ष 20 अगस्त को परीक्षा पांच केंद्रों पर होगी। सीनियर छात्र छात्राओं की परीक्षा 11 से 12 दोपहर तक होगी।

### विरोध नहीं अच्छा, टीकाकरण से सुरक्षित रहेगा बच्चा

**फर्रुखाबाद।** जिले में इस समय मिशन इंद्रधनुष 5.0 चल रहा है। अभियान में किसी कारण वश नियमित टीकाकरण से छूटे हुए शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती को टीके लगाए जा रहे हैं। कुछ परिवार ऐसे भी हैं जो टीकाकरण कराने से मना कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम विश्व स्वास्थ्य संगठन व यूनिसेफ के सहयोग से समझा कर टीकाकरण के लिए राजी कर रही हैं।

### सूचना

मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र व प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 1602609 वर्ष 1998 यूपी बोर्ड तथा इण्टरमीडिएट का अंक पत्र व प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 0111563 वर्ष 2000 यूपी बोर्ड वास्तव में कहीं खो गया है।

**–प्रवीण कुमार पुत्र क्षेत्र पाल सिंह, कस्बा करनावल, तहसील सरधना (मेरठ)।**

## प्रतियोगिता में एनसीसी कैडेट मुबाशिरा व सोफिया ने बाजी मारी

**मवाना,**12 अगस्त (देशबन्धु)। 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल महेश कुमार चौहान, विद्यालय प्रधानाचार्या सुनीता कुमारी के मार्गदर्शन में आर्य कन्या इंटर कॉलेज मवाना में एनसीसी कैडेट्स जूनियर विंग द्वारा एनसीसी अभियान एनसीसी अधिकारी विनय कुमारी के नेतृत्व में पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 की इलमा , सोफिया आयशा, आर्मिष, कामिनी, इकरा, अर्फिया कक्षा 10 की रिया, इलमा, वंशिका, सुभारती, सुहाना बसु, नौशीन, तनु, सानिया कक्षा 11 की इकरा, मुबाशिर, इकरा, नंदिनी, सादिया, शालू और कक्षा 12 की नंदिनी परवीन शाहिद आदिश कैडेट्स ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। कैडेट मुबाशिरा प्रथम, कैडेट सोफिया द्वितीय, कैडेट सोफिया तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्या सुनीता कुमारी ने बताया कि अपने आसपास के नाले, तालाब, नदियों को साफ सुथरा रखने के लिए प्लास्टिक घरेलू कचरा, कूड़ा न डालें तथा अपने आसपास पड़ोसियों शहर के नागरिकों को भी इसके प्रति जागरूक करें। एनसीसी अधिकारी विनय कुमारी ने कहा कि एनसीसी ने 30 मई 2022 को पुनीत सागर अभियान शुरू किया है। 5 जून 2022 तक जारी रहा। जो विश्व पर्यावरण दिवस का प्रतीक है। इस अभियान के अंतर्गत समुद्र, नदी, नालो आदि के कचरे को सरकार ने निजी एजेंसियों के सहयोग से पर्यावरण के अनुकूल तरीके से निपटाया। इस कार्यक्रम में आशा भारती, संगीता जैन, रितु रस्तोगी, कविता रस्तोगी, मंजू आदि सभी शिक्षिकाओं ने अपना योगदान दिया।

## दृढ़ संकल्प व कड़ी मेहनत से ही सफलता संभव : डॉ.प्रदीप

**मेरठ,**12 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार को वेंक्टेश्वरा संस्थान में देश के विख्यात शिक्षाविद् एवं शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी एवं संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) भारत सरकार के वर्ष 2020 से अब तक चेयरमैन रहे प्रो.प्रदीप जोशी का आज वेंक्टेश्वरा संस्थान पहुंचने पर भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन हुआ। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के डॉ.सीवी रमन सभागार में आयोजित 'सम्मान समारोह' में समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि एवं प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने शॉल, स्मृति चिन्ह, मां सरस्वती की प्रतिमा, पुष्प गुच्छ, तुलसी पौधा, पटका एवं पगड़ी पहनाकर उनका सम्मानित किया। डॉ. जोशी ने अपने सम्बोधन में कहा कि दृढ़ संकल्प के सामने इस देश विदेश की कोई भी सर्वोच्च परीक्षा एवं लक्ष्य बौना है। आप अपने दृढ़ संकल्प एवं

■ वेंक्टेश्वरा में पहुंचे देश के विख्यात शिक्षाविद का स्वागत

■ सिविल परीक्षा के लिए छात्रों का होगा मार्गदर्शन : डॉ.सुधरी



कड़ी मेहनत से जो चाहे, वो पा सकते है। वही वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ.सुधीर गिरि ने प्रो.पी.के. जोशी का वेंक्टेश्वरा पहुंचने पर हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपको सम्मानित करते हुए विवि स्वयं को गौरान्वित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर समूह चेयरमैन के सलाहकार वीपीएस अरोड़ा, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. यतीन्द्र कटियार, सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलपति राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

## भाषण प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरित

**मवाना,**12 अगस्त (देशबन्धु)। एएस इंटर कॉलेज मवाना में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश भाषण प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने बताया कि हम आजादी के अमृत महोत्सव को मना रहे हैं जिसके अंतर्गत हमें उन वीर शहीदों को नमन करना है। उनके द्वारा किए गए कार्यो को अपने जीवन में उतरना है, जिससे हम भी उनकी



तरह बन सके तथा उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चल सकें। आज के कार्यक्रम में दीपशिखा प्रथम, सोनिया दूसरे तथा निशा, प्राची एवं दिव्या सामूहिक रूप से तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से कोऑर्डिनेटर कृष्ण चंद, अर्चना तिवारी, अंजु सिंह, श्रवण कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## दिल्ली रोड पर रैपिड रेल निर्माण को लेकर व्यापारी वर्ग परेशान

**मेरठ,**12 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली रोड पर रैपिड रेल निर्माण से व्यापारी वर्ग पूरी तरह परेशान है। जिसके चलते सामान के आने जाने की व्यवस्थाओं में आ रही बाधाएं मुख्य हैं। इसी के मद्देनजर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश (पंजी.) सरकार से लगातार

■ मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे व्यापारी

■ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने दी चेतावनी

■ 20 अगस्त से क्रमिक अनशन करेगा संगठन

मांग करता आ रहा है कि दिल्ली रोड़ रैपिड रेल निर्माण के चलते जो व्यापारी प्रभावित हो रहे हैं उन सबको उचित मुआवजा दिया जाए, परन्तु लगातार धरना प्रदर्शन व मांग पत्र देने के बावजूद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि. व मेरठ के प्रशासनिक अधिकारी द्वारा व्यापारियों की किसी भी पीड़ा की सुनवाई नहीं




की जा रही है। अधिग्रहण किए जाने वाले भवनों को मनमाने तरीके से अतिक्रमण बताया जा रहा है कई–कई बार अलग–अलग निशान लगाए जा रहे हैं, जिससे व्यापारियों में दहशत उत्पन्न हो रही है। व्यापारियों की सुनवाई न होने के कारण मजबूरीवश आन्दोलन की राह अपनानी पड़ रही है। शनिवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल उप्र (पंजी.) के प्रान्तीय अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में सांकेतिक धरना व भूख हड़ताल ईरा मॉल के सामने दिल्ली रोड़, मेरठ पर आयोजित की जा रही है, जिससे व्यापारियों की पीड़ा शासन व प्रशासन तक पहुंच सके, परन्तु यदि व्यापारियों की सुनवाई नहीं होती है, तो व्यापारी 20 अगस्त से क्रमिक अनशन करने पर मजबूर हो जाएगा।

## अल्पसंख्यक आयोग के सदस्यगणों ने ली बैठक

**मेरठ,**12 अगस्त (देशबन्धु)। सर्किट हाऊस में सदस्यगण उप्र अल्पसंख्यक आयोग अनीता जैन एवं रमेश चंद जैन द्वारा जिलाधिकारी, एसएसपी एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। उन्होने जनपद में घटित घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त कर प्रकरण में त्वरित कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग की अधिकारी से पेंशन, सामूहिक विवाह, छात्रवृत्ति योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचे। योजनाओ की जानकारी जन–जन तक पहुंचाने के लिए अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार किया जाए। उन्होंने पेंशन योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, एसपी ट्रैफिक जितेन्द्र श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर लक्ष्मीकांत वाजपेई का स्वागत

**मेरठ,**12 अगस्त (देशबन्धु)। जनपद मेरठ से राज्यसभा सांसद डॉ.लक्ष्मीकांत वाजपेई को भाजपा द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी देने के बाद से बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। शनिवार को राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चैस एसोसिएशन के सचिव एवं डीएवी के खेल विभागाध्यक्ष डा.विनीत त्यागी व सुशील त्यागी उनके आवास पर पहुंचे।

उन्होंने भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा.लक्ष्मीकांत वाजपेई को गुलदस्ता देकर शुभकामनाएं प्रेषित की। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की थी। जिसमें 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, 8 राष्ट्रीय महामंत्री, 1 राष्ट्रीय महामंत्री संगठन, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, राष्ट्रीय सचिव सहित कोषाध्यक्ष और सह कोषाध्यक्षों के नामों



के साथ घोषणा की गई थी। इसी सूची में मेरठ से पूर्व विधायक डॉ.लक्ष्मीकांत को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया था। लक्ष्मीकांत वाजपेयी मेरठ शहर सीट से भाजपा के टिकट पर विधायक रहे हैं। 2014 में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं।

साथ ही 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में चुनाव स्क्रीनिंग कमेटी में भी अहम पद पर रहे हैं। डा.लक्ष्मीकान्त बाजपेयी के यूपी अध्यक्ष रहते हुए ही भाजपा ने 2014 लोकसभा चुनाव में 73 सीटें जीती थीं।

**आयोजन** *सुभारती में राष्ट्र बोध व्याख्यान माला समारोह का हुआ आयोजन*

# गुलामी की मानसिकता से निकलें देशवासी : सुधांशु त्रिवेदी

**मेरठ,12 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में जी-20 भारत की अध्यक्षता एवं आजादी के अमृत महोत्सव सहित एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत राष्ट्र बोध व्याख्यानमाला समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ.सुधांशु त्रिवेदी एवं विशिष्ट वक्ता सुबूही खान ने सुभारती परिसर पहुंचकर सुभारती अस्पताल के कैंसर इंस्टीट्यूट का भ्रमण किया ।इसके बाद शहीद स्मारक में शहीदों के नाम वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट वक्ता, विनोद अग्निहोत्री।**

■ सनातन पूरे विश्व के लिए जरूरी : सुबूही

■ शहीद स्मारक में शहीदों के नाम किया वृक्षारोपण

सुभारती समूह के संस्थापक डॉ.अतुल कृष्ण, कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज, लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ.रोहित रविन्द्र, सुभारती अस्पताल के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ. कृष्णा मूर्ति ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि को डी लिट की उपाधि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डॉ.सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि



गुलामी की मानसिकता को खत्म करना होगा और देश की सांस्कृतिक विरासत पर हमें गर्व करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जब भारत पर मुगलों व अन्य हमलावारों का शासन था इसी काल खंड में भारत के वीरों ने हमारी संस्कृति की रक्षा कर आज हमारे लिए भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत छोड़ी है। भारत में तेज गति से अब विकास हो रहा है और 2047 तक भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। डॉ.शल्या राज ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के उद्देश्यों से सभी को रूबरू कराया। उन्होंने बताया कि सुभारती विश्वविद्यालय शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के भाव से देशहित में कार्य कर रहा है। इसी क्रम में सुभारती विवि द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल व कॉलेज के साथ स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किये हुए है। उन्होंने सुभारती विवि के सेवाभाव सहित शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों से सभी को रूबरू कराया। कुलपति ने विवि की शैक्षिक एवं अनुसंधान हेतु की जा रही गतिविधि की जानकारी दी। सुबूही खान ने कहा कि धर्म को बांटा नही जा सकता है और झूठ में सच का साथ देना ही धर्म है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नही हो सकता है और जातिवाद, क्षेत्रवाद, वामपंथी विचारधारा हमारे देश को कमजोर कर रही है। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक निखिल श्रीवास्तव ने धन्यवाद किया। संचालन विवेक कुमार, सीमा शर्मा, अंशुल त्रिवेदी, अभिनव ने चरणबद्ध किया। आजाद हिन्द गान से कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में विधायक अमित अग्रवाल, महानगर संघ चालक विनोद भारतीय, विनीत शारदा, बिजेन्द्र अग्रवाल, राहुल मित्तल, राजेश तिवारी, लियाकत अली, हर्ष अग्रवाल, विमल, मोहन गुर्जर, सचिन, विकास त्यागी, सूर्यकांत द्विवेदी, भूपेन्द्र दूबे, राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री की अधिकारी व जनप्रतिनिधि के साथ बैठक

**मेरठ,**12 अगस्त (देशबन्धु)। सर्किट हाऊस में मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, नागरिक सुरक्षा उप्र सरकार/प्रभारी मंत्री जनपद मेरठ धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मंत्री द्वारा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से स्थायी व अस्थायी गौशालाओ की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होने निराश्रित गौवंश का बरसात से बचाव व रहने के उचित प्रबंध तथा भूसे का पूर्ण प्रबंध करने के निर्देश दिये। मंत्री ने कहा कि गौशाला में गौवंश को संरक्षित किया जाना सरकार की प्राथमिकता है।




देशबन्धु नई दिल्ली, रविवार, 13 अगस्त, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## वंदे भारतम गाने के जरिए टी-सीरीज ने सैनिकों और उनकी माताओं को दिया ट्रिब्यूट

**मुंबई।** टी-सीरीज ने वंदे भारतम गाने के जरिए सैनिकों और उनकी माताओं को ट्रिब्यूट दिया है। टी-सीरीज़, विशाल मिश्रा की आवाज में वंदे भारतम नामक एक विशेष गीत लेकर आए हैं। यह गाना अर्जुन बिजलानी द्वारा निभाए गए सेना के जवान के जीवन को दर्शाता है। लवेश नागर द्वारा निर्देशित और विशाल मिश्रा द्वारा गाए गए इस गाने का संगीत आर्को ने दिया है और गाने के बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। यह गाना देश के लिए अपनी जान जोखिम में डालने वाले सभी सैनिकों को एक ट्रिब्यूट है। सिर्फ उन्हें ही नहीं, यह उन माताओं को भी सम्मान देता है जो अपने बच्चे को देश की सेवा में भेजने का साहस रखती हैं।

विशाल मिश्रा ने कहा, मैं वंदे भारतम जैसे गाने पर काम करने में सक्षम होने पर बहुत खुश हूं।

## बड़े निर्देशकों के साथ काम करना हमेशा से मेरी इच्छा थी : मोना सिंह



**मुंबई,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेत्री मोना सिंह अपनी हालिया रिलीज मेड इन हेवन सीजन टू की सफलता से उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि रीमा कागती, जोया अख्तर और अलंकृता श्रीवास्तव के साथ काम करना हमेशा से उनकी इच्छा रही है। मोना ने कहा कि मेड इन हेवन सीजन 2 में मेरे प्रदर्शन के लिए मुझे जो प्रशंसा मिल रही है, वह अभिभूत करने वाली है। मैं इतनी बड़ी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने के लिए बहुत आभारी हूं और इतनी जबरदस्त प्रतिक्रिया पाकर मैं खुश हूं।

इतने शानदार कलाकारों और उद्योग के सबसे बड़े निर्देशकों के साथ काम करना हमेशा से मेरी इच्छा रही है, और न केवल निर्देशकों से बल्कि सोशल मीडिया पर भी मेरे किरदार बुलबुल के प्रति इतना स्नेह देखना अविश्वसनीय है।

जब मैंने किरदार के लिए शूटिंग शुरू की, तो मुझे यकीन था कि एक बार जब लोग शो देखना शुरू कर देंगे, तो यह उनके साथ जुड़ जाएगा। बहुप्रतीक्षित शो को इतना प्यार देने और मेरे किरदार बुलबुल को पसंदीदा बनाने के लिए मैं सभी की आभारी हूं।

'मेड इन हेवन' एक रोमांटिक ड्रामा वेब सीरीज है। यह सीरीज दिल्ली में मेड इन हेवन नामक एजेंसी चलाने वाले दो वेडिंग प्लानर तारा और करण के जीवन कस बारे में बताती है। यह प्राइम वीडियो पर है।

# आउटडोर वायु प्रदूषण से गैर-फेफड़े के कैंसर का खतरा

## वायु प्रदूषकों व नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के लगातार संपर्क में रहने से बुजुर्गों में जोखिम

**न्यूयॉर्क,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। एक नए शोध में चेतावनी दी गई है कि सूक्ष्म कण वायु प्रदूषकों (पीएम2.5) और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ2) के लगातार संपर्क में रहने से बुजुर्गों में गैर-फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के टीएच चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ द्वारा लाखों मेडिकेयर लाभार्थियों के अध्ययन और पर्यावरण महामारी विज्ञान (एपिडेमियोलॉजी) में प्रकाशित रिपोर्ट में पाया गया कि 10 साल की अवधि में पीएम2.5 और एनओ2 के संपर्क में आने से कोलोरेक्टल और प्रोस्टेट कैंसर विकसित होने का खतरा बढ़ गया है।

शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि वायु प्रदूषण का निम्न स्तर भी लोगों को स्तन और एंडोमेट्रियल कैंसर के अलावा, इन कैंसर के विकास के लिए विशेष रूप से संवेदनशील बना सकता है।

पर्यावरण स्वास्थ्य विभाग के अनुसंधान साथी यागुआंग वेई ने कहा कि हमारे निष्कर्ष विशिष्ट कैंसर के विकास में एक महत्वपूर्ण जोखिम फैक्टर के रूप में वायु प्रदूषण की जैविक संभाव्यता को उजागर करते हैं, जो हमें मानव स्वास्थ्य पर वायु प्रदूषण के प्रभाव को समझने के एक कदम और करीब लाते हैं। जबकि, वायु प्रदूषण को फेफड़ों के कैंसर के लिए एक जोखिम कारक के रूप में



स्थापित किया गया है और स्तन कैंसर के खतरे का एक लिंक उभर रहा है। कुछ अध्ययनों में प्रोस्टेट, कोलोरेक्टल और एंडोमेट्रियल कैंसर के जोखिम पर इसके प्रभावों को देखा गया है।

शोधकर्ताओं ने 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के राष्ट्रीय मेडिकेयर लाभार्थियों के डेटा का विश्लेषण किया। अध्ययन अवधि के कम से कम शुरुआती 10 वर्षों तक सभी सब्जेक्ट कैंसर फ्री थे। विभिन्न वायु प्रदूषण डेटा स्रोतों से आकर्षित होकर, शोधकर्ताओं ने पूरे अमेरिका में पीएम2.5 और एनओ2 एकाग्रता का एक पूर्वानुमानित मैप विकसित किया। राष्ट्रव्यापी विश्लेषण के निष्कर्षों से पता चला है कि क्रोनिक पीएम2.5 और एनओ2 एक्सपोजर से कोलोरेक्टल और प्रोस्टेट कैंसर के विकास का खतरा बढ़ गया है, लेकिन एंडोमेट्रियल कैंसर के खतरे से जुड़ा नहीं है। स्तन कैंसर के लिए, एनओ2 का जोखिम बढ़े हुए जोखिम से जुड़ा था, जबकि पीएम 2.5 का संबंध अनिर्णायक था। शोधकर्ताओं ने सुझाव दिया कि मिश्रित संबंध पीएम2.5 की रासायनिक संरचना में भिन्नता के कारण हो सकते है, जो ठोस और तरल कणों का एक जटिल मिश्रण है।शोधकर्ताओं ने नोट किया कि यहां तक कि स्वच्छ हवा वाले समुदाय भी कैंसर के खतरे से प्रतिरक्षित नहीं हैं। उन्होंने नए अपडेट विश्व स्वास्थ्य संगठन दिशानिर्देशों के नीचे प्रदूषण स्तर पर भी दो प्रदूषकों के संपर्क और सभी चार कैंसर के खतरों के बीच पर्याप्त संबंध पाया।

## प्लेआर ने लॉन्च की अपनी नई एडवांस ट्रैवल फ्रेंडली स्पोर्ट्स साइकिल

मुंबई 12 अगस्त (एजेंसियां)। अपने स्पोर्ट्स इक्विपमेंट, कपड़ों और एक्सेसरीज के लिए मशहूर स्पोर्ट्स और लाइफस्टाइल ब्रांड प्लेआर ने हाल ही में स्पोर्ट्स साइकिल लॉन्च की है, जो खास ट्रैवल और एडवेंचर को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन की गई है। प्लेआर सीएसके, एमआई, आरआर और पीबीकेएस सहित विभिन्न आईपीएल फ्रेंचाइजी का ऑफिशियल मर्चेंडाइजर पार्टनर है। प्लेआर ने अत्याधुनिक साइकिलें विकसित की हैं, जो एडवांस तकनीक, बेहतर शिल्प कौशल और रोमांच का एक अद्वितीय तालमेल है। ये नई साइकिल अपनी गुणवत्ताऔर प्रदर्शन से उपयोगकर्ता को संतुष्टि देने के लिए तैयार है। प्लेआर साइकिल उन लोगों के लिए आदर्श और ट्रैवल फ्रेंडली है, जो वीकेंड में




थ्रिल और एडवेंचर का आनंद लेना चाहते हैं। ये उपयोगकर्ता के जरुरत को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। ब्रांड साइकिल चलाने का अनुभव आनंददायक होना चाहिए और प्लेआर सवार के आराम के मूल्य को समझता है। प्लेआर साइकिलों की एक विस्तृत श्रृंखला लेकर आया है जो अन्य साइकिलों की तुलना में चलाने में कुशल होने के साथ-साथ लंबे समय तक चलने में भी कुशल हैं। इसे विशेष रूप से भारत में निर्मित और डिज़ाइन किया गया है। प्लेआर अपने ब्रांड के साथ जुड़े लोगों को फिट रहने और स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करता है। ब्रांड की टैगलाइन भी यही कहती है, 'चलो खेलें'।

## जी सिनेमा लेकर आ रहा दो जबर्दस्त वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर्स 'रावणासुर' और 'छत्रपति'

**नई दिल्ली,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। जी सिनेमा के साथ मनाइए आजादी का उत्सव सपरिवार... देखिए ब्लॉकबस्टर फिल्में 12 अगस्त से लगातार! स्वतंत्रता दिवस सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि एक जज़्बात है, और ज़ी सिनेमा इसे बखूबी महसूस करता है। इस साल इस जश्न का उत्साह दोगुना करते हुए यह चैनल शनिवार 12 अगस्त से नॉन-स्टॉप ब्लॉकबस्टर फिल्में दिखाने जा रहा है। इंडिपेंडेंस डे पर फिल्मों के प्रीमियर्स का डबल धमाका होगा, जिसमें दोपहर 1 बजे मास महाराजा - रवि तेजा की 'रावणासुर' और रात 8 बजे बेहद टैलेंटेड बेल्लमकोंडा श्रीनिवास की फिल्म 'छत्रपति' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर्स होंगे, सिर्फ ज़ी सिनेमा पर। इस जश्न की शुरुआत होगी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आरआरआर' के साथ - एक ऐसी फिल्म जिसने दुनिया के मंच पर भारतीय सिनेमा की शान बढ़ाई और हर भारतीय को गर्व से भर दिया।




राम चरण, जूनियर एनटीआर, आलिया भट्ट और अजय देवगन जैसे सितारों से सजी यह भव्य फिल्म 12 अगस्त को रात 8 बजे दिखाई जाएगी। इसके बाद 13 अगस्त को रात 8 बजे ज़ी सिनेमा पर दस्तक देगी फिल्म 'अखंडा', जो हमें बहादुरी और जांबाज़ी के शानदार सफर पर ले जाएगी। 14 अगस्त को इस चैनल पर आएगी रोहित शेट्टी की फिल्म 'सूर्यवंशी', जो देश की रक्षा की खातिर आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी जंग से सराबोर होगी।

## दुर्लभ वन्य प्राणी डायनासोर का वंशज इंडियन पैंगोलिन मिला

**बैतूल,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। मुलताई-क्षेत्र के ग्राम पारड़सिंगा में दुर्लभ प्रजाति का स्तनधारी वन्य जीव पैंगोलिन मिला है। दिखने में छोटे डायनासोर जैसा लगने वाला यह प्राणी विचित्र दिखाई देता है और किसी भी संकट का आभास होने पर अपने आप को बॉल में तब्दील कर लेता है और गोल आकार लेने पर इस का खोल इतना कठोर और मजबूत होता है कि इसे कोई भी शक्तिशाली जानवर नुकसान नहीं पहुंचा सकता। बीती रात ग्राम पारड़सिंगा के ग्रामीणो ने सर्पमित्र एवं शिक्षक मोनू तायवाड़े को विचित्र जीव होने की सूचना दी थी मोनू तायवाड़े ने ग्राम में पहुंचकर तरुण भिकोड़े के मकान से पैंगोलिन को पकड़ा और जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। सुबह वन विभाग के हवाले कर दिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी नितिन पवार ने बताया कि दक्षिण वन मंडल के मुलताई क्षेत्र के ग्राम पारड़सींगा के खेत से लगे मकान में मिले पैंगोलिन का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर वन कर्मियों की मदद से पैंगोलिन को क्षेत्र से लगे जंगल में छोड़ दिया गया है। पैंगोलिन प्रजाति वन्यजीव अधिनियम 1972 की अंकसूची 1 में शामिल है। पर्यावरण की दृष्टि से इसकी महत्ता बहुत अधिक है। प्रतिवर्ष 70से 80 मिलियन



चींटी, दीमक, किट, पतंगो को खाता है। पैंगोलिन को पकड़ने वाले मोनू ताएवाड़े, बताते हैं कि यह पर्यावरण संतुलन बनाने के लिए बहुत अच्छा कार्य करता है। यह प्रतिवर्ष 70 से 80 मिलियन चींटी, किट और दिमग को खाता है। इसका आवरण बहुत सख्त होता है जो जीव की सुरक्षा मे उपयोग होता है। इससे बुलेट प्रूफ बनाने के भी काम में आता है ।

मुलताई क्षेत्र में इससे पहले भी दो बार इंडियन पैंगोलिन मिले है। इसका अभिप्राय है क्षेत्र में इनके और संख्या होने की संभावनाएं हैं जिसे देखते हुए तेजी से लुप्त हो रहे इस जीव की सुरक्षा के लिए ठोस उपाय किए जाने चाहिए । महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में इस स्तनधारी दुर्लभ वन्य जीव के संरक्षण के लिए एक अध्ययन समूह का गठन किया है।

नितिन पवार ने कहा कि ग्राम में मिले दुर्लभ स्तनधारी जीव पैंगोलिन का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया है।

# पंजाब में रसौली के मामलों में 50 प्रतिशत की वृद्धि

## 45 वर्ष से अधिक उम्र की पांच में से एक महिला का फाइब्रॉएड

**जालंधर,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब में पिछले पांच वर्षों की तुलना में फाइब्रॉएड (रसौली) के मामलों में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की हालिया सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार पंजाब में 45 वर्ष से अधिक उम्र की पांच में से कम से कम एक महिला का फाइब्रॉएड के कारण गर्भाशय निकाला गया है।

भटिंडा स्थित आदेश मेडिकल कॉलेज की ओर से गर्भाशय विकारों के प्रबंधन पर आयोजित सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (सीएमई) को संबोधित करने के बाद, राष्ट्रीय प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरसीएच) के सलाहकार डॉ. नरेश पुरोहित ने शनिवार को कहा कि शोध एवं अध्ययनों से पता चलता है कि 20-50 प्रतिशत महिलाओं को अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार फाइब्रॉइड होता है। फाइब्रॉइड का विकास आमतौर पर महिलाओं में 30 या 40 के दशक में होता है, लेकिन आजकल युवा लड़कियों में यह तेजी से आम होता जा रहा है।

डॉ पुरोहित ने कहा कि ज्यादातर प्रभावित आयु वर्ग 30 वर्ष और उससे अधिक है। उन्होंने कहा कि एक-दो दशक पहले ज्यादातर महिलाएं 20 और 30 साल की उम्र में बच्चों को जन्म देती थीं, लेकिन इन दिनों अधिक से अधिक महिलाएं देर से पारिवारिक जीवन शुरू कर रही हैं। इसलिए, महिलाओं की प्रजनन क्षमता पर फाइब्रॉएड के प्रतिकूल प्रभाव सामने आए हैं।

प्रसिद्ध महामारी वैज्ञानिक डॉ. पुरोहित ने बताया कि यदि महिलाओं का वजन अधिक है तो उनमें एस्ट्रोजन के स्तर में वृद्धि के कारण फाइब्रॉएड होने की संभावना अधिक होती है। गर्भवती महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजन के स्तर के आधार पर, मौजूदा फाइब्रॉएड तेजी से बढ़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि फाइब्रॉएड हमेशा महिलाओं की प्रजनन क्षमता को प्रभावित नहीं करते हैं, क्योंकि वे या तो छोटे हो सकते हैं या उन क्षेत्रों में हो सकते हैं, जो प्रजनन प्रणाली को प्रभावित नहीं करते हैं।

डॉ. पुरोहित ने कहा कि गर्भाशय फाइब्रॉएड जीवन के लिए खतरा नहीं हैं, लेकिन वह असुविधा पैदा कर सकते हैं और भारी रक्तस्राव से लाल रक्त कोशिकाओं (एनीमिया) के नुकसान के कारण थकान हो सकती है। इसके अलावा, महिलाओं को अवसाद, चिंता, तनाव और घबराहट का भी सामना करना पड़ सकता है। इसलिए कई महिलाएं इस समस्या के समाधान के लिए हिस्टेरेक्टोमी का विकल्प चुनती हैं।

# सेल्फ-ड्राइविंग टैक्सियों में लोग कर रहे सेक्स

## सेल्फ-ड्राइविंग टैक्सियों की बढ़ती लोकप्रियता

**सैन फ्रांसिस्को,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। सैन फ्रांसिस्को में सेल्फ-ड्राइविंग टैक्सियों की बढ़ती लोकप्रियता के साथ वाहन सवारों ने उसमें यौन संबंध बनाने की प्रवृत्ति भी बढ़ती जा रही है। हाल ही में 20 साल की एक महिला देर रात देर रात पहली रोबोटैक्सी की सवारी की और यौन संबंध बनाए द सैन फ्रांसिस्को स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, सेल्फ-ड्राइविंग कार में सेक्स करने का यह उसका पहला अनुभव था। महिला ने कहा कि वे रोबोटैक्सी में चढ़ गए और तुरंत संबंध बनाना शुरू कर दिया। उसके साथी ने उसका ख्याल रखा।



उन्होंने कहा कि आपको यह कहने वाला कोई नहीं है कि आप ऐसा नहीं कर सकते। आप इसके साथ और अधिक सहज हो जाते हैं, और यदि आप अधिक गंभीर साथी के साथ हैं, तो यह अन्य चीजों तक बढ़ सकता है।

इसके अलावा, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि चार अलग-अलग क्रूज़ कार सवारों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने हाल के महीनों में सैन फ्रांसिस्को में ड्राइवर रहित वाहनों में यौन संबंध बनाए हैं।। इस सप्ताह की शुरुआत में, अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में नियामकों ने स्वायत्त कार कंपनियों क्रूज़ और वेमो को सैन फ्रांसिस्को में चौबीसो घंटे वाणिज्यिक रोबोटैक्सी सेवाएं चलाने के लिए हरी झंडी दे दी है।

## हैरान करने वाले अर्जुन रामपाल के वॉशबोर्ड एब्स, इंस्टाग्राम पर किया शेयर

**मुंबई,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेता अर्जुन रामपाल ने विद्युत जामवाल अभिनीत आगामी फिल्म 'क्रैक - जीतेगा तो जिएगा' के लिए फैंस के साथ अपने ट्रांसफॉर्मेशन की एक नई तस्वीर साझा की।

अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म 'क्रैक'के लिए अपने अद्भुत ट्रांसफॉर्मेशन का प्रदर्शन किया। साथ-साथ 'पहले और बाद की' तस्वीर में, रामपाल ने अपनी फिटनेस यात्रा का खुलासा किया। उन्होंने इसे कैप्शन दिया 'पहले और बाद में' यहां तक कि उनकी पार्टनर गैब्रिएला डेमेट्रियड्स भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक प्यारे कैप्शन के साथ पोस्ट साझा करने से खुद को नहीं रोक सकीं, इस शख्श की कड़ी मेहनत और निरंतरता से आश्चर्यचकित हूं। 'क्रैक-जीतेगा तो जिएगा' एक रोमांचकारी स्पोर्ट्स फिल्म है। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित फिल्म दो भाइयों पर आधारित है जो जीतने के लिए साहसी स्टंट करने के लिए तैयार हैं। इसे सरीम मोमिन और रेहान



खान ने लिखा है। फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी अभी गुप्त है। अर्जुन द बैटल ऑफ भीमा कोरेगांव में भी दिखाई देंगे, जो एक आगामी पीरियड वॉर रोमांटिक ड्रामा है, जिसका निर्देशन और निर्माण रमेश थेटे ने अपने बैनर के तहत किया है। इसमें कोरेगांव की लड़ाई के दौरान हुई घटनाओं को दर्शाया गया है। फिल्म में अर्जुन रामपाल एक महार योद्धा सिद्धनाक इनामदार की भूमिका में हैं।

जन्मदिवस के अवसर पर

## दमदार अभिनय से श्रीदेवी ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**मुंबई,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड में श्रीदेवी का नाम एक ऐसी स्टार अभिनेत्री के रूप में लिया जाता है जिन्होंने अपने दमदार अभिनय और दिलकश अदाओं से दर्शकों के दिल में अपनी खास पहचान बनाई। श्रीदेवी का मूल नाम श्रीयम्मा यंगर था। उनका जन्म 13 अगस्त 1963 को तमिलनाडु के एक छोटे से गांव मीनमपटी में हुआ था। श्रीदेवी ने अपने सिने करियर की शुरूआत महज चार वर्ष की उम्र में एक तमिल फिल्म से की थी। वर्ष 1976 तक श्रीदेवी ने कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में बतौर बाल कलाकार काम किया। बतौर अभिनेत्री उन्होंने अपने करियर की शुरूआत तमिल फिल्म 'मुंदरू मुदिची' से की। वर्ष 1977 में प्रदर्शित तमिल फिल्म '16 भयानिथनिले' की व्यावसायिक सफलता के बाद श्रीदेवी स्टार अभिनेत्री बन गई। हिंदी फिल्मों में बतौर अभिनेत्री श्रीदेवी ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1979 में प्रदर्शित फिल्म 'सोलहवां सावन' से की लेकिन फिल्म असफल होने के बाद श्रीदेवी हिंदी फिल्म उद्योग छोड़ दक्षिण भारतीय फिल्मों की ओर लौट गई।

वर्ष 1983 में श्रीदेवी ने एक बार फिर फिल्म 'हिम्मतवाला' के जरिये हिंदी फिल्मों की ओर अपना रूख किया। फिल्म की सफलता के बाद बतौर अभिनेत्री वह हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गई। वर्ष 1983 में श्रीदेवी के सिने करियर की एक और अहम फिल्म 'सदमा' प्रदर्शित हुई। फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई लेकिन सिने दर्शक आज भी ऐसा मानते हैं कि यह श्रीदेवी के करियर की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में एक है। वर्ष 1986 में प्रदर्शित फिल्म 'नगीना' श्रीदेवी के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है। इस फिल्म में श्रीदवी ने इच्छाधारी नागिन का किरदार निभाया। इस फिल्म में उन पर



फिल्माया गीत 'मैं तेरी दुश्मन दुश्मन तू मेरा' में उन्होंने जबरदस्त नृत्य शैली का परिचय दिया। वर्ष 1987 में प्रदर्शित फिल्म 'मिस्टर इंडिया' श्रीदेवी की सबसे कामयाब फिल्म साबित हुई।

वर्ष 1989 में श्रीदेवी के सिने करियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म 'चालबाज' प्रदर्शित हुई। इस फिल्म में श्रीदेवी ने दो जुड़वा बहनों की भूमिका निभाई। श्रीदेवी के लिए यह किरदार काफी चुनौतीपूर्ण था लेकिन उन्होंने अपने सहज अभिनय से न सिर्फ इसे अमर बना दिया बल्कि आने वाली पीढ़ी की अभिनेत्रियों के लिए उदाहरण के रूप में पेश किया। वर्ष 1989 में ही श्रीदेवी की एक और सुपरहिट फिल्म 'चांदनी' प्रदर्शित हुई। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रीदेवी ने चांदनी की भूमिका निभाई। इस फिल्म में श्रीदेवी ने अपनी बहुआयामी प्रतिभा का परिचय देते हुए न सिर्फ चुलबुला किरदार निभाया बल्कि कुछ दृश्यों में अपने संजीदा अभिनय से दर्शकों को भावुक कर दिया। श्रीदेवी ने वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म 'इंग्लिश विंग्लश' से कमबैक किया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 2018 में श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' प्रदर्शित हुई। फिल्म में उनके दमदार अभिनय के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार, फिल्म फेयर पुरस्कार समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। अपनी दिलकश अदाओं से लोगों को मंत्रमुग्ध करने वाली श्रीदेवी 24 फरवरी 2018 को इस दुनिया को अलविदा कह गई।

भारतीय मूल के शोधकर्ता की नई खोज

# शरीर के रंग के लिए जिम्मेदार 135 नए मेलेनिन जीन की पहचान की

**सैन फ्रांसिस्को,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय मूल के शोधकर्ता विवेक बाजपेयी ने अपनी टीम के साथ रंजकता से जुड़े 135 नए मेलेनिन जीन की पहचान की है। साइंस जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, आठ अरब से अधिक मनुष्यों की त्वचा, बाल और आंखों का रंग मेलेनिन नामक प्रकाश-अवशोषित वर्णक द्वारा निर्धारित होता है। मेलेनिन का उत्पादन मेलानोसोम्स नामक विशेष संरचनाओं के भीतर होता है। मेलानोसोम मेलेनिन-उत्पादक वर्णक कोशिकाओं के अंदर पाए जाते हैं, जिन्हें मेलानोसाइट्स कहा जाता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि हालांकि सभी मनुष्यों में मेलानोसाइट्स की संख्या समान होती है, लेकिन उनके द्वारा उत्पादित मेलेनिन की मात्रा भिन्न होती है और मानव त्वचा के रंग में भिन्नता को जन्म देती है।

ओक्लाहोमा विश्वविद्यालय में प्रमुख लेखक और सहायक प्रोफेसर विवेक बाजपेयी ने कहा कि यह समझने के लिए कि वास्तव में विभिन्न मात्रा में मेलेनिन का उत्पादन क्यों होता है,



हमने आनुवंशिक रूप से इंजीनियर कोशिकाओं के लिए सीआरआईएसपीआर-सीएएस 9 नामक तकनीक का उपयोग किया। उन्होंने कहा कि सीआरआईएसपीआर का उपयोग

- फ्लो साइटोमेट्री के साइड-स्कैटर नामक प्रक्रिया का उपयोग
- कम या ज्यादा मेलेनिन वाली कोशिकाओं को अलग करने में सक्षम

करके, हमने व्यवस्थित रूप से लाखों मेलानोसाइट्स से 20 हजार से अधिक जीन हटा दिए और मेलेनिन उत्पादन पर प्रभाव देखा।

यह पहचानने के लिए कि कौन से जीन मेलेनिन उत्पादन को प्रभावित करते हैं, जीन हटाने की प्रक्रिया के दौरान मेलेनिन खोने वाली कोशिकाओं को लाखों अन्य कोशिकाओं से अलग करने की आवश्यकता होती है, जो नहीं करती थीं। इन विट्रो सेल संस्कृतियों का उपयोग करते हुए, बाजपेयी ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक उपन्यास विधि विकसित की जो मेलानोसाइट्स की मेलेनिन-उत्पादक गतिविधि का पता लगाती है और मात्रा निर्धारित करती है। उन्होंने कहा कि फ्लो साइटोमेट्री के साइड-स्कैटर नामक प्रक्रिया का उपयोग करके, हम कम या ज्यादा मेलेनिन वाली कोशिकाओं को अलग करने में सक्षम हैं। फिर मेलेनिन-संशोधित जीन की पहचान निर्धारित करने के लिए इन अलग कोशिकाओं का विश्लेषण किया गया। हमने नए और पहले से ज्ञात दोनों जीनों की पहचान की है जो मनुष्यों में मेलेनिन उत्पादन को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शोधकर्ताओं ने 169 कार्यात्मक रूप से विविध जीन पाए जो मेलेनिन उत्पादन को प्रभावित करते थे, और उनमें से 135 पहले रंजकता से जुड़े नहीं थे।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## एफपीआई ने अगस्त में 7,543 करोड़ रुपए के शेयर बेचे




**नई दिल्ली,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। अगस्त में एफपीआई ने 7,543 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने ये जानकारी दी है। तीन महीने की निरंतर खरीदारी के बाद, एफपीआई ने भारत में शेयर बेचना शुरू कर दिया है। तीन महीने में एफपीआई ने 1,37,603 करोड़ रुपए का निवेश किया था।

विजयकुमार ने कहा कि डॉलर इंडेक्स में मजबूती और अमेरिका में 10 साल की बॉन्ड यील्ड का 4 फीसदी से ऊपर रहना भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए एफपीआई प्रवाह अल्पकालिक नकारात्मक है। हालांकि एफपीआई वित्तीय, पूंजीगत वस्तुओं और वित्तीय तथा आईटी में खरीदार बने हुए हैं। उन्होंने कहा, बाजार में एक महत्वपूर्ण प्रवृत्ति यह है कि एफपीआई की बिक्री का मुकाबला मजबूत डीआईआई खरीदारी से होता है।

उन्होंने कहा कि मजबूत डॉलर और उच्च अमेरिकी बांड यील्ड को देखते हुए एफपीआई भारत में बिकवाली जारी रख सकते हैं। इसके अलावा, जिस तरह से पिछले तीन महीनों में बाजार में तेजी आई है, एफपीआई मुनाफावसूली करना चाहते हैं। फिडेलफोलियो इन्वेस्टमेंट्स के स्मॉलकेस मैनेजर और संस्थापक किसलय उपाध्याय ने कहा कि जुलाई में एफपीआई की बिकवाली के बावजूद, शेयर बाजार की स्थिरता घरेलू निवेशकों की ताकत और उनकी परिपक्वता को भी इंगित करती है। एएमएफआई के म्यूचुअल फंड डेटा पर उन्होंने कहा कि पूरे वित्त वर्ष 2024 में शुद्ध इक्विटी प्रवाह ने अपना सकारात्मक रुख बनाए रखा है।

फिर भी, शुद्ध इक्विटी प्रवाह में महीने-दर-महीने कमी आई है, जो 8,637 करोड़ रुपए से घटकर 7,626 करोड़ रुपए हो गया है, जो 12 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाता है।

# बांद्रा टर्मिनस-बाड़मेर स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़े



**अहमदाबाद,**12 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम रेलवे ने बांद्रा टर्मिनस-बाड़मेर स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ाने करने का निर्णय लिया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर की ओर से यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा तथा उनकी मांग को पूरा करने के लिए ट्रेन संख्या 09037/09038 बांद्रा टर्मिनस-बाड़मेर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (विशेष किराए पर) के फेरों को मौजूदा संरचना, समय, ठहराव आदि पर विस्तारित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 09037 बांद्रा टर्मिनस-बाड़मेर स्पेशल जिसे पहले 29 सितंबर तक अधिसूचित किया गया था, अब 29 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। नंबर 09038 बाड़मेर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल जिसे पहले 30 सितंबर तक अधिसूचित किया गया था अब 30 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है।

### बांद्रा टर्मिनस-गाजीपुर सिटी सुपरफास्ट को किराकत पर ठहराव

वडोदरा। ट्रेन संख्या 20941/42 बांद्रा टर्मिनस-गाजीपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस को किराकत स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर द्वारा यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 20941/20942 बांद्रा टर्मिनस-गाजीपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस का किराकत स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया जाएगा। जिसका विवरण इस प्रकार है। ट्रेन संख्या 20941/20942 बांद्रा टर्मिनस-गाजीपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस को 15 अगस्त से किराकत स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव दिया गया है। अर्थात बांद्रा टर्मिनस से 13 अगस्त को छूटने वाली ट्रेन सं 20941 तथा 15 अगस्त को गाजीपुर सिटी से छूटने वाली करने वाली ट्रेन सं 20942 को किराकत स्टेशन पर 15 अगस्त से अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। ट्रेन संख्या 20941 बांद्रा टर्मिनस-गाजीपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस किराकत स्टेशन पर 05.15 बजे पहुंचेगी और 05.17 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 20942 गाज़ीपुर सिटी-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस किराकत स्टेशन पर 20.41 बजे पहुंचेगी और 20.43 बजे प्रस्थान करेगी।

### ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन आंशिक रूप से चलेगी परिवर्तित मार्ग पर

राजकोट। झांसी मंडल में ब्लॉक के कारण ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन आंशिक रूप से परिवर्तित मार्ग पर चलेगी। मंडल रेल प्रवक्ता के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल के वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) स्टेशन पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु ट्राफिक एवं पावर ब्लॉक लिए जाने के कारण ओखा - गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन आंशिक रूप से परिवर्तित मार्ग पर चलेगी। विवरण इस प्रकार है। ओखा से चलने वाली ट्रेन संख्या 15046 ओखा-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (कुल 5 ट्रिप) 20 अगस्त से 17 सितंबर तक अपने निर्धारित मार्ग गुना-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई-ग्वालियर की बजाय परिवर्तित मार्ग वाया गुना-शिवपुरी-ग्वालियर के रास्ते चलेगी। रेल यात्रियों से उन्होंने निवेदन किया है कि उपरोक्त बदलाव को ध्यान में रखकर यात्रा करें।

## बेजोस व सांचेज़ ने की हवाई को आग से उबरने में मदद को 100 मिलियन डॉलर मदद की घोषणा

सैन फ्रांसिस्को, 12 अगस्त (एजेंसियां)। अरबपति जेफ बेजोस और उनकी प्रेमिका लॉरेन सांचेज़ ने माउई, हवाई में जंगल की आग से उबरने के प्रयासों में मदद के लिए 100 मिलियन डॉलर के फंड की घोषणा की है। हवाई जंगल की आग गंभीर स्थिति में पहुंच गई है और मरने वालों की संख्या बढ़कर 67 हो गई है। शुक्रवार देर रात एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, सांचेज़ ने लिखा कि वे 'माउई फंड बना रहे हैं और माउई को अब और आने वाले वर्षों में अपने पैरों पर वापस खड़ा करने में मदद करने के लिए 100 मिलियन डॉलर समर्पित कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, माउई में जो कुछ हो रहा है, उससे जेफ और मैं दुखी हैं। हम उन सभी परिवारों के बारे में सोच रहे हैं, जिन्होंने बहुत कुछ खो दिया है और एक समुदाय जो तबाह हो गया है। उनकी तत्काल जरूरतें और दीर्घकालिक पुनर्निर्माण महत्वपूर्ण है, जिसे करना होगा।' पहले की रिपोर्टों के अनुसार, बेजोस ने पिछले साल अनुमानित 78 मिलियन डॉलर में दक्षिण माउई में आग से 20 मील से भी कम दूरी पर ला पेरोस बे पर 14 एकड़ की संपत्ति खरीदी थी। इस बीच, पश्चिम माउ, जहां लाहिना स्थित है, अभी भी बिजली और पानी के बिना है। खोजी दल अभी भी क्षेत्र में जंगल की आग के पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं। समृद्ध इतिहास वाला एक तटीय शहर लाहिना में 1,000 से अधिक इमारतें नष्ट हो गई हैं, जो हर साल लगभग दो मिलियन पर्यटकों को आकर्षित करता है।

## माइक्रोसॉफ्ट ने विंडोज 11 में कॉर्टाना ऐप्स को किया बंद




नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। आईओएस और एंड्रॉइड के बाद, माइक्रोसॉफ्ट ने अब विंडोज 11 पर अपने डिजिटल असिस्टेंट कॉर्टाना ऐप को बंद करने की घोषणा की है। विंडोज़ में एक स्टैंडअलोन ऐप के रूप में कॉर्टाना को हटा दिया गया है, टीम्स मोबाइल, माइक्रोसॉफ्ट टीम्स डिस्प्ले और माइक्रोसॉफ्ट टीम्स रूम में कॉर्टाना के लिए समर्थन 2023 के अंत में समाप्त हो जाएगा।

कंपनी ने एक अपडेट में कहा, आउटलुक मोबाइल में कॉर्टाना उपलब्ध रहेगा। हम समझते हैं कि यह आपके काम करने के तरीके को प्रभावित कर सकता है, लेकिन नए और रोमांचक तरीके हैं, जिनसे आप अपने कार्यों, कैलेंडर, ईमेल और बहुत कुछ में सहायता प्राप्त कर सकते हैं।' कॉर्टाना मूल रूप से विंडोज फोन में एक डिजिटल सहायक के रूप में शुरू हुआ था, और बाद में वॉयस कमांड, रिमाइंडर और एप्लिकेशन खोलने की क्षमता के समर्थन के साथ विंडोज में एकीकृत किया गया था। हालांकि, कॉर्टाना को एलेक्सा या गूगल असिस्टेंट जैसे अपने प्रतिद्वंद्वियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में संघर्ष करना पड़ा। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला ने 2019 में स्वीकार किया कि कॉर्टाना प्रतिस्पर्धियों से पिछड़ गया है। तीन साल पहले, माइक्रोसॉफ्ट ने आईओएस एंड्राइड के लिए अपने कॉर्टाना ऐप्स बंद कर दिए थे। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि नई सुविधाएं हैं, जो कॉर्टाना से बेहतर हैं। कंपनी ने कहा, 'विंडोज 11 में वॉयस एक्सेस एक नई सुविधा है, जो आपको अपने पीसी को नियंत्रित करने और अपनी आवाज का उपयोग करके टेक्स्ट लिखने की सुविधा देती है। आप ऐप्स खोलने और उनके बीच स्विच करने, वेब ब्राउज़ करने और ईमेल पढ़ने और लिखने के लिए वॉयस कमांड का उपयोग कर सकते हैं।' नया एआई-संचालित बिंग उपयोगकर्ताओं को जटिल प्रश्न पूछने और वेब पर विश्वसनीय स्रोतों से संक्षिप्त उत्तर प्राप्त करने की सुविधा देता है।

## सार संक्षेप

### जून में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 3.7 प्रतिशत पर

नई दिल्ली। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि दर जून में घटकर 3.7 फीसदी पर आ गई। इसका मुख्य कारण विनिर्माण उत्पादन की कमजोर वृद्धि है। इससे पहले मई में आईआईपी में 5.2 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई थी जो तीन महीने का उच्चतम स्तर है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जून में विनिर्माण उत्पादन तीन प्रतिशत बढ़ा जबकि मई में इसमें 5.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई थी। अप्रैल में आईआईपी वृद्धि दर 4.2 फीसदी और मार्च में 1.7 फीसदी पर रही थी। पिछली सबसे कम वृद्धि दर अक्टूबर 2022 में देखी गई थी जब इसमें 4.1 प्रतिशत की गिरावट आई थी। आईआईपी वृद्धि दर 2023-24 की पहली तिमाही में 4.5 प्रतिशत रही, जो अप्रैल-जून 2022 में 12.9 प्रतिशत थी।

### बोंडाडा इंजीनियरिंग का आईपीओ 18 अगस्त को खुलेगा

नई दिल्ली। बुनियादी ढांचा कंपनी बोंडाडा इंजीनियरिंग लिमिटेड का एसएमई प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 18 अगस्त को खुलेगा। इसके तहत कंपनी 427 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। टेलिकॉम में ग्राहकों को इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण सेवाएं और संचालन एवं रखरखाव सेवाएं प्रदान करने वाली हैदराबाद की इस कंपनी ने आज वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुये कहा कि इस आईपीओ के लिए 10 रुपए अंकित मूल्य वाले शेयर का निर्गम मूल्य 75 रुपए निर्धारित किया गया है। 22 अगस्त को बंद होने वाले इस आईपीओ में निवेशक न्यूनतम 1600 शेयरों के लिए और उसके बाद 1600 शेयरों के गुणांकों में बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के लिए विवरो फाइनेशियंल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड लीड मैनेजर है और केफिन टेक्नॉलाजीज लिमिटेड निर्गम का रजिस्ट्रार है। इसको बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

### फोटो डिजाइन फर्म शटरफ्लाई 246 कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी

सैन फ्रांसिस्को। फोटोग्राफी और डिजाइन फर्म शटरफ्लाई ने घोषणा की है कि वह अमेरिकी राज्य मिनेसोटा के शाकोपी में अपनी यूनिट बंद कर 246 कर्मचारियों की छंटनी करेगी। साउथवेस्ट न्यूज मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने मिनेसोटा के रोजगार और आर्थिक विकास विभाग को यूनिट बंद करने के बारे में सूचित किया। इसके परिणामस्वरूप 246 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया जाएगा। चूंकि यूनिट बंद हो रही है, इसलिए कर्मचारियों का ये नुकसान स्थायी होने की संभावना है। छंटनी 9 अक्टूबर से कई चरणों में शुरू होकर 28 जून 2024 तक चलेगी। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'हम इस निर्णय से अपने कर्मचारियों, उनके परिवारों और शकोपी समुदाय पर पड़ने वाले प्रभाव को पूरी तरह समझते हैं।

# प्रदेश में सस्ते उप खनिजों के लिए 790 नये खनन क्षेत्र चिन्हित



- मीरजापुर, झांसी, प्रयागराज, गोरखपुर, बांदा समेत 10 प्रमुख जिले शामिल
- मुख्यमंत्री ने इंडस्ट्रियल मिनिरल्स पर फोकस करने के दिये निर्देश

लखनऊ, 12 अगस्त (देशबन्धु)। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में 790 नये खनन पट्टे के लिए क्षेत्रों को चिन्हित किया है। इसमें मीरजापुर, झांसी, प्रयागराज, बांदा, हमीरपुर, महोबा, सहारनपुर, जालौन, बिजनौर और गोरखपुर जैसे दस जिले प्रमुख हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में प्रदेश की जनता को वाजिब दामों में मौरंग, बालू, इमारती पत्थर समेत अन्य उपखनिज उपलब्ध कराने के लिए विभाग को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये थे। इसके साथ ही उप खनिजों के परिवहन के लिए अधिक से अधिक रेल मार्ग का उपयोग करने के भी निर्देश दिये थे। इससे जहां सरकार के राजस्व में बढ़ोतरी होगी, वहीं आम जनमानस को सस्ते दामों में उपखनिज मिलने के साथ पर्यावरण के लिहाज से भी काफी फायदेमंद साबित होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को जनता को वाजिब दामों में उप खनिज उपलब्ध कराने के लिए नये खनन पट्टे बढ़ाने के निर्देश दिये थे। उन्होंने कहा था कि वर्तमान में प्रदेश में उप खनिजों की मांग के अनुरूप उपलब्धता कम है। ऐसे में मांग को पूरा करने के लिए अन्य राज्यों से उप खनिजों का परिवहन होता है। इससे उप खनिजों के दामों में काफी उछाल आता है। वहीं बारिश के मौसम में इनके दाम आसमान छूने लगते हैं। इससे आमजन मानस के साथ सरकार को भी काफी नुकसान होता है। सीएम योगी ने इन सब से निपटने के लिए विभाग को कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। इसके अलावा सीएम योगी ने बैठक में विभाग को प्रदेश में इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक इंडस्ट्रियल मिनिरल्स उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं ताकि प्रदेश को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने की राह आसान हो सके। उल्लेखनीय है कि उप खनिजों में इंडस्ट्रियल मिनिरल्स की अधिक मांग होती है। इनकी उपलब्धता बढ़ने से जहां सरकार के राजस्व में बढ़ोतरी होगी, वहीं प्रदेश इंडस्ट्रियल हब का केंद्र बनेगा। साथ ही प्रदेश के विकास को नयी रफ्तार मिलेगी।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार ने बताया कि विभागीय समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश में उप खनिज के पट्टों की संख्या बढ़ाने पर काम शुरू कर दिया गया है। प्रदेश भर में चिन्हित नये 790 खनन क्षेत्रों में प्रमुख दस जिलों का पहले ही उप खनिजों के खनन में 75 प्रतिशत योगदान रहा है। इस पर इनकी मॉनीटरिंग और सर्वे कराया गया, जिसके परिणाम स्वरूप इन दस जिलों में नये 601 क्षेत्र उप खनिज के खनन के लिहाज से उपयुक्त पाए गए। वहीं 189 खनन के क्षेत्र प्रदेश के विभिन्न जिलों में चिन्हित किये गये हैं। इन चिन्हित क्षेत्रों में सीएम योगी के निर्देश के अनुसार इंडस्ट्रियल मिनिरल्स पर खासा फोकस किया गया है। मालूम हो कि वर्तमान में प्रदेश भर में कुल 1157 क्षेत्र उप खनिज के संचालित हैं। विभाग की सचिव डॉ. रौशन जैकब ने बताया कि मीरजापुर में 328, झांसी में 84, प्रयागराज में 36, बांदा में 34, हमीरपुर और महोबा में 26, सहारनपुर में 20, जालौन में 18, बिजनौर में 15 और गोरखपुर में 14 नये क्षेत्र उप खनिज के लिए उपयुक्त पाए गए हैं।

वहीं प्रदेश के विभिन्न जिलों में 189 नये क्षेत्र खनन के लिए चिन्हित किए गए हैं। इन नये क्षेत्रों में उप खनिज की मात्रा के आकलन के लिए सर्वेक्षण कार्य शुरू कर दिया गया है। इन नये क्षेत्रों के सर्वेक्षण का कार्य जैसे-जैसे पूरा होता जाएगा, विभाग की ओर से टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। विभाग की मानें तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप विभाग अगस्त से अक्टूबर के बीच 200, नवंबर से जनवरी के बीच 290 और फरवरी से अप्रैल के बीच 300 नये खनन पट्टे को टेंडर के जरिये आवंटित कर देगा।

### 36 नये विभिन्न वाहनों को खरीदने हेतु 7 करोड़ 49 लाख रूपए से अधिक की धनराशि स्वीकृत

लखनऊ, 12 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश के जनपदों में तैनात पीएसी कर्मियों के लिये पीएसी के निष्प्रयोज्य वाहनों के प्रतिस्थापन हेतु नये वाहनों के क्रय के सम्बन्ध में 7 करोड़ 49 लाख रूपए से अधिक की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रमुख सचिव गृह ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस एवं पीएसी आधुनिकीकरण के तहत ट्रक, बस, कार, क्रेन आदि वाहनों के क्रय हेतु 7 करोड़ 49 लाख रूपए से अधिक की धनराशि के आदेश निर्गत कर दिये गये है। प्रमुख सचिव गृह ने बताया कि स्वीकृत धनराशि से 10 ट्रक, 09 बस, 03 टाटा 207, 10 कारे, 01 मोटरसाइकिल, 01 टाटा 407 एवं 02 क्रेनों कुल 36 वाहनों का क्रय किया जायेगा। प्रमुख सचिव गृह ने यह भी बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार उच्च गुणवत्ता वाले वाहनों के क्रय हेतु स्वीकृत धनराशि का उपयोग निर्धारित समयावाधि में करने के निर्देश दिये गये है ताकि वाहनों का बेहतर उपयोग हो सके।

## जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल-दलहन, चावल और गुड़ में टिकाव रहा।




तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान गुड़ और चीनी के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल के दाम स्थिर रहे।

अनाज : अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## मल्टी-टास्किंग, गेमिंग के अगले युग का स्मार्टफोन है सैमसंग गैलेक्सी ज़ेड फोल्ड 5



नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसियां)। फोल्डेबल का जमाना आ गया है और इस क्षेत्र में अग्रणी सैमसंग अपने उपकरणों में सार्थक नवाचार ला रहा है। गैलेक्सी जेड फोल्ड 5 के साथ, दक्षिण कोरियाई कंपनी ने एक शानदार आंतरिक स्क्रीन अनुभव और एक नये हिंज के साथ शक्तिशाली मल्टीटास्किंग टूल जोड़ा है जो पूरी तरह से सपाट मुड़ता है। नवीनतम डिवाइस जेड फोल्ड 4 की तुलना में 2.4 मिमी पतला है। जेड फोल्ड 5 पूरी तरह से सपाट मोड़ने के लिए एक बिल्कुल नए हिंज का उपयोग करता है, जिसकी मोटाई 13.4 मिमी है। यह थोड़ा लग सकता है लेकिन जब आप 253-ग्राम गैलेक्सी जेड फोल्ड 5 को अपने हाथों में पकड़ते हैं, तो पिछली पीढ़ी से अंतर साफ दिखता है। एक संतुलित डिजाइन के लिए नए फ्लेक्स हिंज द्वारा उन्नत इनोवेटिव फॉर्म फैक्टर और अद्वितीय फ्लेक्सकैम के साथ प्रो-ग्रेड कैमरा क्षमताओं के साथ, गैलेक्सी जेड फोल्ड 5 शीर्ष पायदान के फोल्डेबल अनुभव प्रदान करते हुए अपनी कीमत को उचित ठहराता है। डिज़ाइन के लिहाज से 7.6 इंच की मुख्य स्क्रीन 374 पिक?सेल पर डायनामिक एमोलेड 2 एक्स इन्फिनिटी फ्लेक्स डिस्प्ले (2176 गुना 1812) और 120 हर्ट्ज अडेप्टिव रिफ्रेश रेट प्रदान करती है। तेज धूप में भी बाहर देखने के बेहतरीन अनुभव के लिए अधिकतम चमक को 30 प्रतिशत बढ़ाकर 1,750 निट्स तक किया गया है (एक ऐसा बिंदु जहां अन्य सभी प्रतिद्वंद्वी फोल्डेबल्स वर्तमान में संघर्ष कर रहे हैं)।

402 पीपीआई पर एचडी प्लस डायनामिक एमोलेड 2एक्स डिस्प्ले (2316 × 904) और 120 हर्ट्ज एडेप्टिव रिफ्रेश रेट के साथ 6.2 इंच की कवर स्क्रीन आश्चर्यजनक है। इसमें मल्टीटास्किंग को बिल्कुल सहज बनाया गया है। यह डिवाइस मल्टी विंडो और ऐप निरंतरता से लेकर टास्कबार, ड्रैग एंड ड्रॉप और थर्ड-पार्टी ऐप्स के अनुकूलन सहित सुविधाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। गैलेक्सी फोल्ड5 पर बेहतर लेखन अनुभव प्रदान करने के लिए एस पेन फोल्ड संस्करण को भी ठीक किया गया है। यह जेब में अधिक आराम से फिट होने के साथ-साथ वास्तविक समय में टिप्पणी और विचार-विमर्श को आसान बनाता है। बेहतर टास्कबार हमें अक्सर उपयोग किए जाने वाले ऐप्स के बीच तुरंत स्विच करने की अनुमति देकर गतिशील उत्पादकता को सक्षम बनाता है। अब चार नवीनतम ऐप्स अधिक कुशल कार्य के लिए तैयार हैं। एक छिपे हुए पॉप-अप के साथ, एक ऐप पृष्ठभूमि में चलता रह सकता है, जिससे उपयोगकर्ता पूर्ण स्क्रीन में वीडियो सामग्री देख सकते हैं और स्क्रीन के किनारे फ्लोटिंग पॉप-अप में दोस्तों के साथ चैट कर सकते हैं। स्नैपड्रैगन 8 जेन 2 मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म ग्राफिक्स को बढ़ाता है और गतिशील गेमिंग और मल्टी-गेम कार्यक्षमता को सक्षम करने के लिए एआई का उपयोग करता है। बैटरी के मोर्चे पर, 4,400 एमएएच (सामान्य) दोहरी बैटरी दिन के दौरान लंबी अवधि का प्रदर्शन प्रदान करती है। काम, स्ट्रीमिंग और कुछ गेमिंग क्षेत्रों में भारी उपयोग के बाद भी बैटरी आसानी से पूरा दिन चल सकती है। कैमरे के मोर्चे पर, फोल्ड 5 समान ट्रिपल रियर कैमरा सिस्टम (50-एमपी मुख्य सेंसर, 10-एमपी 3× टेलीफोटो और 12-एमपी अल्ट्रावाइड सेंसर) प्रदान करता है जो सामान्य दिन की परिस्थितियों में काफी ठीक काम करता है। अंदर 4 एमपी का अंडर-डिस्प्ले कैमरा है जो वीडियो कॉलिंग के लिए अच्छा है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के अध्यक्ष और मोबाइल अनुभव व्यवसाय के प्रमुख टी.एम. रोह के अनुसार, कंपनी मानक स्थापित करके और अनुभव को लगातार परिष्कृत करके फोल्डेबल के साथ मोबाइल उद्योग में क्रांति ला रही है। गैलेक्सी जेड फोल्ड5 की कीमत 1,54,999 रुपये (12जीबी/256जीबी) से शुरू है।

# खेल जगत

## कैनेडियन ओपन : मैराथन क्वार्टर फाइनल में रिबाकिना ने कसात्किना को हराया



**मॉन्ट्रियल ( कनाडा ),** 12 अगस्त (एजेंसियां)। नंबर 3 सीड एलेना रिबाकिना ने कैनेडियन ओपन में लगभग साढ़े तीन घंटे तक चले रोमांचक क्वार्टर फाइनल में नंबर 10 सीड डारिया कसात्किना को हरा दिया। नंबर 3 सीड रिबाकिना ने देर रात मैराथन जीत के दौरान नंबर 10 सीड डारिया कसात्किना के खिलाफ एक मैच प्वाइंट बचाकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार देर रात अपने क्वार्टर फाइनल क्लासिक में 3 घंटे और 27 मिनट के खेल के बाद रिबाकिना ने कसात्किना पर 5-7, 7-5, 7-6(8) से जीत हासिल की। मैच शनिवार सुबह तीन बजने से ठीक पांच मिनट पहले समाप्त हुआ। उस दिन जहां पिछले पांच मैचों में से चार तीन-सेट वाले थे जो दो घंटे से अधिक समय तक चले थे, दिन का यह अंतिम मैच अब तक का सबसे लंबा था। यह वर्तमान में इस सीज़न के 10 सबसे लंबे मैचों में से एक है। इसके साथ, रिबाकिना ने अब 2023 में अपने सभी चार डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल जीते हैं।

# कोलंबिया को हराकर सेमीफाइनल में इंग्लैंड




**सिडनी,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के क्वार्टरफाइनल में शनिवार को पिछड़कर वापसी करते हुए कोलंबिया को 2-1 से मात दी। स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया पर खेले गये मुकाबले में लीसी सेंटोस ने 44वें मिनट में कोलंबिया का खाता खोला, लेकिन लौरेन हेम्प (45+6वां मिनट) और एलीसा रूसो (63वां मिनट) ने एक-एक गोल जमाकर इंग्लैंड को जीत दिलाई। सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना मंगलवार को मेज़बान ऑस्ट्रेलिया से होगा। इस मैच में हेम्प (23 वर्ष, पांच दिन) महिला विश्व कप नॉकआउट मैच में इंग्लैंड के लिये गोल करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने यह उपलब्धि हासिल करने के लिये अपनी टीम की साथी लुसी ब्रॉन्ज़ (23 वर्ष, 237 दिन) को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 2015 विश्व कप के राउंड ऑफ़ 16 मैच में नॉर्वे के विरुद्ध गोल जमाया था। इस दमदार जीत के बाद इंग्लैंड की कोच सरीना विगमैन ने कहा, वह एक कठिन चुनौती थी लेकिन हमें किसी और चीज़ की उम्मीद नहीं थी। हमने लचीलापन दिखाया। पहले हाफ में हमने बहुत अच्छा खेला लेकिन जब भी हमने ढिलाई बरती, जवाबी हमले में कोलंबिया खतरनाक साबित हुआ। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि वे कितने खतरनाक हो सकते हैं लेकिन जीत का रास्ता खोजने के लिये मुझे टीम पर बहुत गर्व है। ऑस्ट्रेलिया का मैच बहुत बड़ा होगा, लेकिन यह भी बड़ा था। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाली रूसो ने कहा, हम विश्व कप के सेमीफाइनल में हैं और हमने अपने सपने को जिन्दा रखा है। कोलंबिया एक शीर्ष टीम है और उन्होंने इस विश्व कप में यह दिखाया है। यह परीक्षा कठिन थी, लेकिन मैं बहुत खुश हूं कि हम सेमीफाइनल में हैं। उनके पास इतने सारे प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जो आपको एक पल में परेशानी में डाल सकते हैं, लेकिन मुझे लगा कि आज रात हमारी बैकलाइन ने शानदार प्रदर्शन किया। जो चीज़ इस टीम को महान बनाती है वह यह है कि हम हमेशा सुधार के तरीके खोजने की कोशिश करते रहते हैं। हमारे पास सुधार करने के लिये बहुत कुछ है, हम आराम करेंगे और फिर से मेहनत करेंगे।

## फ्रांस पर रोमांचक जीत के साथ सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के रोमांच और उत्साह से भरे क्वार्टरफाइनल में शनिवार को फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में 7-6 (फुल टाइम 0-0) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सनकोर्प स्टेडियम पर खेले गये सांस रोक देने वाले मुकाबले में मेज़बान ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा, हालांकि कई मौके बनाने के बाद भी कोई टीम गोल नहीं कर सकी। मैच के अतिरिक्त 30 मिनटों में भी गोल न होने के बाद विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। इस अविस्मरणीय शूटआउट में दोनों टीमों के 10-10 खिलाड़ियों ने प्रयास किया। कई गोलों, बचावों और वीएआर रिव्यू लिये जाने के बाद फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया 6-6 की बराबरी पर थे। फ्रांस की 10वीं पेनल्टी लेते हुए विकी बेको गोल नहीं कर सकीं, जबकि ऑस्ट्रेलिया की ओर से कोर्टनी वाइन ने निर्णायक गोल जमाकर मेज़बान टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया के कोच टोनी गुस्तावसन ने इस जीत के बाद कहा, मुझे गर्व है। इस टीम ने जो बहादुरी दिखाई वह अविश्वसनीय है। दर्शकों को मैं सिर्फ शुक्रिया कह सकता हूं। इस टीम का समर्थन करने और उन पर विश्वास करने के लिये शुक्रिया। यह टीम इस देश के हर एक व्यक्ति की है। दूसरी ओर, फ्रांस के कोच हर्वे रेनार्ड ने कहा, आपको आज लड़कियों पर गर्व करना होगा। उन्होंने एक असाधारण मैच खेला। यह मैच एक छोर से दूसरे छोर तक गया। यह कहना मुश्किल है कि कौन जीत का अधिक हकदार था। ऑस्ट्रेलिया को बधाई। हमारे सभी स्टाफ को बधाई, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। हमें अपना सिर ऊपर रखना होगा और ओलंपिक खेलों के बारे में सोचना होगा। यह फुटबॉल है, यह नियति है जिसने विजेता चुना है। ऑस्ट्रेलिया को शुभकामनाएं।

# एशियाई खेलों से पहले हॉकी महिला शिविर के लिये चुने गए 34 खिलाड़ी




**बेंगलुरू,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने 13 अगस्त से यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केन्द्र में शुरू होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिये शनिवार को 34 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की। यह शिविर प्रतिष्ठित हांग्झोउ एशियाई खेलों से पहले 18 सितंबर को समाप्त होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत 27 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ करेगी। भारत को कोरिया, मलेशिया, हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ पूल-ए में रखा गया है। इस शिविर के लिये चुने गये खिलाड़ियों में भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल का नाम शामिल नहीं है।

कोर समूह में गोलकीपर सविता, रजनी एतिमारपू, बिच्छू देवी खारीबाम और बंसारी सोलंकी शामिल हैं, जबकि डिफेंडरों की सूची में दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी का नाम है।

शिविर में बुलाए गये मिडफील्डरों में निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरंबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी फाल्के और अजमीना कुजूर शामिल हैं।

मुख्य संभावित समूह में लालरेमसियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो और ब्यूटी डुंगडुंग बतौर फॉरवर्ड शामिल हुई हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच जैनेक शॉपमैन ने कहा, हमने अपनी हालिया प्रतियोगिताओं में दिखाया है कि हम एक टीम के रूप में बढ़ रहे हैं और लगातार सीख रहे हैं। आगामी शिविर हमारे लिये महत्वपूर्ण है क्योंकि हम हांग्झोउ एशियाई खेलों के लिये तैयारी कर रहे हैं। शॉपमैन ने कहा, हम शिविर में उन क्षेत्रों पर काम करेंगे जहां हमें अभी भी सुधार करने की जरूरत है और यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे कि सभी खिलाड़ी उस तरह की हॉकी खेलने में सहज हों जो हम खेलना चाहते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी इस महत्वपूर्ण आयोजन से पहले एक ही सोच रखें।

# मुकेश कुमार की विचार प्रक्रिया और दृष्टिकोण शानदार है : पारस म्हाम्ब्रे



**लॉडरहिल,** 12 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि वह वेस्टइंडीज के मौजूदा दौरे पर तेज गेंदबाज मुकेश कुमार द्वारा दिखाई गई विचार प्रक्रिया और दृष्टिकोण से प्रभावित हैं। म्हाम्ब्रे ने कहा कि उन्होंने खेल के तीनों प्रारूपों में भारत की सेवा करने का संकल्प दिखाया है। घरेलू क्रिकेट में बंगाल के लिए खेलने वाले मुकेश ने पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल में अपना टेस्ट डेब्यू किया। एक हफ्ते बाद, उन्होंने ब्रिजटाउन, बारबाडोस में अपना वनडे डेब्यू किया और पांच दिन पहले, उन्होंने त्रिनिदाद के तारौबा में टी20 प्रारूप में डेब्यू किया। वेस्टइंडीज दौरे पर मुकेश ने अब तक आठ विकेट चटकाए हैं।

म्हाम्ब्रे ने कहा, मैं उसकी (मुकेश की) प्रगति से बेहद खुश हूं। बहुत से लोगों को एक दौरे पर तीनों प्रारूप खेलने का मौका नहीं मिलता है। शायद वह दूसरा है और ऐसा करना शानदार है। उनकी विचार प्रक्रिया और दृष्टिकोण शानदार है। वह ऐसा व्यक्ति है जो यहां आया है, कठिन विरोधियों और विकेटों के खिलाफ खेला है। उन्होंने जो किरदार दिखाया है उससे मैं खुश हूं। हमें उसके कार्यभार के प्रति होशियार रहना होगा। वह एक युवा है, उसने काफी घरेलू क्रिकेट खेला है और वहां से उसे गुणवत्तापूर्ण कौशल मिला है।

उन्होंने आगे खुलासा किया कि युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल और तिलक वर्मा जल्द ही गेंद से कमाल दिखाएंगे। जब आपके पास कोई ऐसा व्यक्ति हो जो योगदान दे सके, तो यह अच्छा है। मैंने तिलक और यशस्वी को अंडर-19 दिनों से गेंदबाजी करते देखा है। वे अच्छे गेंदबाज बनने में सक्षम हैं। वे इस स्तर पर इस पर काम कर सकते हैं।

जब आपको इस तरह के विकल्प मिलते हैं, तो उन्हें रखना अच्छा लगता है। हम उन्हें जल्द ही गेंदबाजी करते हुए देखेंगे, उम्मीद है कि हम इस पर काम कर रहे हैं। इसमें समय लगेगा। जल्द ही, हम उन्हें कम से कम एक ओवर गेंदबाजी करते हुए देखेंगे। मौजूदा टी20 श्रृंखला में भारत 2-0 से पिछड़ रहा था, लेकिन तीसरे टी20 में उसने वापसी की और श्रृंखला का स्कोर 2-1 कर दिया क्योंकि सीरीज अब संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थानांतरित हो गई।

जिस तरह से हम वापस आए हैं उससे मैं बेहद खुश हूं। पहले दो मैचों में भी हम ज्यादा पीछे नहीं थे। हम अवसरों का लाभ नहीं उठा सके। म्हाम्ब्रे ने कहा, अगर हमने ऐसा किया होता, तो परिणाम अलग हो सकते थे। जिस तरह से हमने तीसरा टी20 खेला, हमने सभी विभागों के सभी बॉक्सों पर सही का निशान लगाया। हम केवल वहां से ऊपर जा रहे हैं।

उन्हें फ्लोरिडा के लॉडरहिल में सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम में सप्ताहांत में चौथे और पांचवें टी20 में अच्छी बल्लेबाजी पिचों की भी उम्मीद है। यह अलग है, खासकर जब काली मिट्टी की बात आती है, जिस तरह की मिट्टी हमें उत्तर भारत में मिलती है। यह एक अच्छा विकेट है, इस पर बल्लेबाजी करना अच्छा रहेगा, गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आएगी। हमने नेट्स में यही देखा। स्ट्रोक बनाना आसान है, यह एक उच्च स्कोरिंग मैच हो सकता है।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला, यह प्रारूप ऐसा है कि बल्लेबाज आपके पीछे आएंगे, खासकर इस तरह के विकेट पर। अनुशासन रखना जरूरी है. योजनाओं पर निर्णय लेना महत्वपूर्ण है, कार्यान्वयन वास्तव में महत्वपूर्ण हो जाता है। यदि आप इस पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप खुद को सफल होने का सबसे अच्छा मौका दे रहे हैं।

# भारत की सेमीफाइनल में जापान पर दमदार जीत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै, 12 अगस्त (देशबन्धु)। स्ट्राइकर मनदीप सिंह, आकाशदीप, गुरजंट सिंह और सेल्वम कार्ति ने बीच मैदान से उपकप्तान हार्दिक सहित %स्ट्रक्चर' से खेलने वाली भारतीय टीम ने धीरे-धीरे -धीरेजापान के खिलाफ पकड़ बनाने का पलट कर नहीं देखा। मध्य पंक्ति में हवा में सेंटर हाफ मनप्रीत और कप्तान हरमनप्रीत सिंह लंबे स्कूप का इस्तेमाल गेंद को डी में पहुंचाने में किया। आकाशदीप सिंह, कप्तान हरमनप्रीत सिंह, मनदीप सिंह , सुमित, सेल्वम कार्ति कें एक -एक गोल से तीन बार के चैंपियन भारत ने पिछले उपविजेता जापान पर पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के शुक्रवार को यहां मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में दूसरे सेमीफाइनल में 5-0 से दमदार जीत दर्ज की। जापान ने भारत को राउंड रॉबिन लीग मैच में एक -एक की बराबरी पर रोक दिया था। भारत के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर को छोड़ ही दे जापान की टीम के गोल पर एक भी दमदार हमला नहीं बोल पाई। भारत का फाइनल में मुकाबला शनिवार को यहां मेयर राधाकृष्ण स्टेडियम में मलयेशिया से होगा। भारतीय टीम ने सबसे उम्रदराज गोलरक्षक पीआर श्रीजेश को उनके 300 वें अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैच में जीत का तोहफा दिया।

मलयेशिया ने पहले सेमीफाइनल में पिछले विजेता दक्षिण कोरिया को 6-2 से करारी शिकस्त दी।वहीं पाकिस्तान ले चीन को 6-1 से हरा पांचवां स्थान पाया।

भारत की जापान पर शुक्रवार को सेमीफाइनल जीत में सबसे खास बात यह रही उसकी जीत की सूत्रधार उसके आकाशदीप ,मनदीप और गुरजंट स्ट्राइकर रहे ही कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मनप्रीत सिंह ने लंबे स्कूप से गेंद डी में पहुंचा कर जापान के गोल पर बराबर दबाव बनाए रखा। भारत की शुक्रवार को जीत में उसके स्ट्राइकर ने पांच में से चार गोल किए जबकि भारत के तुरुप के ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो में से एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। मनदीप सिंह, आकाशदीप, गुरजंट सिंह और सेल्वम कार्ति ने मध्य पंक्ति में हवा में लंबे स्कूप पर सेंटर हाफ मनप्रीत और कप्तान हरमनप्रीत सिंह से मिली गेंद को डी में संभाल तेज शॉट जमाए लेकिन भारत इसके बावजूद पहले क्वॉर्टर गोल करने में कामयाब नहीं हो सका। भारत को दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर जरूर मिला लेकिन इस पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के ड्रैग फ्लिक को जापान के रशर राइकी फुजीमिश ने आगे बढ़ रोक कर अपनी टीम पर आया खतरा टाल दिया।




■ स्ट्रक्चर से खेली भारतीय टीम की जीत के नायक रहे स्ट्राइकर

■ भारत की जीत में आकाशदीप, मनदीप ,सुमित, कार्ति व हरमनप्रीत का एक-एक गोल

■ भारत फाइनल में मलयेशिया से भिड़ेगा

उपकप्तान हार्दिक सिंह दाएं से गेंद को लेकर डी में घुसे तेज फ्लिक किया जिसे जापान के गोलरक्षक तकाशी योशीकावा ने पैड से रोकना चाहा लेकिन वहीं खड़े आकाशदीप सिंह ने बहुत ही धैर्य और चतुराई से गेंद गोलरक्षक के उपर से गेंद गोल में डाल भारत को मैच के 19 वें मिनट में 1-0 से आगे कर दिया। बाएं से बढ़ते गुरजंट को गलत ढंग से रोके जाने पर मिले दूसरे पेनल्टी पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने डिफेंडर के बाएं से तेज फ्लिक से गोल कर भारत की बढ़त 23 वें मिनट में 2-0 कर दी। मनप्रीत सिंह बीच मैदान से अकेले ही गेंद को लेकर डी की ओर बढ़े और पूरी जापानी रक्षापंक्ति को छकाने के बाद तेज वॉली जमाई तो गोलरक्षक ने गेंद को रोकने की कोशिश की लेकिन वहीं खड़े मनदीप सिंह ने बस अपनी हॉकी लगा गोल कर भारत को हाफ टाइम तक 3-0 से आगे कर दिया। हरमनप्रीत सिंह के लंबे पास पर गेंद को मनप्रीत सिंह ने संभाला तेजी से दाएं से डी में बढ़ते सुमित को दिया और उन्होंने तेज वॉली जमा गोल कर भारत की बढ़त तीसरे क्वॉर्टर के चौथे मिनट में गोल कर 4-0 कर दी। हरमनप्रीत के लंबे स्कूप में डी में सुखजीत ने रोका और हल्के से सेल्वम कार्ति की ओर सरकाया और उन्होंने तेज वॉली जमा गोल कर भारत को चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के चौथे मिनट में 5-0 से आगे कर उसकी जीत निश्चित दी।

मलयेशिया बड़ी जीत से फाइनल में- नजमी जजलान के पेनल्टी कॉर्नर पर और शैलो सिल्वारियूज के आखिरी क्वॉर्टर के शुरू में दागे बेहतरीन दो-दो गोल, फैजल सारी व अबू कमल अजराई के एक -एक गोल से मलयेशिया ने पिछले संस्करण के चैंपियन दक्षिण कोरिया को पिछड़ने के बाद पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के शुक्रवार को यहां मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में खेले पहले सेमीफाइनल में 6-2 से हरा दिया। दक्षिण कोरिया के लिए वू चियाशन जी और जोंगहयुन जांग ने एक एक गोल किया।

## सार संक्षेप

### बंगलादेश ने एशिया कप के लिए तंजीद, शमीम को बुलाया

**ढाका।** बंगलादेश ने 30 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप के लिये चुनी गयी 17 सदस्यीय स्क्वाड में वामहस्त बल्लेबाज तंज़ीद हसन तमीम और शमीम हुसैन को शामिल किया है। शमीम जहां बंगलादेश के लिये 17 टी20 मुकाबले खेल चुके हैं, वहीं तंज़ीद को पहली बार स्क्वाड में तलब किया गया है। कमर की चोट के कारण एशिया कप से बाहर हुए तमीम इक़बाल की जगह तंज़ीद सलामी बल्लेबाज़ की भूमिका निभा सकते हैं। इस बीच, मार्च 2021 से वनडे टीम से बाहर रहे ऑलराउंडर मेहदी हसन की टीम में वापसी हुई है। अनुभवी बल्लेबाज महमूदुल्लाह फिटनेस कैंप में बुलाये जाने के बावजूद टीम से बाहर हैं। अफगानिस्तान वनडे सीरीज में टीम का हिस्सा रहे तैजुल इस्लाम और रॉनी तालुकदार एशिया कप स्क्वाड में जगह नहीं बना सके, हालांकि तैजुल को सैफ हसन और तंजीम हसन साकिब के साथ अतिरिक्त खिलाड़ियों की सूची में नामित किया गया है। एशिया कप की शुरुआत 30 अगस्त को पाकिस्तान और नेपाल के बीच होने वाले ग्रुप-ए मुकाबले से होगी। ग्रुप बी में शामिल बंगलादेश अपना पहला मैच 31 अगस्त को कैंडी में सह-मेजबान श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा, जबकि तीन सितंबर को पाकिस्तान के लाहौर में अफगानिस्तान से भिड़ेगा। **बंगलादेश टीम** : शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, तंज़ीद हसन तमीम, नजमुल हुसैन शान्तो, तौहीद हृदोय, मुशिफकुर रहीम, मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद, शेख महेदी, नसुम अहमद, शमीम हुसैन, अफीफ हुसैन, शोरफुल इस्लाम, इबादत हुसैन, नईम शेख। **अतिरिक्त खिलाड़ी** : तैजुल इस्लाम, सैफ हसन, तंजीम हसन साकिब।


### नंबर 1 स्थान खतरे में होने के कारण, अल्काराज ने सिनसिनाटी पर ध्यान केंद्रित किया

**टोरंटो (कनाडा)।** कार्लोस अल्काराज के पास शुक्रवार रात सिनसिनाटी ओपन क्वार्टर फाइनल में टॉमी पॉल से मिली अप्रत्याशित हार पर ध्यान देने के लिए बहुत कम समय बचा है और वह तुरंत सिनसिनाटी मास्टर्स पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जहां उनकी नंबर 1 एटीपी रैंकिंग खतरे में है। नोवाक जोकोविच 2021 के बाद पहली बार अमेरिकी धरती पर लौटे हैं और एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में बचाव के लिए कोई अंक नहीं होने के कारण सर्बियाई खिलाड़ी के पास अपने पूरे करियर में 389 सप्ताह तक अपने पास मौजूद पद को फिर से हासिल करने का अवसर है। और लिंडनर फ़ैमिली टेनिस सेंटर में अल्काराज के लिए आसान ड्रॉ नहीं है। उन्हें दो सप्ताह में दूसरी बार, इस बार तीसरे दौर में, पॉल से भिड़ने की वरीयता दी गई है।

# हॉकी में गोलरक्षक पुरानी शराब की तरह, जितना पुराना, उतना बेहतर : पीआर श्रीजेश

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**चेन्नै,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। मस्तमौला, मुस्तैद, धुरंधर गोलरक्षक पीआर श्रीजेश भारतीय हॉकी टीम की 'मजबूत दीवार' हैं। अपने जोश और मुस्तैदी से वह खासतौर पर कई बड़े टूर्नामेंट में बेहतरीन बचाव कर भारत की जीत के हीरो रह चुके हैं। खुद बेहतरीन प्रदर्शन करने के साथ वह टीम के साथियों को भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को प्रेरित करते हैं। वह भारत के लिए लगातार तीनओलंपिक, लगातार चार विश्व कप, लगातार दो एशियाई खेल और तीन राष्ट्रमंडल खेल चुके हैं। श्रीजेश 2021 और 2022 में लगातार दो बार एफआईएच गोलकीपर ऑफ द' ईयर तथा 2021 में वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द' ईयर और देश के सर्वश्रेष्ठ खेल पुरस्कार मेजर ध्यानचंद अवॉर्ड से नवाजे जा चुके हैं। श्रीजेश ने भारत को दो बार चैंपियंस ट्रॉफी में रजत पदक, 2014 में एशियाई खेलों में स्वर्ण और 2020 के तोक्यो ओलंपिक में 41 बरस के बाद ऐतिहासिक रजत पदक जिताने में अहम भूमिका निभाई। वह भारत की 2011, 2016 , 2018 में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण और 2012 में रजत पदक जीतने वाली टीम के अहम सदस्य रहे। श्रीजेश ने भारत के लिए जापान के खिलाफ मौजूदा एशियन चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल के रूप में अपना 300 अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैच खेलने की अनूठी उपलब्धि हासिल करने के साथ उसे जापान के खिलाफ जीत दिला फइनल में स्थान दिला रिकॉर्ड चौथी बार खिताब जीतने के मुहाने पहुंचा दिया। श्रीजेश को भारत के लिए 300 वां अंतर्राष्ट्रीय खेलने पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने बधाई देते हुए कहा कि यह किसी भी हॉकी खिलाड़ी के लिए खास उपलब्धि है।




भारत के लिए 300 वां अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैच खेलने पर हॉकी इंडिया ने श्रीजेश भारतीय सीनियर हॉकी टीम के लिए पहली बार 2006 के दक्षिण एशियाई खेलों में खेले लेकिन 2010 में दिल्ली में हुए हॉकी विश्व कप से भारतीय हॉकी टीम के सबसे अहम सदस्य है। भारत के लिए डेढ़ दशक से ज्यादा लंबे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी करियर में उतार-चढ़ाव को श्रीजेश को और मजबूत बनाया। श्रीजेश ने जापान के खिलाफ एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी सेमीफाइनल के रूप में भारत के लिए अपना 300 वां अंतराष्ट्रीय मैच खेलने पर अपने डेढ़ दशक से ज्यादा लंबे करियर की बाबत इस संवाददाता के सवालों के जवाब में अतीत के पन्नों को भी पलटा। 35 बरस के श्रीजेश ने कहा, % मैं भारत के लिए अपना 300 वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल उतर कर उसे जापान के खिलाफ जीत दिला फाइनल में पहुंचा कर बहुत खुश हूं। मैं भारतीय हॉकी टीम के लिए अपनी डेढ़ दशक लंबी अंतर्राष्ट्रीय यात्रा में टीम और हॉकी इंडियां, हरेक के सहयोग का आभारी हूं। मैं भारत के लिए अपना 300 वां अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैच खेलने की बाबत यही कहूंगा कि हॉकी में गोलरक्षक पुरानी शराब की तरह हैजितना पुराना यानी ज्यादा अनुभवी उतना बेहतर होता जाएगा। हमारे पास हमारी भारतीय टीम के पास कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा के रूप में गोलरक्षक के लिए रूप में पर्याप्त विकल्प हैं। भारत के पास हॉकी गोलरक्षकों का बड़ा और मजबूत पूल है। मैंने भारतीय हॉकी के इस बदलते दौर में हम गोलरक्षक आपस में एक दूसरे को ही टक्कर दे रहे है। इससे हमारा खेल बेहतर हो रहा है। इससे हम गोलरक्षक के बीच आपस में अच्छी स्वस्थ प्रतिद्वंद्विता है। भारत की गोलकीपिंगअच्छे हाथों में।

वह बताते हैं, मैं पलट कर अपने हॉकी सफर की यात्रा पर नजर डालता हूं तो पाता हूं कि बहुत कुछ बदल गया है। हाकी में रोलिंग सब्सिटयूशन के कारण आज मैच में दोनों गोलरक्षक को खेलने मौका मिल जाता है। जब मैंने भारतीय हॉकी टीम के लिए खेलना शुरू किया तो एक ही गोलरक्षक पूरे मैच में खेलता था। मुझे ज्यादातर मैच के लिए मैदान पर उतरने की बजाय बाहर बेंच ही ज्यादा बैठना पड़ता था। टीम में गोलरक्षक को छोड़ बाकी सभी खिलाडियों को ज्यादा मौका मिलता था, इस कारण मुझे भारत के लिए 300 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने में कहीं ज्यादा वक्त लग गया।

■ रोलिंग सब्सिटयूशन के कारण आज मैच में दोनों गोलरक्षक को मौका मिल जाता है

■ हमारी टीम पाठक व सूरज करकेरा के रूप में गोलरक्षकों में पर्याप्त विकल्प